निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स


पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर से मुंबई में मुलाकात की

• बोकारो, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 144 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## दो बाइकों के बीच टक्कर में गई तीन लोगों की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में तीन युवकों की मौके पर ही जान चली गई है। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मिजान अंसारी टाइफाइड का इलाज कराकर रांची से अपने दोस्त के साथ लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान कुंदो मैदान के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक पर सवार पांचों लोग सड़क पर गिर गए, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। यह घटना लोहरदगा-बेड़ो नेशनल हाईवे संख्या 143 एजी में हुई है। मृतक की पहचान लोहरदगा राहत नगर निवासी कलाम अंसारी के पुत्र मिजान अंसारी (28 वर्ष), भंडरा थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी फगुआ उरांव के पुत्र प्रकाश उरांव (25 वर्ष) व स्वर्गीय लालू उरांव के पुत्र मुकेश उरांव (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में लोहरदगा जोरी निवासी अबुल अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी (25 वर्ष) और भंडरा थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी फ़तलू उरांव का पुत्र गोविंदा उरांव शामिल हैं।

### रांची में जेसोवा दिवाली मेला का आगाज, कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

## समाज सेवा ही जेसोवा की पहचान : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) दिवाली मेला-2025 का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जेसोवा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। समाज सेवा ही जेसोवा की पहचान है। पांच दिवसीय इस मेले में मुख्यमंत्री अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) शुरुआती दौर से ही जनहित के कार्यों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह संस्था एक लंबी यात्रा तय करते हुए रजत जयंती मना रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस संस्था के द्वारा रांची के इस ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बड़े उत्साह और उमंग के साथ 5 दिवसीय दिवाली मेला-2025 का भव्य आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा मेला के आयोजन



का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस मेले से होने वाली पूरी आमदनी गरीब, जरूरतमंदों के कल्याण के लिए और अन्य सामाजिक उत्थान की गतिविधियों में लगायी जाये। यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। आज भी यहां जेसोवा द्वारा बेहतर सामाजिक कार्य करने वाले लोगों के बीच सम्मान राशि का वितरण तथा पुस्तकालय का उद्घाटन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई संस्थाओं की ओर से फेस्टिव सीजन में अलग-अलग मेले आयोजित किये जाते हैं। सभी संस्थाओं का मेला आयोजित करने का अपना-अपना उद्देश्य होता है लेकिन जेसोवा शुरुआती दिनों से ही गरीब और जरूरतमंदों के हित के लिए कार्य करती आ रही है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा को झारखंड आईएएस ऑफिसर्स की अर्धांगिनियों द्वारा संचालित किया जाता है। आप सभी इस संस्थान के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रहीं हैं। आप सभी की मेहनत और सेवा का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचता रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मेले का परिभ्रमण किया। विधायक कल्पना सोरेन ने जेसोवा के सभी सदस्यों को दिवाली मेले की सफलता की शुभकामनाएं दी। मौके पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभिन्न विभागों के सचिव, वरीय अधिकारियों सहित झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रीति कुमार, उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, सचिव मनु झा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

#### लाखो देवी हत्या मामले का खुलासा

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में 30 सितंबर की रात हुई लाखो देवी (35) हत्याकांड का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। शादीशुदा महिला की हत्या उसके ही प्रेमी ने की थी। लाखो देवी ने प्रेमी का नंबर ब्लॉक कर दिया था। इस बात के विवाद में आरोपी संदीप कुमार (26) ने उसकी हत्या की थी। लेस्लीगंज थाना थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि आरोपी को रांची रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है।

#### जेठ ने कुल्हाड़ी से वार कर ले ली भवह की जान

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तेलाड़ी गांव में देवरानी-जेठानी के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। इस दौरान जेठ ने अपनी भवह (छोटे भाई की पत्नी) की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। आरोपी फिलहाल फरार है। यह घटना तब हुई जब अखिलेश राम की पत्नी सीमा देवी अपनी जेठानी के साथ किसी बात को लेकर बहस कर रही थी। पास में बैठे उसके जेठ जनेश्वर राम अचानक आक्रोशित हो उठे। उन्होंने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और सीमा देवी की गर्दन पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से सीमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

#### जंगली हाथियों के हमले में एक की मौत, दो जख्मी

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में जंगली हाथियों के झुंड ने एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला। इस दौरान हाथियों के हमले से दो ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना रंका थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव की है। दरअसल, रंका वन क्षेत्र के विश्रामपुर गांव में रहने वाले तीन ग्रामीण किसी काम से जंगली क्षेत्र गए हुए थे। जब तीनों देर रात घर की ओर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में तीनों ग्रामीणों का जंगली हाथियों के झुंड से सामना हो गया। इस बीच दो ग्रामीण जान बचाने में सफल रहे जबकि एक ग्रामीण मखड़ू उरांव को हाथियों के झुंड ने घेरकर अपने पैरों तले कुचलकर मौत के घाट उतार दिया।

#### आदिवासी समाज ने निकाली आक्रोश रैली

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** आदिवासी समाज ने कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग के विरोध में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली। विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग एकत्रित होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। रैली के माध्यम से आदिवासी समाज ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि उनकी संस्कृति, पहचान और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। आदिवासी नेताओं ने कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने की मांग को 'सोची-समझी साजिश' और 'आदिवासी अधिकारों पर सीधा हमला' करार दिया।

## लोहरदगा में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना की सूचना मिलते ही किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि घटना के पीछे की क्या वजह है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई



है। घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग हत्या के पीछे डायन-बिसाही और अंधविश्वास का कारण बता रहे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बताया जाता है कि घटना के समय घर में कुल चार सदस्य मौजूद थे जिसमें से तीन की हत्या कर दी गई है। जबकि एक महिला जिस कमरे में थी उस कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। पुलिस तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतकों में जिले के पेशरार थाना अंतर्गत केकरांग निवासी 47 वर्षीय लक्ष्मण नगेसिया, उसकी पत्नी 45 वर्षीय बिफनी नगेसिया और 9 वर्षीय पुत्र रामविलास नगेसिया शामिल हैं। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने इस घटना की पुष्टि की है। हालांकि डायन-बिसाही मामले की पुष्टि नहीं की गई है।

## डेंटल क्लिनिक में इलाज के दौरान वृद्ध महिला की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के गुदरी बाजार स्थित एक डेंटल क्लिनिक में इलाज के दौरान एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने क्लिनिक संचालक डॉ. ज्या पर इलाज में घोर लापरवाही और गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र की है। लोवागड़ा गांव निवासी गोमती देवी को दांत दर्द के इलाज के लिए क्लिनिक लाया गया था। उनके पुत्र पंकज मिश्रा के अनुसार जांच के बाद डॉक्टर ने महिला को इंजेक्शन दिया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन देते समय नीडल टूट गई, जो अभी भी महिला के शरीर में मौजूद है। इंजेक्शन के बाद परिजन गोमती देवी को घर ले गए लेकिन देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इस गंभीर मामले पर नाराजगी व्यक्त की और इसकी उच्च स्तरीय जांच के साथ दोषी चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक श्री पासवान ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ घोषणाओं और बयानबाजी पर टिकी है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। इस पूरे मामले में डॉक्टर जया ने खुद को निर्दोष बताते हुए सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि महिला जब क्लिनिक में आई थी तब वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थीं। उन्होंने इंजेक्शन देने की बात से पूरी तरह इनकार किया और कहा कि उन्होंने केवल दवा लिखकर महिला को तीन दिन बाद आने की सलाह दी थी।

## बालू और लघु खनिज के अलॉटमेंट पर लगी रोक जारी रहेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में पेसा ('द पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल्ड एरिया') नियमावली लागू होने तक लघु खनिज और बालू के अलॉटमेंट पर लगी रोक जारी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की पीठ ने आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से दायर अवमानना याचिका पर 9 सितंबर 2025 के आदेश को जारी रखा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार के पक्ष को मानने से इनकार कर दिया। सुनवाई की अगली तारीख 30 अक्टूबर को तय की गई है। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक विक्टर मालतो ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि नियमावली की प्रक्रिया चल रही है। विधि विभाग से राय ली जा रही है। निर्णय होने तक लघु खनिज और बालू के अलॉटमेंट पर लगी रोक को स्थगित कर दिया जाए। लेकिन कोर्ट ने आग्रह मानने से इनकार कर दिया। मंच की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक राय, ज्ञानंत सिंह और वरिष्ठ वकील अजीत कुमार ने पक्ष रखा। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने 9 सितंबर को अपने आदेश में कहा था कि विस्तृत तर्क सुनने और सरकार की ओर से 4 सितंबर 2025 को कारण बताओ हलफनामे के अवलोकन के बाद कोर्ट का विचार है कि निर्णय का शीघ्रता से पालन होना जरुरी है। क्योंकि पहले ही 13 माह से अधिक का समय दिया जा चुका है। साथ ही कोर्ट ने अंतिम अवसर के रुप में दो सप्ताह के भीतर मामले को कैबिनेट के समक्ष रखने को कहा है ताकि संबंधित निर्णय का अक्षरशः पालन सुनिश्चित हो सके। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

## एफसीआई रेलवे यार्ड में अंधाधुंध गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित एफसीआई रेलवे यार्ड लोडिंग पॉइंट पर अंधाधुंध गोलीबारी हुई। इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी है। गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायल व्यक्ति की पहचान ट्रक ड्राइवर श्रवण यादव के रूप में हुई है। ट्रक एसोसिएशन और अन्य लोगों ने तीन लोगों को मौके पर पकड़ा है। पकड़े जाने पर भीड़ ने उनकी पिटाई कर दी। बाद में पुलिस उन्हें भीड़ से छुड़ाकर अपने साथ ले गई। हालांकि, पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, एफसीआई गोदाम ठेकेदार संजय सिंह और कुणाल सिंह पर गोलीबारी कराने का आरोप है। अपराधी एक स्कॉर्पियो में सवार होकर आए थे। ट्रक चालक और कर्मचारियों ने काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी को



क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल बरामद की और स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया। दरअसल, एफसीआई के ट्रक चालक आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार किराया वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। इस दौरान एक स्कॉर्पियो सवार लोग मौके पर पहुंचे और हड़ताल कर रहे लोगों को धमकाने लगे, फिर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी की घटना में ड्राइवर श्रवण यादव को गोली लगी है और उसका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। मौके पर मौजूद इंद्रदेव यादव ने बताया कि 20 से 25 लोग हर्वे हथियारों के साथ पहुंचे और लोगों को धमकाने लगे। एफसीआई के ट्रक चालक किराया बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। तीन लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ठेकेदार संजय सिंह और कुणाल सिंह पर गोलीबारी का आरोप है। माल लाद रहे डब्लू यादव ने बताया कि ट्रक चालक किराया बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। 20 से 25 लोग स्कॉर्पियो से आए और चालकों को धमकाने लगे। इस दौरान सात से आठ राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक चालक श्रवण यादव को गोली लग गई। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई है। गोली चलाने वाले को पकड़ लिया गया है। उसे इलाज के लिए भेजा गया है। एक व्यक्ति को गोली लगी है और उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पिस्तौल, दो मैगजीन और गोलियां भी बरामद की गई हैं। जिस स्कॉर्पियो में वे आए थे, उसे भी जब्त कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एनटीपीसी में कार्यकुशलता, सुरक्षा व उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखें : रवीन्द्र

### एनटीपीसी के निदेशक (ऑपरेशन) रवीन्द्र कुमार ने किया नॉर्थ करणपुरा का दौरा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी ने 8 अक्टूबर 2025 को एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ऑपरेशन) रवीन्द्र कुमार ने बुधवार को नॉर्थ करणपुरा का दौरा किया। इस क्रम परियोजना प्रमुख आलोक कुमार त्रिपाठी, सभी महाप्रबंधक और परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने औपचारिक रूप से उनका जोरदार स्वागत किया। दौरे की शुरुआत विभिन्न परियोजना स्थलों के भ्रमण से हुई, जिसमें ऐश डाइक 1 एवं 2, टीडीएचसी, इंटीग्रेटेड कोल ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन, कोल पाइप कन्वेयर और यूनिट कंट्रोल रूम शामिल थे। भ्रमण के दौरान श्री कुमार ने कर्मचारियों से बातचीत कर उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें संचालन में उच्च स्तर की दक्षता, सुरक्षा और उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के पश्चात उन्होंने प्रशासनिक भवन (उदगम) परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। इसके बाद उन्होंने संचालन, परियोजना, टीएस और सेवा विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें कार्यकुशलता, सुरक्षा और उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने पर बल दिया गया। शाम के समय श्री कुमार ने एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन और युवा अधिकारियों से संवाद किया एवं उनके योगदान की सराहना की और नवाचार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K

# चौपारण में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई अवैध शराब माफिया पर कसा शिकंजा

## 22,500 किलो जावा महुआ व 1,370 लीटर शराब नष्ट, भगहर समेत कई गांवों में संयुक्त छापेमारी

नवीन / धीरज



**चौपारण (हजारीबाग)।** जिले के चौपारण प्रखंड में अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग हजारीबाग और बिहार मद्य निषेध विभाग गया की संयुक्त टीम ने सीमावर्ती इलाकों— भण्डार, परसातरी, भगहर झरना, चोढ़ी और अम्बातारी गांवों में छापेमारी की।

यह अभियान बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चलाया गया ताकि सीमा से सटे इलाकों में अवैध शराब की सप्लाई और कारोबार पर रोक लगाई जा सके।

अभियान के दौरान टीम ने 22,500 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण व अन्य सामग्री को नष्ट किया। साथ ही 1,370 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब और 40 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की गई।

छापेमारी के दौरान कई अवैध भट्ठियों को तोड़ा गया, और मौके पर मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसी गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि प्रशासन की सख्त नीति के तहत इस क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा, 'भगहर और आसपास के इलाके लंबे समय से अवैध जावा शराब निर्माण और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के गढ़ बने हुए हैं। अब ऐसे अड्डों पर पूरी सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।'

टीम ने बताया कि सभी अभियुक्तों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सैयद बशीरुद्दीन, गया मद्य निषेध विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अभय कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह और सशस्त्र गृहरक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों से यह इलाका शराब तस्करी का अड्डा बन गया था। प्रशासन की पहल से अब क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति बहाली की उम्मीद जगी है।

## मुंबई में झारखंड के प्रवासी मजदूर ने की आत्महत्या, झारखंड एकता संघ कर रहा है मदद

**बरकट्ठा हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरकट्ठा प्रखंड के बरकनगंगो निवासी मनोज पासवान, पिता श्रीधरन पासवान, जो लंबे समय से मुंबई के चेंबूर क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रह रहे थे, ने निजी कारणों और आर्थिक तंगी के चलते 07 अक्टूबर 2025 को अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद उनका पार्थिव शरीर फिलहाल राजा हॉस्पिटल, घाटकोपर (मुंबई) में रखा गया है। मृतक के परिजन बेहद शोकाकुल हैं और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पार्थिव शरीर को झारखंड लाने में असमर्थ हैं। इस परिस्थिति में झारखंड एकता संघ आगे आया है और मनोज पासवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बरकनगंगो, बरकट्ठा (हजारीबाग) भेजने की व्यवस्था कर रहा है। संघ के सदस्यों ने सभी झारखंडी भाई-बंधुओं से मानवीय दृष्टिकोण से सहयोग की अपील की है, ताकि दिवंगत आत्मा को उनके जन्मभूमि पर अंतिम विदाई दी जा सके।

## सुधर जाए बिजली विभाग अन्यथा जनता देगी सुधार : भाकपा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने आज विद्युत अधीक्षक अभियंता से मुलाकात कि। मुलाकात के क्रम में सदर प्रखंड के ग्राम कुसुमटाड़ के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

श्री तिवारी ने अधीक्षक अभियंता से कहा कि ग्राम कुसुम टाड़ के सैकड़ो ग्रामीण आज 20 दिन से अंधेरा में रह रहे हैं वहां ट्रांसफार्मर खराब हो गया है लेकिन बिजली विभाग के अभियंता एवं अधीक्षक अपने एसी के कमरे में सोए हुए है। मुलाकात के क्रम में श्री तिवारी ने कहा कि अगर एक दिन के अंदर ग्राम कुसुम टाड़ में ट्रांसफार्मर नहीं लगा तो सैकड़ो लोगों के साथ बिजली विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन कर तालाबंदी किया जाएगा। आए दिन बिजली विभाग के पदाधिकारी ग्रामीण जनता पर फाइन लगाकर एवं झूठा मुकदमा कर उनका शोषण कर रहे हैं लेकिन नियमित बिजली आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के बाद उनको नहीं देखते हैं।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिजली विभाग की मनमानी नहीं चलने देगी। विद्युत अधीक्षक अभियंता को सैकड़ो ग्रामीण के हस्ताक्षर का एक आवेदन भी दिया गया।आवेदन देने में ग्राम कुसुमटाड की वार्ड सदस्य सुमन देवी, मोहन सिंह, रीता देवी अनीता देवी अजय सिंह मालती देवी बीरबल सिंह रिंकी देवी दीपक प्रजापति अनिल प्रजापति सहित सैकड़ो लोग थे।

# एनएचएआई एवं एनटीपीसी से संबंधित भू-अर्जन मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में एनएचएआई एवं एनटीपीसी से संबंधित भू-अर्जन मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एनएच एवं एनटीपीसी के कोल माइनिंग परियोजनाओं से जुड़े स्टेटमेंट-6, म्यूटेशन की प्रगति, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन, पैक्स केन्द्र एवं विद्यालयों के स्थानांतरण, मेजरमेंट, एफ.आर.ए., लीज बंदोबस्ती, भारत माला परियोजना, कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर, पी.एच.सी. स्थानांतरण समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों की प्रगति में तीव्रता लाएं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करें। विद्यालयों एवं अन्य भवनों के शिफ्टिंग हेतु भूमि चयन सुनिश्चित करने एवं उससे संबंधित समस्याओं का समाधान युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया गया। संबंधित अंचलाधिकारियों को सभी मामलों पर वर्कआउट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने एनएचएआई के पदाधिकारियों को स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान करने तथा अपने स्तर से की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। चौपारण एवं बरही फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं निर्माण अवधि का पूर्ण शेड्यूल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। फ्लाईओवर एवं एनएच मार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी एनएचएआई एवं संबंधित पदाधिकारियों को दी गई। एनटीपीसी के अंतर्गत हाउस मेजरमेंट में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एसडीओ स्तर से बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय निर्माण हेतु चयनित भूमि परिसर में आंगनबाड़ी केन्द्र, चारदीवारी एवं अन्य सरकारी संस्थागत संरचनाएं भी सम्मिलित की जाएं।

## गौ तस्कर सिंडिकेट का हुआ उद्भेदन, गायों के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चैनपुर के स्थानीय युवाओं ने गौतस्कर सिंडिकेट का उद्भेदन किया। युवाओं ने गौवंशों को बरामद कर चैनपुर थाना को हैंडओवर किया। गौ तस्करी में शामिल एक लड़के को भी पकड़कर थाना को सुपूर्द किया गया।

इसकी जानकारी युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने दिया। उन्होंने बताया कि पूरे सिस्टम के बारे में थाना प्रभारी व सर्किल इंस्पेक्टर को अवगत कराया गया है। उन्होंनेकहा कि चैनपुर के हमारे बब्बर शेर भाईयों ने निडर होकर अपनी बहादुरी दिखाई है। गांव थाना को सुपूर्द करने तक सभी युवा अड़े रहे। कहां की युवाओं के साथ वे हर परिस्थित में खड़े रहेंगे।

# नंबर ब्लॉक करने पर प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या, रांची रेलवे स्टेशन से आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

■ शारीरिक संबंध के बाद सिलबट्टे से सिर कूचकर मारा था, वेंटिलेटर के रास्ते घुसा था घर में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में 30 सितंबर की रात हुई लाखो देवी (35) हत्याकांड का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। शादीशुदा महिला की हत्या उसके ही प्रेमी ने की थी। लाखो देवी ने प्रेमी का नंबर ब्लॉक कर दिया था। इस बात के विवाद में आरोपी संदीप कुमार (26) ने उसकी हत्या की थी। लेस्लीगंज थाना थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि आरोपी को रांची रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या से पूर्व उसने लाखो देवी के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद सिलबट्टे से कूचकर महिला की हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि 1 अक्टूबर को लाखो देवी का शव उसके घर में मिला था। मृतका के पिता अवधेश भईयां ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी संदीप ने पुलिस को बताया कि लाखो देवी से उसका प्रेम संबंध था। दोनों के बीच अवैध संबंध भी थे।

**बेंगलुरु से लौटने पर प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुआ था विवाद**

संदीप कुमार कमाने के लिए बेंगलुरु चला गया, तो लाखो देवी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था। 23 सितंबर को बेंगलुरु से लौटने पर उसे पता चला कि लाखो देवी किसी और व्यक्ति से फोन पर बात करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। 30 सितंबर की रात संदीप वेंटिलेटर के रास्ते लाखो देवी के घर में घुस गया। उसने सहमति से लाखो देवी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद नंबर ब्लॉक करने की बात पर दोनों में विवाद और हाथापाई होने लगी। संदीप ने पहले रोटी बनाने वाले पीढ़ा से लाखो देवी को घायल किया, फिर घर में रखे सिलबट्टे से उसका सिर कूच दिया।

# कोई भी पीवीटीजी सदस्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित : उपायुक्त

## सभी पीवीटीजी परिवार के सदस्यों को योजना से जोड़ने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पलामू जिले के सभी विशिष्ट रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) परिवारों को उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना (UDA) के तहत शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'उदय' एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे पीवीटीजी परिवारों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है। उपायुक्त उन्नति दूरस्त आदिवासी योजना (UDAY) के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय के एनआईसी सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रही थीं।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र पीवीटीजी परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी पीवीटीजी बहुल गांव-टोलों में जाकर गहन सर्वेक्षण करें और वास्तविक लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए उनका आवश्यक दस्तावेज तैयार कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वऊभ योजना के तहत पीवीटीजी समुदाय को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, स्वच्छता, आवास आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कागजात/दस्तावेजों को तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीवीटीजी परिवार के सदस्यों का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं उनका मतदाता पहचान पत्र निर्गत कराने, जॉब कार्ड बनाने, राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में छूटे हुए सदस्यों का नाम जोड़ने, बैंक एकाउंट खुलवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, जाति व आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत कराने, आदिम जनजाति पेंशन योजना, वन पट्टा देने ,आवास योजना आदि पीवीटीजी परिवार को मिलने वाली अन्य योजनाओं का लाभ देने की ठोस पहल करने का सख्त निदेश दिया। उपायुक्त ने उदय योजना को सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों की रीढ़ बताते हुए इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पीवीटीजी परिवार विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने 15 दिनों के अंदर सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण करते हुए 30 अक्टूबर 2025 तक उदय योजना के तहत अच्छादित करने का सख्त निदेश दिया। बैठक के शुरूआत में उपस्थित अधिकारियों ने योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर योजना का लाभ देना सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया।

## पीएम मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 95 गर्भवती महिलाओं की जांच

**बरही हजारीबाग/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल बरही में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा कुमारी ने 95 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की और आवश्यक परामर्श भी दी। उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व जांच से बच्चा की वास्तविकता स्थिति का पता चलता है। जिसके आधार पर आवश्यक परामर्श दिया जाता है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आधारभूत संरचना एवं कोल कंपनियों से संबंधित भू-अर्जन की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय कक्ष में आधारभूत संरचना एवं कोल कंपनियों से संबंधित भू-अर्जन की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित कोल कंपनियों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता, म्यूटेशन, स्टेटमेंट-6, एफआरए एनओसी, आंगनबाड़ी एवं स्कूल शिफ्टिंग, एलपीसी, जीएम आम जीएम खास, जीएम जेजे से संबंधित मामले सहित अन्य लंबित मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन से जुड़े मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा म्यूटेशन और अन्य औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। नई परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु कंपनियों को संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाना होगा। उपायुक्त ने यह भी कहा कि अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधित अधिकारियों और कंपनियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित कोल कंपनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डाक महामेला के प्रचार प्रसार को लेकर प्रचार वाहन रवाना

**बरकट्ठा हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी अक्टूबर को होने वाले डाक महामेला के प्रचार प्रसार को लेकर आज डाक विभाग द्वारा बरकट्ठा उप डाकघर परिसर से डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रचार वाहन को बरकट्ठा उप डाकपाल बाबूलाल सिंह, सहायक डाकपाल हरिकिशन चौधरी, मेल ओवरसीयर रंजन कुमार गुप्ता सहायक डाकपाल श्याम सुन्दर यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार रवाना किया गया। प्रचार वाहन द्वारा पुरे बरकट्ठा प्रखंड का भ्रमण कर डाकघर के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा।

# दारू में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, कई होटलों से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल, मिलावट मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू(हजारीबाग)।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को दारू बाजार में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिंस होटल, सिटी स्वीट्स, साईं फास्ट फूड समेत कई दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्र किए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोहम्मद मंजर हुसैन ने बताया कि सिटी स्वीट्स से पनीर का और प्रिंस होटल से कलाकंद का नमूना लिया गया है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।अगर इनमें मिलावट पाई गई तो संबंधित होटलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रिंस होटल में तेल सही पाया गया, लेकिन कलाकंद का प्रारंभिक परीक्षण (प्राइमली टेस्ट) फेल पाया गया जिसके बाद उसका नमूना संग्रह कर जांच के लिए भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा टीम ने क्षेत्र के कई ठेलों और खोमचे में भी सॉस और चटनी की जांच की। जांच के दौरान हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालकर परीक्षण किया गया, जिसमें पीले रंग (येलो कलर) की मिलावट पाई गई।

मंजर हुसैन ने आम जनता से अपील की है कि वे खाने-पीने की वस्तुएं खरीदते समय यह जरूर पूछें कि उसमें औद्योगिक रंग का उपयोग तो नहीं किया गया है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।इस मौके पर खाद्य सुरक्षा टीम में विकास कुमार, सूरज कुमार, शशि भूषण मुंडा एवं धनेश्वर कुशवाहा शामिल थे।

## रेनबो स्कूल बरही और उदयनत्रा स्कूल की रणनीतिक साझेदारी, बरही में शिक्षा का नया युग शुरू




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** बरही के बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। रेनबो स्कूल बरही और उदयनत्रा स्कूल ने मिलकर एक रणनीतिक साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी आधुनिक और नवाचारी शिक्षा प्रदान करना है जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करे। इस साझेदारी के साथ, रेनबो स्कूल अब फ्यूचर-रेडी एजुकेशन मॉडल के रूप में उभरने जा रहा है।

निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रेनबो स्कूल के विद्यार्थी अब छात्र ए आई ,मशीन लर्निंग, डिजाइन, आईटी और भविष्य की तकनीकों से जुड़ेंगे। खेल, संगीत, नृत्य, पेंटिंग और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा लीडरशिप, टीमवर्क और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित किया जाएगा। किताबों और अंकों से आगे बढ़कर बच्चों की रचनात्मकता और नवाचार पर फोकस किया जाएगा। कहा कि अब बरही के छात्रों को भी वही अवसर मिलेंगे जो बड़े शहरों या अंतरराष्ट्रीय स्कूलों में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि रेनबो स्कूल बरही वर्षो से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है। इस साझेदारी के साथ स्कूल अब फ्यूचर-रेडी एजुकेशन का उदाहरण बनेगा।बनिदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों का भविष्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उदयनत्रा के साथ यह साझेदारी बच्चों को समय के साथ चलने और प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करेगी। मनीष कुमार सोनी सीएमडी, उदयनत्रा स्कूल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा नवाचार और तकनीकी कौशल से सशक्त बने और अपने सपनों को पूरा करे। वहीं रुद्र अंकित वाइस एमडी, उदयनत्रा स्कूल ने कहा कि किताबों से परे, हर बच्चे को खेल, कला और तकनीक में अवसर मिलने चाहिए। रेनबो स्कूल के साथ यह साझेदारी छात्रों के सर्वांगीण विकास का रास्ता खोलेगी।

# तृतीय दीक्षांत समारोह संपन्न कराने में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व नगर निगम का है बड़ा योगदान : कुलपति डा. दिनेश सिंह

## छात्र संगठन का चुनाव दिसंबर 2025 में होगा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



■ डायस से फोटोग्राफी के साथ डिग्री देने से खुश नजर आए 700 डिग्रीधारी विद्यार्थी

■ 77 गोल्ड मेडलिस्टों को कोड आफ कंडक्ट के तहत बच्चों को पढ़ाने के लिए 15 दिनों के अंदर कराएंगे जॉइन : वीसी

■ एक नवंबर से यूनिवर्सिटी सहित कॉलेज में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम होगा लागू

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नीलांबर- पीतांबर यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। 700 बच्चे दास से फोटोग्राफी के साथ डिग्री लेकर आनंदित महसूस किया। बच्चों का खुशी का ठिकाना नहीं था। कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू की उपयुक्त, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम व एनसीसी के क्रेडिट का बड़ा योगदान रहा। उक्त बातें नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ दिनेश सिंह ने कही। वे गुरुवार को यूनिवर्सिटी के कांफ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह मुख्य अतिथियों का संख्या ज्यादा था इसमें विधायक, सांसद व मंत्री सहित अन्य गण मन शामिल हुए इसके साथ ही 700 बच्चों को डिग्री देना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कुछ कमियां रह गई थी। इससे सबक लेकर प्रत्येक साल होने वाले दीक्षांत समारोह में किसी तरह की त्रुटि नहीं रहेगी। वाइस चांसलर ने कहा कि तृतीय दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले 77 विद्यार्थियों को कॉलेज में पढ़ाने के लिए 15 दिनों के अंदर में ज्वाइन कराया जाएगा। इसके लिए रजिस्टार ऑफिस से उन सभी विद्यार्थियों को कांटेक्ट किया जा रहा है। इन्हें यूनिवर्सिटी के कोड आफ कंडक्ट के तहत ज्वाइन कराया जाएगा। कोड ऑफ कंडक्ट पर खरा नहीं उतरने वाले का जोइनिंग किसी भी हाल में नहीं कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल व वोकेशनल कोर्स एक ही छत के नीचे लाया जा रहा है। नौ क्लास रूम की जरूरत थी, वह पूरी हो चुकी है। फर्नीचर खरीदने का टेंडर किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में भाई कुलपति ने कहा कि प्राचार्य की ड्यूटी है कि प्रोफेसर से नियमित क्लास लेने के लिए दबाव बनाएं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी सहित पूरे कॉलेज में बायोमेट्रिक अटेंडेंस एक नवंबर से शुरू किया जाएगा। सभी को अटेंडेंस सुबह 10 बजे, दोपहर 1 बजे व शाम को 4 बजे अनिवार्य रूप से थंब इंप्रेशन के साथ अटेंडेंस बनाने होंगे। इसके बाद ही वेतन का भुगतान होगा। कहा कि आने वाले दिनों में प्रत्येक कॉलेज का औचक निरीक्षण किया जाएगा। औचक निरीक्षण में गलती पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियम संगत बड़ी कार्रवाई होगी। वॉइस चांसलर ने कहा कि छात्र संगठन का चुनाव दिसंबर 2025 में कराया जाएगा। छात्र संगठनों के साथ बैठक कर ड्राफ्ट मांगा जाएगा तत्पश्चात आगे की तैयारी होगी।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 09-10-2025 21:43 Page 1



# दो किलो सोना के साथ तस्कर गिरफ्तार

## ढाई करोड़ आंकी जा रही कीमत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया रेल पुलिस ने बुधवार की देर रात हावड़ा-कालका मेल ट्रेन से तस्करी के दो किलो सोने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई को गया रेल थाना के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है।

बरामद सोने की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। रेल पुलिस का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद स्टेशन पर जांच अभियान और भी सघन कर दिया गया है, जिसके तहत यह कार्रवाई संभव हो सकी।

रेल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रूटीन जांच अभियान के दौरान रेल पुलिस की टीम गया जंक्शन पर खड़ी 12311 अप हावड़ा-कालका मेल ट्रेन के एक कोच में जांच कर रही थी। इसी दौरान एक यात्री पुलिस को देखकर असहज हो उठा। शक होने पर पुलिस ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में सोने के बिस्कुट मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सोना कोलकाता से लेकर कानपुर जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही उसे हिरासत में लेकर गया रेल थाना लाया। रेल थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि बरामद सोने का वजन करीब दो किलोग्राम है, जिसकी बाजार कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। यात्री से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। रेल एसपी सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस सफलता की सूचना दी गई है। रेल सूत्रों के अनुसार, पुलिस को आशंका है कि यह सोना किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जो पूर्वी भारत से उत्तर भारत में सोने की तस्करी करता है। इस मामले में आयकर विभाग और जीएसटी इंटेलिजेंस टीम को भी सूचना दी गई है, ताकि आगे की जांच में समन्वय स्थापित किया जा सके।

गया जंक्शन पर रेल थाना की यह कार्रवाई न केवल सजगता और सतर्कता का उदाहरण है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि चुनावी अवधि में अवैध लेन-देन और तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह चौकन्नी है।

# जनसुराज ने जारी की 51 उम्मीदवारों सूची

## आरसीपी सिंह की बेटी को अस्थावां से बनाया उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस बार बिहार के सियासी दंगल में पीके (प्रशांत किशोर) की एंट्री से माहौल गर्म है। उनकी पार्टी जन सुराज की ओर से प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर गई है। पहली लिस्ट में 51 नाम हैं।

कभी नीतीश कुमार के प्रिय रहे आरसीपी सिंह की बेटी लता सिंह को नालंदा की अस्थावां सीट से जन सुराज पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोजपुरी एक्टर रितेश पांडेय को रोहतास के करगहर सीट से टिकट दिया गया है। ब्राह्मण बहुल इस सीट से ही प्रशांत किशोर के लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे।

वहीं लोरिया सीट से सुनील कुमार, सीतामढ़ी से उषा किरण, सुपौल निर्मली से राम प्रवेश यादव चुनाव लड़ेंगे। पूर्णिया बायसी से मोहम्मद शाहनवाज आलम, मधेपुरा आलम नगर से सुबोध कुमार सुमन चुनावी मैदान में उतरेंगे।

दरभंगा से आरके मिश्रा, मुजफ्फरपुर से फेमस चिकित्सक अमन कुमार दास प्रत्याशी होंगे। रघुनाथपुर से राहुल कीर्ति सिंह, सहरसा से किशोर कुमार मुन्ना। छपरा से जयप्रकाश सिंह चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। सोनपुर चंदन लाल मेहता, मोतिहारी से डॉ अरुण कुमार। ये भी नामी चिकित्सक हैं। केवटी से बिल्लू साहनी, हरसिद्धि से अवधेश राम उम्मीदवार होंगे।

बिहारशरीफ से दिनेश कुमार, पटना कुम्हरार से केसी सिन्हा उम्मीदवार होंगे। महिषी से समीम अख्तर, मीनापुर से तेज नारायण सहनी, कल्याणपुर से रामबालक पासवान चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। परबत्ता से बिनय कुमार वरुण, मांझी से वाईबी गिरि , मोरबा से डॉ. जागृति ठाकुर सहित 51 नाम जारी किये गये।

# हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली मासूम छात्र की लाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** लहेरियासराय थाना क्षेत्र स्थित माउंट समर कान्वेंट स्कूल के हास्टल में बुधवार देर शाम कक्षा दो के छात्र कश्यप कुमार (उर्फ किशु), उम्र 10 वर्ष का शव फंदे से लटका मिला। मृतक समस्तीपुर निवासी लव कुमार का पुत्र था।

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्कूल प्रशासन ने छात्र को तत्काल फंदे से उतारकर दारु भट्टी चौक स्थित मेट्रो अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। कश्यप 10 सितंबर 2025 को हॉस्टल में दाखिल हुआ था और दुर्गा पूजा की छुट्टी के बाद मंगलवार सुबह ही वापस लौटा था। वह अपने मामा-मामी और नाना-नानी के साथ रहकर पढ़ाई करता था। पिता समस्तीपुर में ई-रिक्शा चलाते हैं, जबकि मां मनीषा कुमारी दरभंगा में निजी नौकरी करती हैं। स्वजन ने स्कूल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई और आत्महत्या

## परिजन ने स्कूल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप

का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटकाया गया।

मामा शिव शंकर साह ने बताया कि हास्टल प्रशासन ने पहले तबीयत खराब होने की बात कही, लेकिन जब वे अस्पताल पहुंचे तो बच्चा मृत अवस्था में था। उन्होंने दावा किया कि बच्चा सुबह तक बिल्कुल ठीक था और हंसते हुए हास्टल गया था। परिजनों का कहना है कि रात आठ बजे फोन आया कि बच्चे की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मात्र दस मिनट में मां मनीषा अस्पताल पहुंचीं तो देखा कि बच्चा मृत पड़ा था। डाक्टरों ने भी स्पष्ट किया कि बच्चा मृत अवस्था में ही लाया गया था। घटना के बाद स्वजन और स्थानीय लोगों ने भटियारीसराय में सड़क जाम कर दिया और न्याय की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व मंत्री सह नगर विधायक संजय सरावगी भी मृतक के घर पहुंचे और परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

# स्कूल बस के चालक को बदमाशों ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर इमामगंज प्रखंड अंतर्गत भदवार थाना क्षेत्र के गोपियायडीह के पास निजी विद्यालय के बस चालक को बदमाशों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया है। जिस समय चालक को बस में गोली मारी गई, उस समय बच्चों को लेकर बस चालक विद्यालय जा रहे थे, घटना के बाद बच्चे काफी दहशत में है क्योंकि उनकी आंखों के सामने ही बस चालक को गोली मारी गई है।

गोली लगने के बाद स्कूली बच्चे जोर-जोर से चिल्लाने लगे तभी स्थानीय लोग जुट गए और बदमाश घटनास्थल से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बस चालक को तत्काल इमामगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

भदवार थाना अध्यक्ष का कहना है



कि बदमाश तीन की संख्या में थे और बच्चों को ले जा रहे चालक रविंद्र कुमार को गोली मारी गई है। चालक को शरीर के बाएं भाग में गोली लगी है, फिलहाल उसका इलाज गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराया जा रहा है।

थानाध्यक्ष की माने तो घायल बस चालक खतरे से बाहर है। फिलहाल पुलिस ने स्कूल प्रशासन को घटना की सूचना दी है और घटनास्थल से बच्चों को दूसरे वाहन के माध्यम से विद्यालय पहुंचाया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। घायल बस चालक मैगरा थाना क्षेत्र के दीपुआ गांव निवासी बताया जाता है।

# चुनाव आते ही बढ़ी कुर्ते-पायजामे की अहमियत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** जिले में विधानसभा चुनाव का सियासी पारा धीरे-धीरे चढ़ता जा रहा है। ऐसे में नेताओं के जनसंपर्क, दौरा और सियासी मंच पर जो वेशभूषा सबसे अधिक दिखता है वह है नेताओं का पसंदीदा परिधान कुर्ता और पायजामा। जी हां! बिहार में चुनाव हो और नेता जी वेश भूषा न बदले ऐसा हो सकता है भला? समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है इसकी मांग भी बढ़ती चली जा रही है।

लोगों का कहना है कि नेताजी वाला लुक दिखने के लिए कुर्ता और पायजामा पहनना जरूरी है। इससे मतदाता उनको दूर से ही पहचान लेते हैं। ｍ

ााना जाता है कि विभिन्न दलों के नेता जी का गमछा ही उनको पार्टी की पहचान दिखती है।

ऐसे में कुर्ता-पायजामा सिलवाने के लिए गांव और शहर के दर्जियों के पास नेताजी के कई ऑर्डर आ चुके हैं। हेमजापुर के दर्जी बालेश्वर महतो ने बताया कि पहले के जमाने में नेताजी अधिक धोती पहना करते थे, लेकिन अब कुर्ता पायजामा और बंडी का क्रेज बढ़ गया है। इनमें सूती और लेनिन ही अधिक पसंद की जाती है। कुछ कपड़ा खरीद कर दे रहे हैं तो कुछ अपने शरीर के अनुसार फिटिंग करवा रहे हैं।

चुनाव में चंद दिन ही शेष बचे हैं लेकिन तैयारी पूरी की जा रही है। विभिन्न दलों के समर्थक और कार्यकर्ता गमछा खरीदने और कुर्ता सिलवाने के लिए बेचैन हो रहे हैं। वस्त्र विक्रेता राम पुकार साहू ने बताया कि हर साल चुनाव में उनकी दुकानों पर कुर्ता-पायजामा के काफी ऑर्डर मिलते। ऐसे में धोती कुर्ता और पजामा के कपड़े लाकर दुकान में रख दिया गया है।

बता दें कि दो चरणों में चुनाव होने जा रहा है। पहला चरण 6 नवंबर को जिले में चुनाव होने वाले हैं। 10 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी। 17 तक नामांकन होगा। नामांकन के दौरान नेता और समर्थक अलग नजर आने के लिए अपनी-अपनी पोशाक सिलवाने में भी व्यस्त नजर आ रहे हैं।

## शांति भंग करने वालों पर प्रशासन ने कसी नकेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए भोजपुर पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक राज के निर्देशन में जिले भर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई चल रही है। इसी क्रम में अब तक 117 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत प्रस्ताव तैयार कर जिला दंडाधिकारी को भेजा गया है। इनमें से 29 मामलों में प्रस्तावों को स्वीकृति भी मिल चुकी है।

उन्हें एक से दूसरे थाने में जाकर नियमित रूप से हाजिरी लगानी होगी। शेष मामलों में नोटिस जारी करने की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न थानों से आपराधिक प्रवृत्ति वाले तत्वों की सूची तैयार कर कार्रवाई की जा रही है। इन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि चुनावी माहौल में किसी तरह की अराजकता या हिंसक घटना न घट सके। पुलिस प्रशासन का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसपी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को माहौल बिगाड़ने या मतदाताओं को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे तत्वों की पहचान कर उन पर सीसीए सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने थाना स्तर पर भी निगरानी बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत मुख्यालय तक पहुंचाने का निर्देश जारी किया है। भोजपुर पुलिस की यह पहल चुनाव से पहले जिले में शांति व्यवस्था को लेकर सख्त रुख का संकेत दे रही है।

# सकरा सुरक्षित सीट पर राजनीतिक घमासान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले की सुरक्षित सीट सकरा सीट पर भी घमासान है। राजनीतिक विरासत को बचाने की जंग यहां पर पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री और दिवंगत नेताओं के उत्तराधिकारियों में होने की संभावना है। इनकी विधानसभा क्षेत्र में इनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है और सभी अपने-अपने दलों से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

महागठबंधन, एनडीए और जनसुराज तीनों ही मोर्चों में सकरा सीट को लेकर हलचल तेज है। जदयू कोटे से मौजूदा विधायक अशोक चौधरी अपने पुत्र आदित्य कुमार को आगे कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि एनडीए गठबंधन से आदित्य को टिकट मिल जाता है, तो वे स्वयं मैदान में नहीं उतरेंगे।

इसके अलावा, पूर्व विधायक लालबाबू राम, सुरेश चंचल, कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक फकीरचंद राम के पुत्र उमेश कुमार राम, भाजपा नेता और पूर्व विधायक के दामाद अर्जुन राम भी सकरा से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

पूर्व विधायक बिलट पासवान के पुत्र संजय पासवान, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष शिवनंदन पासवान की नतनी रेणु पासवान और पूर्व मंत्री कमल पासवान के पुत्र रंजीत पासवान भी अलग-अलग दलों से तैयारी में हैं।

पूर्व मंत्री शीतलराम के पुत्र आदित्य कुमार भी चुनावी मैदान में उतरने की रणनीति बना रहे हैं।

क्षेत्र में चर्चा है कि इस बार सकरा की सियासत पूरी तरह विरासत की लड़ाई में तब्दील होगी। अब देखना होगा कि टिकट वितरण के बाद कौन किस दल से उम्मीदवार बनता है और कौन निर्दलीय मैदान में उतरता है। जनता की पसंद कौन पूर्व विधायक या उसके उत्तराधिकारी बनते हैं। इसके लिए इंतजार करना होगा।

# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** गंगाब्रिज थाना की पुलिस ने सीआईएसएफ की मदद से गुप्त सूचना के आधार पर महात्मा गांधी सेतु पाया नंबर छह के निकट से स्मैक और दो लाख 65 हजार नगद रुपए के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस दौरान करीब पांच व्यक्ति फरार हो गया।

बरामद स्मैक करीब 296 ग्राम कीमत करीब 59 लाख 20 हजार रुपए बताया गया है। पुलिस ने नगद करीब 2,65190 रुपए बरामद किया है। छापेमारी टीम में शामिल सभी अधिकारी एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात वैशाली पुलिस द्वारा लगातार सीआईएसएफ बल के सहयोग से सघन वाहन जांच एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

गंगाब्रिज थानाध्यक्ष को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के गांधी सेतु पाया नम्बर 6 के पास कुंछ व्यक्ति मादक पदार्थ की खरीद बिक्री किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर वन के नेतृत्व में दण्डाधिकारी, वैशाली पुलिस एवं सीआईएसएफ के पदाधिकारी व बल द्वारा सूचना का सत्यापन, छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति चंदन कुमार को स्मैक जैसा मादक पदार्थ करीब 296 ग्राम एवं स्मैक की खरीद बिक्री से अर्जित 2,65190 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त स्मैक का बाजार मूल्य लगभग 59 लाख 20 हजार रुपये है।

पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार व्यक्ति चंदन कुमार के द्वारा मादक पदार्थ कहां से लाया जाता था तथा किसको बेचा जाता था, इसका खुलासा किया गया है। पुछताछ के क्रम में बताया गया है कि मेरे हम सभी परिवार मिलकर मादक पदार्थ का कारोबार करते हैं, बरामद रुपए मादक पदार्थ जो आज बेचे हैं उसी का है।

उन्होंने बताया कि मेरे पिताजी नागेंद्र राय ने बिदुपुर थाना क्षेत्र के खिलवत कटरिया मंदिर के निकट भुखल राय पिता नागेंद्र राय के मोबाइल पर बात कर दो दिन पहले ही मादक पदार्थ खरीद कर लाए थे। जिसे हम लोग बेचते हैं।

इस दौरान सैफपुर निवासी मोहन राय के पुत्र हरेंद्र राय, रविंद्र राय, नागेंद्र राय के पुत्र कुंदन कुमार, रविंद्र राय के पुत्र अनिल कुमार एवं मोहन राय के पुत्र नागेंद्र राय फरार हो गया। सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

# करवा चौथ आज, महिलाएं रखेंगी चंद्रोदय तक निर्जला व्रत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिंदू धर्म में करवा चौथ के त्योहार का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत 10 अक्तूबर को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि, बेहतर जीवन, अच्छी सेहत और तरक्की के लिए रखा जाता है।

करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। रात को जब चंद्रमा के दर्शन होते हैं तो चंद्रदेव की पूजा करके अर्घ्य अर्पित करते हुए अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ती हैं। ऐसे में सवाल ये है कि राजधानी पटना में चांद का कब दीदार होगा।

10 अक्तूबर को देशभर में करवा चौथ का व्रत मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, 10 अक्तूबर की रात को चंद्रोदय का समय रात 08 बजकर 13 मिनट पर होगा। चंद्रोदय का यह समय देश की राजधानी दिल्ली को मानक मानकर है। लेकिन अलग-अलग शहरों में चांद के निकलने के समय में कुछ बदलाव हो सकता है। पटना में चांद रात 07:48 पर दिखेगा।

# चेनारी विस सीट पर बन रहा रोचक मुकाबले का समीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का चुनाव दो चरणों में होगा। रोहतास जिला के सात विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 11 नवंबर को मतदान व 14 नवंबर को मतगणना होगी। इस दौरान जिले की सुरक्षित चेनारी विधानसभा सीट पर रोचक मुकाबला होने की तस्वीर उभरकर आई है। 2020 के चुनाव में महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी प्रसाद गौतम ने बाजी मारी थी और महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस कोटे से मंत्री बने थे। फरवरी 2024 में नीतीश कुमार के पाला बदलकर एनडीए में जाने के बाद फ्लोर टेस्ट के वक्त उन्होंने भी पाला बदल लिया था और भाजपा के खेमे में आ गए थे।

हालांकि, तब उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा तो नहीं दिया था लेकिन हर कार्यक्रम में भाजपा के मंच पर देखे जाते रहे। अब वे विधिवत कांग्रेस व विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ आ गए हैं। ब्राह्मण बहुल माने जाने वाले चेनारी विधानसभा से 2020 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी प्रसाद गौतम ने तत्कालीन विधायक जदयू के ललन पासवान को 18,003 मतों के अंतर से हराया था। मुरारी गौतम को 71,701 व ललन पासवान को 53,698 मत मिले थे।तब लोजपा के चंद्रशेखर पासवान ने 18,074 मत प्राप्त कर जदयू का खेल खराब कर दिया था। इसके अलावा बसपा को 12,864 व नोटा को 3,450 वोट मिले थे। इस बार मुरारी प्रसाद गौतम एनडीए के खेमे में आ गए हैं, जबकि लोजपा से लड़े चंद्रशेखर पासवान ने जदयू का झंडा उठा लिया है। अब जब लोजपा फिर से एनडीए में शामिल हो चुकी है, तो यह समीकरण प्रभावित हो सकता है।

हालांकि, क्षेत्र के लोग अभी इस ऊहापोह में हैं कि चेनारी सीट से महागठबंधन व एनडीए की तरफ से कौन प्रत्याशी आएंगे। हालांकि, मुख्य मुकाबला एनडीए व महागठबंधन के बीच ही होगा, लेकिन जन सुराज पार्टी यहां त्रिकोणीय संघर्ष का माहौल बनाने का दावा कर रही है।

चेनारी क्षेत्र में मुख्य रूप से चेनारी, रोहतास व नौहट्टा के साथ शिवसागर प्रखंड की कुछ ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। यह सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित है। चेनारी में कुल 3,06,648 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें पुरुष 1,63,254, महिला 1,43,392 व मंगलामुखी मतदाताओं की संख्या दो है। 2020 के विधानसभा चुनावों में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था।

यह क्षेत्र 1962 में विधानसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आया। अब तक हुए 2009 के उपचुनाव सहित 16 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने छह बार जीत हासिल की है, जबकि 10 बार विभिन्न दलों को सफलता मिली है, जिनमें जेडीयू तीन बार, जनता दल दो बार व राजद, हिंदुस्तानी समाजवादी पार्टी, जनता पार्टी, लोक दल और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रत्याशी एक-एक बार विजयी रहे हैं।

# माता सीता की धरती पर घटती जा रही महिलाओं की उम्मीदवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के विधानसभा चुनाव में टिकट की दौड़ में महिलाओं की भी सशक्त दावेदारी हो रही है। जिले के आठ विधान सभा क्षेत्रों में से अभी एक मात्र परिहार से गायत्री देवी भाजपा की विधायक हैं। जबकि पूर्व में 2005 से 2015 तक दो बार-बार तीन-तीन और एक बार चार क्षेत्र से महिलाएं विधायक रह चुकी हैं।

इनमें नगीना देवी, डॉ रंजू गीता ,गुड्डी चौधरी, सुनीता सिंह व मंगीता देवी शामिल हैं। इनमें नगीना देवी बथनाहा, डॉ रंजू गीता बाजपट्टी, गुड्डी चौधरी व मंगीता देवी रुन्नीसैदपुर, सुनीता सिंह बेलसंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

पिछले चुनाव पर गौर करें तो 2015 के चुनाव में सर्वाधिक आठ में चार विधान सभा क्षेत्र से महिलाएं प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। जिनकी संख्या 2020 में घट कर एक हो गई जिनमें एकमात्र परिहार विधानसभा से गायत्री देवी विधायक हैं। जैसे-जैसे महिला सशक्तिकरण की बात तेज हो रही है यहां महिला प्रतिनिधियों की संख्या घटती जा रही है।

2025 के चुनाव को लेकर परिहार विधानसभा क्षेत्र से राजद की टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री डॉ. रामचंद्र पूर्वे की बहु डॉ. स्मिता पूर्वे और महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुखिया रितु जायसवाल में शामिल हैं।

वहीं, बाजपट्टी विधानसभा से पूर्व मंत्री जदयू की डॉ रंजू गीता व राष्ट्रीय लोक मोर्चा की रेखा गुप्ता टिकट के लिए दौड़ लगा रही हैं। बेलसंड विधानसभा से पूर्व विधायक जदयू की सुनीता सिंह चौहान और जन सुराज से अर्पणा सिंह दौड़ लगा रही है।

इसके अलावा पूर्व विधायक भाजपा की नगीना देवी रीगा विधान सभा से और सुरसंड विधानसभा से पूर्व मंत्री



शाहिद अली खान की पुत्री डॉ इकरा अली खान दौड़ लगा रही हैं। बताते चलें कि 2005 के विस चुनाव में महिला विधायकों की संख्या तीन थी। तब रुन्नीसैदपुर से गुड्डी देवी,बेलसंड से सुनीता सिंह चौहान और बथनाहा से नगीना देवी विधायक थीं।

लोगों को यह आशा थी कि वर्ष 2010 के चुनाव में इनकी संख्या में बढ़ोतरी होगी, पर ऐसा नहीं हो सका। 2010 के चुनाव में नगीना देवी हार गई ।उस वर्ष रुन्नीसैदपुर से गुड्डी देवी,बेलसंड से सुनीता सिंह चौहान व बाजपट्टी से डॉ रंजू गीता चुनाव जीतीं थी। इसमें डॉ रंजू गीता पहली बार चुनाव जीती थी।

2005 की तरह 2010 में महिला विधायकों की संख्या तीन रही। अंतर सिर्फ इतना रहा कि एक नई सीट बाजपट्टी पर महिला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हालांकि इस कमी की पूर्ति वर्ष 2015 के इस चुनाव में पूरी हो गई।

वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में सुनीता सिंह व डॉ. रंजू गीता के अलावा रुन्नीसैदपुर विस क्षेत्र से राजद की मंगीता देवी व परिहार से भाजपा की गायत्री देवी निर्वाचित हुई है। इस तरह दो चुनावों में तीन-तीन के बाद 2015 के चुनाव में महिला विधायकों की संख्या बढ़ कर चार हो गई।

लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में केवल गायत्री देवी ही चुनाव जीत सकी। जबकि बाजपट्टी से डॉ. रंजू गीता,बेलसंड से सुनीता सिंह चौहान और रुन्नीसैदपुर से मंगिता देवी चुनाव हार गई।

2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जारी मतदाता सूची के अनुसार जिले में 24 लाख 04 हजार 659 मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाता की संख्या 11 लाख 42 हजार 034 है। जबकि पुरुष मतदाता 13 लाख 07 हजार 580 है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के पूर्व जिले 26 लाख 27 हजार 133 मतदाता थे ।इनमें 12 लाख 41 हजार 91 महिला मतदाता और 13 लाख 85 हजार 986 मतदाता थे। अब देखना है कि टिकट की इस दौड़ में कितनी महिलाएं सफल होती है और चुनाव जीत पाती हैं।

## पानी के बहाव से लोग हलकान

**कैमूर।** प्रखंड क्षेत्र में कर्मनाशा व दुर्गावती नदी के उफान से बाढ़ से राहत नहीं मिली। बुधवार को भी यूपी के गाजीपुर से रामगढ़ का संपर्क नहीं जुड़ सका है। यूपी के दिलदारनगर जाने वाले महत्वपूर्ण रामगढ़ बड़ौरा पथ पर बड़ौरा पुल पार यूपी की सीमा में अभी भी चार फीट से अधिक पानी का बहाव जारी रहने से यातायात प्रभावित है।

नदियों का जलस्तर इतनी धीमी गति से घट रहा है कि बाढ़ का पानी उतरने में अभी दो तीन दिन और लगने की संभावना जताई जा रही है। उधर तीन ओर से दुर्गावती और कर्मनाशा नदी से घिरे आंटडीह गांव के 15 घरों में बाढ़ का पानी घुसने से ग्रामीण परेशानी झेल रहे हैं। गांव के निचले हिस्से के जिन घरों में पानी घुसा है उन घरों के लोग अपने मवेशियों के साथ मध्य विद्यालय परिसर में शरण लिए हुए है।

ग्रामीणों ने बताया कि लगता है कि अभी हफ्ते भर स्कूल में ही आश्रय लेना पड़ेगा क्योंकि बाढ़ का पानी उतरने में कम से कम चार दिन लगेंगे। इसके बाद भी दो तीन दिन घर में शिफ्ट होने में समय लगेगा।

# चुनावी महासमर में दावेदारी की चल रही रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। झाझा विधानसभा क्षेत्र में कई नेता और दल अपनी-अपनी भूमिका निभाने में जुट गए हैं। इस क्षेत्र में चिकित्सक से लेकर समाजसेवी तक संभावित प्रत्याशी बनकर मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे हैं। कई नामी चेहरे मतदाताओं के सामने अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं, जिससे एनडीए और महागठबंधन दोनों खेमों में बेचैनी बढ़ गई है।

खासकर एनडीए के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि महागठबंधन और जन सुराज के संभावित चेहरों में कई नेता पूर्व में एनडीए से जुड़े रहे हैं।

इसी बीच समाजवादी नेता स्व. शिवनंदन यादव के पौत्र राजीव उर्फ गुड्डू यादव ने भी दल से टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है। झाझा की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो यादव परिवार की पकड़ इस क्षेत्र में रही है और जब-जब उन्हें जिम्मेदारी मिली, जीत दर्ज होती रही है।

एनडीए और महागठबंधन के संभावित चेहरे दिल्ली और पटना का रुख किए हुए हैं। सबकी धड़कनें तेज हो गई हैं। टिकट के लिए संभावित प्रत्याशी टकटकी लगाए बैठे हैं।

वहीं, नेताओं के कार्यकर्ता प्रति घंटे फोन पर ह्यटिकट कन्फर्म हुआ या नहींह्न की जानकारी लेते देखे जा रहे हैं। हालांकि, अब तक किसी भी दल से किसी भी संभावित प्रत्याशी का टिकट अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है। नेताजी से लेकर कार्यकताओं तक सभी की धड़कनें तेज हैं। झाझा विधानसभा सीट महागठबंधन के अंतर्गत राजद के खाते में जाती रही है। इस बार भी इसके राजद के हिस्से में आने की संभावना है। संभावित प्रत्याशियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव की पुत्री, राजद नेता सह समाजसेवी राजीव उर्फ गुड्डू यादव, समाजसेवी डॉ. नीरज साह, और पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र यादव का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है।

CMYK

## पटना की सीटों पर बढ़ी सियासी हलचल

# कायस्थों की नाराजगी से भाजपा के माथे पर शिकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शंखनाद हो चुका है। राज्य में छह और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है, लेकिन अभी तक किसी बड़े राजनीतिक दल ने अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। राजधानी पटना में भी पहले चरण में मतदान होना है, लेकिन उम्मीदवारों के नाम को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इसी बीच पटना की चार प्रमुख शहरी सीटों, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब और दीघा में से दो सीटों पर संभावित बदलावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इन चारों सीटों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है, लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक इस बार दो सीटों पर उम्मीदवार बदलने की चर्चा जोर पकड़ चुकी है। खबर है कि कुम्हरार सीट से लगातार तीन बार जीत चुके अरुण कुमार सिन्हा को हटाकर पूर्व मंत्री मंगल पांडेय को मैदान में उतारा जा सकता है। वहीं पटना साहिब सीट से वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव की जगह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी के चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इन संभावित बदलावों ने भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक, खासकर कायस्थ समुदाय के बीच असंतोष को जन्म दिया है। कायस्थों को लंबे समय से भाजपा का मजबूत समर्थक वर्ग माना जाता रहा है, लेकिन अब यह समुदाय खुद को पार्टी की रणनीति से उपेक्षित महसूस कर रहा है। पटना की जातीय राजनीति में कायस्थों की भूमिका हमेशा से अहम रही है। दीघा विधानसभा सीट को कायस्थ बहुल क्षेत्र माना जाता है, लेकिन भाजपा ने वहां गैर-कायस्थ उम्मीदवार उतारा था। पटना शहरी सीट पर नवीन किशोर सिन्हा, ठाकुर प्रसाद, शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, शत्रुघ्न सिन्हा, मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद जैसे दिग्गज कायस्थ नेता रहे हैं। इसके अलावा महामाया प्रसाद भी यहां से सांसद रहे हैं। कुम्हरार सीट पर गैर-कायस्थ उम्मीदवार के नाम की चर्चा भर से ही कायस्थ समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है जबकि पटना की कुम्हरार सीट पर कई बड़े कायस्थ नेता दावेदार हैं और उनकी साख अच्छी भी है, लेकिन भाजपा ने इसके बावजूद कुम्हरार से कायस्थ नेता का नाम काट दिया है। बताया जा रहा है कि इसका असर राज्य की अन्य सीटों पर भी पड़ सकता है। कई स्थानीय कार्यकर्ताओं और भाजपा के पुराने समर्थकों का कहना है कि अगर पार्टी ने कायस्थों को फिर नजरअंदाज किया तो यह असंतोष चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकता है। कायस्थ समुदाय का मनोबल टूटना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है क्योंकि बिहार की शहरी सीटों पर यह वर्ग निर्णायक भूमिका निभाता है। बिहार के लगभग हर जिला मुख्यालय में कायस्थ समुदाय की उल्लेखनीय उपस्थिति है और पारंपरिक रूप से भाजपा ने इन्हीं शहरी इलाकों से अपनी जीत की रणनीति बनाई है। ऐसे में पटना जैसे राजनीतिक रूप से अहम जिले में अगर कायस्थों का समर्थन कमजोर पड़ा, तो इसका असर पार्टी की अन्य सीटों पर भी पड़ सकता है। अब सबकी निगाहें भाजपा की उम्मीदवार सूची पर टिकी हैं। क्या पार्टी कायस्थ समाज को साधने के लिए अपनी रणनीति में बदलाव करेगी या सियासी समीकरणों को प्राथमिकता देकर नए चेहरों पर दांव लगाएगी? इसका जवाब आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति की दिशा तय करेगा। अगर भाजपा इसको लेकर गम्भीर नहीं हुई तो कायस्थों का वोट कहीं और शिफ्ट होने से परहेज नहीं हो सकता है। यह बिरादरी भले ही खुलकर नहीं बोले मगर इनकी ताकत से हर दल वाकिफ हैं। इसलिए इस पर भाजपा को ठोस निर्णय लेना चाहिए ताकि अपने वोटर्स का सम्मान बरकरार रह सके।

# एनडीए का 20 साल विनाश काल : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एनडीए के 20 साल विनाश काल विषय पर संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने संबोधन में सभी आगत वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया और उन्होंने बिहार के एनडीए शासन के 20 साल को विनाश काल बताते हुए संवाददाता सम्मेलन की शुरूआत की। इस संवाददाता सम्मेलन को मुख्य रूप से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी के महासचिव जयराम रमेश, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पश्चिम बंगाल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने क्रमशः संबोधित किया।

बिहार में 20 सालों में भाजपा-जेडीयू राज ने संसाधनों की लूट की और नागरिकों को गरीबी की आग में झोंक दिया। बिहार के जाति सर्वे में यह बात सामने आई कि 94 लाख परिवारों की मासिक आमदनी 6000 रु. से कम है, अर्थात लगभग 5 करोड़ लोग 40 रु. रोज पर जिंदा हैं और 81 लाख परिवार 10000 रु. माह से कम कमाते हैं अर्थात 4 करोड़ लोग 67 रु. रोज पर जिंदा हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि काम और शिक्षा न मिलने की वजह से बेतहाशा पलायन हुआ। केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर लगभग 3 करोड़ रजिस्टर्ड बिहार के मजदूर हैं जो दूसरे प्रांतों में काम कर रहे हैं और उनमें से 94% ने बताया है कि उनका परिवार 10000 रु. प्रतिमाह से कम कमाता है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया है कि अभी रजिस्ट्रेशन बाकी है और अनुमानतः यह संख्या 3 करोड़ 45 लाख होगी। बिहार में जीइआर 17.1% है – अर्थात 18 से 23 साल के नौजवान जिनकी आबादी 1 करोड़ 36 लाख है, में से सिर्फ. 22.23 लाख अंडरग्रेजुएट की पढ़ाई कर रहे हैं क्योंकि बिहार में 1 लाख की आबादी पर सिर्फ. 7 कॉलेज हैं जबकि राष्ट्रीय औसत 30 कॉलेज प्रति लाख है। स्कूलों की ड्रॉपआउट रेट भी भारत में सबसे ज्यादा बिहार में है, इसलिए छात्र पलायन कर रहे हैं। जब युवा आवाज उठाते हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं।

# जिलाधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और आरक्षी अधीक्षक मनीष कुमार ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और मतदाताओं की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतदान केन्द्रों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों पर फर्स्ट एड टीम की भी तैनाती करें। महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए डोर टू डोर महिलाओं से संपर्क कर मतदान करने के लिए जागरूक करें। जिले में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के स्वच्छ और सफल संचालन के लिए विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान द्वारा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। वैलेट पेपर और पोस्टल वॉलेट कोषांग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समय पर मत पत्रों की छपाई से संबंधित कार्य करने के लिए आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ले। आचार संहिता कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश किया गया कि मंत्री, विधायक और संसद द्वारा सरकारी गेस्ट हाउस, सरकारी गाड़ी और अन्य सरकारी साधनों का दुरुपयोग रोके।

# बिहार के संस्कृत विद्यालयों को समग्र शिक्षा से जोड़ने की पहल शुरू

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने संस्कृत बोर्ड को भेजा स्वीकृति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की लंबित मांग पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपनी सहमति बोर्ड को भेज दी है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने संस्कृत बोर्ड को एक स्वीकृति पत्र भेजकर कहा है कि सभी राज्य-स्तरीय संस्कृत विद्यालयों को केंद्रीय योजना समग्र शिक्षा के दायरे में शामिल करने की पहल को आगे बढ़ाया जाए तथा आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की जाए।



बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति है कि भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण में बिहार के संस्कृत विद्यालयों का सर्वांगीण विकास हो जिसके लिए सरकार सतत प्रयत्नशील भी है। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि बिहार के संस्कृत विद्यालयों के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा मॉडल स्कूल के निर्माण के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। इस संदर्भ में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की स्वीकृति पत्र प्राप्त होना विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। संस्कृत विद्यालयों में आधारभूत ढांचा, शैक्षिक सामग्री और आधुनिक शिक्षण संसाधनों की कमी है। बोर्ड ने केन्द्र से 47 मॉडल संस्कृत विद्यालयों तथा प्रस्वीकृत प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों के नवीनीकरण के लिए अनुदान की मांग की थी जिससे नीप 2020 पर नवनिर्मित पाठ्यक्रम को आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से जोड़ा जा सके। समग्र शिक्षा में शामिल होने पर यह काम और तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन से न केवल संस्कृत शिक्षा का आधुनिकीकरण होगा बल्कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को समग्र शैक्षिक लाभ भी मिल सकता है।

# राष्ट्रीय लोजपा के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार ने अपने समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले आज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार उर्फ शक्ति पासवान ने आज सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस क्रम में राष्ट्रीय लोजपा के औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष हरिओम पासवान और कुम्हरार के प्रदीप पासवान ने भी भाजपा की सदस्यता की सदस्यता ग्रहण की। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के आने से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने पार्टी में आने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में आप सभी एनडीए को और मजबूत करने के लिए काम करें। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि इस चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत होगी।

# नन्द किशोर ठाकुर भारतीय नाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय नाई समाज के विगत पांच वर्षों से बिहार प्रदेश के सचिव पद पर कार्यरत नन्द किशोर ठाकुर को राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन-सह-राष्ट्रीय कार्यकारिणी चुनाव में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। उनके इस चयन से बिहार प्रदेश ही नहीं, पूरे समाज में हर्ष और गर्व की लहर है।

श्री ठाकुर ने सचिव पद पर रहते हुए समाज के शैक्षिक, सामाजिक और संगठनात्मक उत्थान हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और संगठन को नई दिशा देने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता, समर्पण और सेवा भाव की झलक हमेशा दिखाई दी है। राष्ट्रीय चुनाव समिति ने उनके इन कार्यों और समाजहित में किए गए प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की सराहना है बल्कि पूरे बिहार प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है।

इस अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए नन्द किशोर ठाकुर ने कहा यह सम्मान मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की मेहनत और विश्वास का परिणाम है। मैं हमेशा समाज के हर वर्ग की प्रगति, शिक्षा और समानता के लिए समर्पित रहूंगा और अपने पद की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा।

इस अवसर पर भारतीय नाई समाज के राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों, बुद्धिजीवियों तथा आम सदस्यों ने श्री ठाकुर को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

# विश्व दृष्टि दिवस पर पटना जंक्शन, राजेंद्रनगर, दानापुर एवं पाटलिपुत्र स्टेशनों पर लगा आई स्क्रीनिंग कैंप




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** दानापुर मंडल रेल परिचालन के साथ-साथ अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधा का भी सदैव ध्यान रखता है। इसके साथ ही अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह भी करता है। इसी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए दानापुर मंडल में लायंस इंटरनेशनल संस्था के सहयोग से अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा पटना जंक्शन, राजेंद्रनगर स्टेशन, दानापुर एवं पाटलिपुत्र स्टेशनों पर विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर रेल कर्मचारियों, यात्रियों तथा सफाई मित्रों, सभी के लिए के लिए आई स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र की जांच की गई। विश्व दृष्टि दिवस हर साल अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है।

# दानापुर मंडल के स्टेशनों पर फूड स्टॉल एवं कैंटीन की स्वच्छता के लिए चला विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** 15 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा एवं 01.10.2025 से 31.10.2025 तक चलने वाले विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 09.10.2025 को भी दानापुर मंडल में एक साथ कई अभियान चलाए गये। आज के अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉल एवं कैंटीन की स्वच्छता से संबंधित अभियान चलाकर उनकी साफ-सफाई कराई गई एवं स्वच्छता से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अन्य स्टेशनों पर भी स्टेशन परिसर की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। पटना जंक्शन, राजेंद्रनगर स्टेशन एवं पाटलिपुत्र स्टेशन पर लगभग प्रतिदिन अमृत संवाद का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत यात्रियों से स्वच्छता से संबंधित शिकायतों के उचित निपटान के लिए उनके बहुमूल्य सुझाव लिए जा रहे हैं तथा स्वच्छता के लिए रेलवे की तरफ से भी उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि रेल परिसर को स्वच्छ एवं साफ रखा जा सके।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें समय-समय पर वृक्षारोपण करते रहना चाहिए जिससे हमें स्वच्छ एवं शुद्ध वायु के साथ-साथ बेहतर वातावरण मिल सके। वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण मदद मिलती है। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

# पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नॉमिनेशन से संबंधित ट्रेनिंग दी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में हरिदास सेमिनरी प्रेक्षागृह के सभागार में सभी दसों विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी की उपस्थिति में नाम निर्देशन कोषांग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को अभ्यर्थियों का नॉमिनेशन से संबंधित ट्रेनिंग गुरुवार को दी गयी। डीएम ने कहा कि किसी भी चुनाव में नॉमिनेशन का काम सबसे संवेदनशील रहता है हर एक बारीकियां को अच्छे से देखनी होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी गाइडलाइंस दिए गए हैं उसकी पूरी तरह अक्षरसह पालन कराना होता है। किसी भी अभ्यर्थी का यदि नॉमिनेशन रिजेक्ट करना हो उसके लिए सॉलिड ग्राउंड अत्यंत आवश्यक है। तथ्यहीन ग्राउंड पर किसी भी अभ्यर्थियों का नॉमिनेशन रिजेक्ट नहीं करें। उन्होंने कहा कि गया जिले के सभी 10 विधानसभा में 13 अक्टूबर से नॉमिनेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी जो 20 अक्टूबर तक चलेगी नॉमिनेशन करने का समय सुबह ही 11:00 से दोपहर 3:00 तक रहेगी। किसी भी अभ्यर्थियों का नॉमिनेशन पेपर कौन रिसीव करेंगे कितने बजे रिसीव करेंगे इत्यादि अच्छे तरीके से अंकित करेंगे नॉमिनेशन प्रपत्रों में यदि कहीं पर कोई और व्यक्ति द्वारा त्रुटि अथवा नहीं भरा रहता है तो उसके लिए प्रॉपर रूप से अभ्यर्थी को चेक लिस्ट में नोटिस करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग ऑफिसर अपने नॉमिनेशन कक्षा एवं नॉमिनेशन कक्षा के बाहर लगे घड़ी का समय बराबर रहे इसका अच्छे से मिलान कर लें। सभी निर्वाची पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार बैरिकेटिंग की व्यवस्था पूरी हो जाए। नॉमिनेशन चेंबर में अभ्यर्थी के साथ अन्य चार व्यक्ति ही प्रवेश करेंगे। सभी निर्वाची पदाधिकारी नॉमिनेशन कक्षा के बाहर अनिवार्य रूप से हेल्प डेस्क काउंटर बनाएं। आप व्यक्तियों द्वारा भरे जा रहे नॉमिनेशन प्रपत्रों में किस कॉलम में क्या कमी है इसके लिए एक चेकलिस्ट बनाकर कमियों को लिखेंगे और उसी के अनुरूप अभ्यर्थियों को नोटिस निर्गत करेंगे।

# एचडीएफसी बैंक ने किया माई बिजनेस क्यूआर लान्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में 'माई बिजनेस क्यूआर' के लॉन्च की घोषणा की। 'माई बिजनेस क्यूआर' छोटे व्यवसायों के लिए भारत का पहला कॉमर्स आइडेंटिटी क्यूआर है। इसे बैंक के लोकप्रिय स्मार्टहब व्यापार मर्चेंट ऐप के विस्तार के रूप में व्यापारी के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है जिसका उपयोग देश भर में 20 लाख से ज्यादा व्यापारी करते हैं। यह अनूठा क्यूआर भारत की दो लोकप्रिय डिजिटल आदतों - क्यूआर भुगतान और चैट को मिलाकर एक सुविधाजनक जुड़ाव-आधारित ऑनलाइन खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। माई बिजनेस क्यूआर के साथ, व्यापारी एक डिजिटल बिजनेस प्रोफाइल बना सकते हैं जो ऑनलाइन कॉमर्स-रेडी स्टोरफ्रंट के रूप में भी काम करती है। ग्राहक व्यापारी की व्यावसायिक प्रोफाइल को सीधे अपने फोन संपर्कों में स्कैन और सहेज सकते हैं। 'माई बिजनेस क्यूआर' सर्च इंजन ऑप्टिमाइज्ड लिस्टिंग के माध्यम से व्यापारियों को और भी ज्यादा खोज योग्य बनाता है जिससे ग्राहक उत्पादों और सेवाओं के लिए तुरंत, सुरक्षित तरीके से ऑर्डर और भुगतान कर सकते हैं।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प 12 को

## 26 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे मरीजों की जांच, सभी तरह की दवा भी निःशुल्क उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


सोसाइटी अध्यक्ष राधेश्याम बंसल

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 में रविवार 12 अक्टूबर को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर राधा रानी ग्रुप, पटना के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के करीब 26 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। मरीज प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, हड्डी रोह विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जेनेरल फिजिशियन पूनम नंदन एवं डॉ स्पर्श गोयल, कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ दिवेश कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर सहित अन्य डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह की पैथोलॉजिकल जांच तथा ईसीजी, एक्स रे, शुगर एवं बीपी की जांच उसी दिन काफी रियायति शुल्क पर किये जायेंगे तथा सभी उपलब्ध दवाएं भी निःशुल्क दिए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अनुमोदित मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। साथ ही नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। शिविर में जांच कराने वाले सभी मरीजों एवं सहयोगियों को नास्ते का पैकेट भी दिया जाएगा।

# ऑटो -बाइक की टक्कर, हादसे में तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बिराज से शेरघाटी जाते समय हादसा हुआ है। घटना मैगरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर मुख्य मार्ग पर स्थित बागपुर गांव के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को डुमरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

# हम के राष्ट्रीय सचिव रंजीत चंद्रवंशी ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हम (से) के राष्ट्रीय सचिव रंजीत चंद्रवंशी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित विभिन्न पदों से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के संरक्षक जीतनराम मांझी और बिहार सरकार में मंत्री एवं हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मांझी पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। कहा कि हम पार्टी सिर्फ अपने परिवार के हित की सोचती है। यहां समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए कोई जगह नहीं है। पार्टी के भीतर न तो लोकतंत्र है और न ही कार्यकर्ताओं के हित की स्वतंत्रता है। यहां केवल पिता और पुत्र अपने हिसाब से पार्टी की रूप रेखा तय करते हैं और तानाशाही सर्वोपरी है। लोकतंत्र में सबसे पहले कार्यकर्ताओं का सम्मान होना चाहिए। मगर यह पार्टी सिर्फ और सिर्फ परिवारवाद से ग्रसित है जहां समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए कोई जगह नहीं है। यही वजह है कि हमने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित तमाम पदों से इस्तीफा दे दिया है। मेरा यह निर्णय एक बहुत ही भावुक निर्णय है। मगर यह निर्णय लेना अब जरूरी हो गया था। मैंने तन, मन और धन से इस पार्टी को सींचा है। पार्टी की सेवा की मगर चुनाव के समय मेरी घोर उपेक्षा हुई। यहां तक कि मुझे मुझे उचित जवाब नहीं मिला। पार्टी में पिछड़ा, अति पिछड़ा शोषित और वंचित समाज के बेटों के लिए कोई जगह नहीं है।

## संपादकीय

# खत्म हो संघर्ष

इस्राइल और हमास को लड़ते हुए दो साल हो गए। इस संघर्ष ने 65 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली और लाखों को विस्थापित कर दिया। इस बार अमेरिका ने शांति का प्लान तैयार किया है और दुनिया की नजरें इजिप्ट में हो रही वार्ता पर टिकी हैं। इस्राइल-फलस्तीन विवाद एक सदी से भी अधिक समय से सुलग रहा है। 1948 में इस्राइल के नक्शे पर आने के बाद यह इलाका कई युद्ध और संघर्ष देख चुका है, लेकिन मौजूदा संकट जितना लंबा कोई भी नहीं चला। इन दो बरसों के दौरान कई ऐसे मोड़ आए, जब लगा कि यह संघर्ष भयानक युद्ध का रूप लेकर पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में लेगा। शांति की राह में सबसे बड़ी रुकावट दोनों पक्षों का एक-दूसरे पर अविश्वास है। न इस्राइल को हमास पर भरोसा है और न अरब वर्ल्ड इस्राइल पर यकीन कर पा रहा है। संघर्षविराम के पिछले सारे प्रयास इसी वजह से किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि इस बार बात अलग है। यह प्लान ट्रंप सरकार ने बनाया है, जो अभी तक इस्राइल को खुली छूट दिए हुए था। सबसे बड़ी बात, इसमें फलस्तीनी अथॉरिटी के लिए जगह छोड़ी गई है। अमेरिकी दबाव में ही सही, इस्राइल का इस बिंदु पर सहमत होना बड़ा बदलाव है। वहीं, हमास का प्लान को स्वीकार करते हुए बातचीत की मेज पर आना भी सकारात्मक कहा जा सकता है, क्योंकि अभी तक वह ऐसे प्रस्तावों को सिरे से खारिज करता रहा है। किसी भी बातचीत के सफल होने के लिए लचीलापन जरूरी है। अब उम्मीद ही की जा सकती है कि दोनों पक्ष समझदारी दिखाएंगे। यहां अहम है कि ट्रंप तुरंत कोई परिणाम चाहते हैं। उनके हिसाब से इस हफ्ते के आखिर तक पहले दौर की योजना पूरी हो जानी चाहिए। लेकिन शायद इतनी आशा पालना भी सही नहीं। इस्राइल और हमास के अलावा भी गाजा से जुड़े कई पक्ष हैं, और जब तक सभी संतुष्ट नहीं हो जाते, कोई नतीजा निकलना मुश्किल है। दुनिया को याद रखना चाहिए कि गाजा जियो-पॉलिटिकल एक्सपेरिमेंट की जगह नहीं है, जहां किसी प्लान की जोर-आजमाइश की जाए। यह 20 लाख से अधिक लोगों का घर है, जो दशकों से वैश्विक ताकतों के बीच पिसते आ रहे हैं। कहीं और रहने वालों को जो मिलता है - सम्मान, सुरक्षा और पहचान, यही इनकी भी मांग है।

# मतदान-महादान : सफल लोकतंत्र की बुनियाद है मतदान



**डॉ. नीतू कुमारी नवगीत**

बिहार को लोकतंत्र की जननी माना जाता है।वज्जि संघ से जिस व्यवस्था की शुरुआत हुई, वह सारी दुनिया में शासन की सबसे विश्वसनीय व्यवस्था साबित हुई । बिहार एक बार फिर अपने सबसे मौलिक संवैधानिक अधिकार 'मतदान के अधिकार' का प्रयोग करने जा रहा है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश की विशिष्ट पहचान है। हर बार जब चुनाव होते हैं—चाहे संसद के हों, राज्य विधानसभा के हों या स्थानीय निकायों के, लोकतंत्र की भागीदारी की ऊर्जा फिर से जीवंत हो उठती है।

जैसे-जैसे बिहार 2025 के विधानसभा चुनावों की ओर बढ़ रहा है, राज्य के लोग एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। यह केवल सीटों की लड़ाई नहीं है; बल्कि शासन, विकास और जन-जवाबदेही की दिशा तय करने का अवसर है। वह भी ऐसे राज्य में जो भारत के सबसे ऊर्जावान और युवा राज्यों में से एक है।

हमारे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में हर व्यक्ति का वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की कई विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर कुछ सौ मतों का ही रहा है। हर नागरिक की भागीदारी से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष, सशक्त और विश्वसनीय बनती है।

भारत के चुनाव आयोग ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 दो चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 6 नवंबर 2025 को, जबकि शेष 122 सीटों पर 11 नवंबर 2025 को मतदान होगा। यह महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया 14 नवंबर 2025 को संपन्न होगी। इस दौरान 7.4 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलेगा, जिससे न केवल राज्य का भविष्य तय होगा बल्कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता और जीवंतता भी सुनिश्चित होगी।

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) किया है। यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक योग्य नागरिक, चाहे वह किसी भी लिंग, क्षेत्र या सामाजिक पृष्ठभूमि से हो, अपने मताधिकार का निष्पक्ष रूप से प्रयोग कर सकें। निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन के रूप में सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि वे मतदान दिवस से पहले वोटर हेल्पलाइन ऐप (ङ्कश्वद्दद्ग ॥द्गद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग ्रश्चश्च) या नेशनल वोटर्स पोर्टल (ह्वङ्कस्क्क) पर अपनी जानकारी अवश्य जांच लें।

***मतदान में भागीदारी है भारतीय लोकतंत्र की धड़कन***

भारत के लोकतंत्र की मजबूती केवल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या से नहीं, बल्कि उन लोगों की संख्या से मापी जाती है जो वास्तव में मतदान करने आते हैं। 2019 के आम चुनाव ऐतिहासिक रहे, क्योंकि उस समय भारत ने 67.4त्न की दर से रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया था। वहीं 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 57त्न मतदान हुआ, जो उत्साहजनक और भविष्य में अधिक भागीदारी के संकेत देने वाला रहा।

मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक कर्तव्य भी है। यह केवल कानूनी ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। जब भी कोई नागरिक मतदान करने का निर्णय लेता है, वह लोकतांत्रिक भावना को दोहराता है और निर्णय-प्रक्रिया में अपनी हिस्सेदारी निभाता है। इसके विपरीत, न डाला गया हर वोट एक गंवाया हुआ अवसर है। ऐसी आवाज़ जो उस व्यवस्था में कभी नहीं सुनी जाती, जो हर आवाज़ को सुनने के लिए बनी है!

हम सबको लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी आवाज बुलंद करनी है।

एक वोट का महत्व बहुत अधिक है। भारत में कई बार ऐसे उदाहरण देखे गए हैं, जब कुछ ही वोटों ने पूरे निर्वाचन क्षेत्र का नतीजा बदल दिया – और कई बार तो सरकार के गठन को भी प्रभावित किया।

कल्पना कीजिए, किसी निर्वाचन क्षेत्र में दो उम्मीदवारों के बीच केवल 200 वोटों का अंतर है। यही छोटा सा अंतर तय कर सकता है कि कौन उम्मीदवार जीतेगा, कौन-सी नीतियां लागू होंगी, और किस प्रकार की सरकार बनेगी। लोकतंत्र की असली ताकत उस एक परिवार या व्यक्ति में निहित है जो मतदान करने का निर्णय लेता है।

बिहार, अन्य भारतीय राज्यों की तरह, हाल के वर्षों में कड़े चुनावी मुकाबलों का साक्षी रहा है। यहां मतदाताओं की भागीदारी का सीधा प्रभाव विकास की प्राथमिकताओं, बजट आवंटन और स्थानीय विकास पर पड़ता है। यदि नागरिक बड़ी संख्या में मतदान करेंगे, तो यह सुनिश्चित होगा कि बनने वाली सरकार वास्तव में जनता की इच्छा को प्रतिबिंबित करे।

***आपके लिए आपके मतदान का महत्व***

मतदान केवल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर बटन दबा नहीं है, यह आपकी आवाज, चयन, और लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता की घोषणा है। हर वोट में यह ताकत होती है कि वह सरकार की दिशा और राष्ट्र के भविष्य को प्रभावित कर सके।

यह सशक्तिकरण का प्रतीक है, क्योंकि हर वोट यह संदेश देता है कि हर नागरिक महत्वपूर्ण है। उसकी राय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कल्याण जैसी नीतियों को दिशा देती है। मतदान करके नागरिक महसूस करते हैं कि वे न केवल इस देश के मालिक हैं, बल्कि उसके निर्णयों में भागीदार भी हैं।

उत्तरदायित्व भी मतदान का स्वाभाविक परिणाम है, क्योंकि जब अधिक संख्या में नागरिक मतदान करते हैं, तो जनप्रतिनिधियों को यह अहसास रहता है कि उनके कार्यों और प्रदर्शन पर सजग और सक्रिय मतदाताओं की नजर है।

लोकतंत्र के मूल में मतदान एक समानता का कार्य है। मतदान लोकतंत्र की धड़कन है। यह हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी वर्ग, जाति या पृष्ठभूमि से हो, समान अधिकार देता है कि वह भविष्य की दिशा तय करने में समान रूप से भाग ले सके। उच्च मतदान की प्रतिशतता विकास की निरंतरता को बढ़ावा देता है, इसका मतलब यह है कि सरकार की नीतियाँ नागरिकों की चिंताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती हैं, विशेषकर उन मुद्दों में जो उच्च प्राथमिकता के हैं, जैसे बुनियादी ढांचा, महिला सुरक्षा, शिक्षा, और रोजगार।

अंततः, मतदान की प्रक्रिया एक प्रभावी राष्ट्र-निर्माण का साधन है, जो लोकतंत्र को सुदृढ़ करती है, पारदर्शिता को बढ़ाती है और ऐसी शासन व्यवस्था निर्मित करती है जो वास्तव में भारतीय नागरिकों की सामूहिक इच्छा को दर्शाती है।

***पीछे न छूटे कोई मतदाता***

चुनाव आयोग के सतत प्रयासों के माध्यम से मतदान सभी नागरिकों के लिए सुलभ और समावेशी बन गया है। आयोग अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) के जरिए जागरूकता पैदा करता है कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं द्वारा मतदान और भागीदारी करना कितना आवश्यक है। यह अभियान स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थल और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचता है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जाता है और युवा पीढ़ी को यह समझने में मदद की जाती है कि देश के भविष्य में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं। इसी तरह, महिला मतदाताओं को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और सशक्त महसूस कराने पर जोर दिया जाता है, ताकि वे बिना किसी रोक-टोक के मतदान कर सकें।

आयोग विकलांग नागरिकों के लिए भी समावेशिता सुनिश्चित करता है, जैसे कि मतदान केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था, ब्रेल से सुसज्जित ईवीएम, और डाक मतपत्र उपलब्ध कराना। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, कुछ विशेष परिस्थितियों में घर पर मतदान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, ताकि प्रक्रिया आसान हो सके। इन सभी पहलों का मूल लक्ष्य सरल लेकिन शक्तिशाली है– कोई मतदाता पीछे न छूटे।

***युवा मतदाता, बड़ी ताकत- बिहार का भविष्य***

भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है। भारत की कुल आबादी में से 65 प्रतिशत से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं, और बिहार भारत के सबसे युवा राज्यों में से एक है। युवा मतदाता परिवर्तन, नवाचार और जीवंतता के प्रेरक होते हैं।

युवा नीति निर्धारण की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जो उनके जीवन को प्रभावित करती है—चाहे वह शिक्षा सुधार हो, रोजगार के अवसर, जलवायु परिवर्तन, या डिजिटलीकरण। प्रत्येक छात्र मतदाता भी लोकतंत्र को अधिक जिम्मेदार और बेहतर बनाने में योगदान देता है।

***जागरूक और नैतिक मतदान की शक्ति***

लोकतंत्र केवल भागीदारी से नहीं, बल्कि सूचित भागीदारी से फलता-फूलता है। मतदाताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि वे मतदान से पहले उम्मीदवारों, उनकी योग्यताओं और घोषणापत्रों की जानकारी प्राप्त करें।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है मतदान की नैतिकता—मतदान बिना किसी पक्षपात, प्रलोभन या दबाव के किया जाना चाहिए। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हर नागरिक की ईमानदारी पर निर्भर करता है। जब मतदाता सचेत और जागरूक होकर अपने अधिकारों का प्रयोग करते हैं, तब लोकतंत्र केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्य बन जाता है।

***मतदान दिवस – लोकतंत्र का उत्सव***

भारत में सभी चुनावों को लोकतंत्र का उत्सव कहा गया है। यह जनता की सामूहिक इच्छा का उत्सव है, क्योंकि नागरिक अपने भविष्य के बारे में निर्णय ले रहे होते हैं।

मतदान दिवस पर करोड़ों मतदाता, मतदान अधिकारी, सुरक्षा कर्मचारी और स्वयंसेवक मिलकर सुचारू, पारदर्शी और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर बिहार के गाँवों तक, हर मतदान केंद्र लोकतांत्रिक भारत की एक मिसाल बन जाता है।

चुनाव आयोग निष्पक्ष, समावेशी और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो भारत में चुनावी प्रक्रियाओं में वैश्विक विश्वास को भी पुनः पुष्टि करता है।

***मतदान राष्ट्र के प्रति कर्तव्य***

मतदान केवल एक अधिकार नहीं है, बल्कि अपने समुदाय और अपने राष्ट्र के प्रति एक कर्तव्य भी है। हर नागरिक के मतदान करने से लोकतंत्र की नींव और मजबूत होती है।

इतनी बड़ी संख्या में आपकी भागीदारी यह मजबूत संदेश देती है कि भारत में लोकतंत्र मृत, कमजोर या निष्क्रिय नहीं है। अपने मित्रों, परिवार और सहकर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करके, आप उस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं जो लोकतंत्र को सजीव और समावेशी बनाए रखता है।

***एक राष्ट्र, एक आवाज, एक वोट***

भारत का लोकतंत्र अपनी विशालता, पारदर्शिता और समावेशिता के कारण पूरी दुनिया में सराहा गया है। इसकी असली ताकत इसके नागरिकों की भागीदारी में निहित है।

जैसे-जैसे बिहार अपने 2025 विधानसभा चुनावों के लिए तैयार हो रहा है, प्रत्येक नागरिक का वोट भारतीय लोकतंत्र की व्यापक कहानी में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय निभाएगा। यह कहानी है विविधता में एकता, निर्णयों में समानता, और भागीदारी में शक्ति की।

हर बार जब आप मतदान करते हैं, आप केवल एक प्रतिनिधि का चुनाव नहीं कर रहे होते, बल्कि राज्य और देश के भविष्य को आकार दे रहे होते हैं। एक वोट शायद छोटा लगे, लेकिन जब यह करोड़ों वोटों में बदल जाता है, तो यह पूरे राष्ट्र का आंदोलन बन जाता है।

जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में फिर से मतदान और रंगे हुए अंगुलियों के साथ उत्साह देखने को मिलता है, तो याद रखें- आपका वोट आपकी आवाज है। आपकी आवाज़ आपकी ताकत है। इसे समझदारी से इस्तेमाल करें। गौरव के साथ भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं!

**( लेखिका प्रख्यात लोकगायिका एवं पटना जिला मतदाता जागरूकता आइकन , चुनाव आयोग हैं )**

# करवाचौथ पर 16 श्रृंगार करने से भाग्य में होगी वृद्धि, अखंड सौभाग्य का मिलेगा वरदान

**(ज्योति साह)**

करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाओं द्वारा व्रत रखने के साथ-साथ सोलह श्रृंगार करने का भी खास महत्व होता है। मान्यता है कि सोलह श्रृंगार सौंदर्य बढ़ाने के साथ-साथ भाग्य में भी वृद्धि करता है और इससे करवा माता प्रसन्न होती हैं। श्रृंगार की हर वस्तु का अपना एक अलग महत्व होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, व्रत रखने वाली महिलाओं को श्रृंगार जरूर करना चाहिए। इससे भाग्य में वृद्धि होती है और वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। करवाचौथ पर सोलह श्रृंगार करने से केवल सौंदर्य ही नहीं बढ़ता बल्कि इससे महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद भी प्राप्त हो सकता है।

**करवाचौथ पर सोलह श्रृंगार करने का महत्व:** मान्यता है कि करवाचौथ पर सोलह श्रृंगार करने से करवा माता प्रसन्न होती हैं और इस दिन व्रत रखने वाली महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होगा। ऋग्वेद के अनुसार, सोलह श्रृंगार महिलाओं का सौंदर्य बढ़ाने के साथ-साथ उनके भाग्य में भी वृद्धि करता है। पौराणिक मान्यता है कि सोलह श्रृंगार करने से पति की आयु लंबी होती है और दांपत्य जीवन सुखद बना रहता है। साथ ही, इसे श्रद्धा और समर्पण का भी प्रतीक माना गया है और सोलह श्रृंगार करने से करवाचौथ का व्रत भी पूर्ण होता है। श्रृंगार में हर एक वस्तु का अपना अलग महत्व होता है। मेहंदी पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक है, मंगलसूत्र मजबूत रिश्ते का और सिंदूर पति की लंबी आयु के लिए होता है।

**सुहागिनों के लिए 16 श्रृंगार**

* सिंदूर, मेहंदी* बिंदी- सौभाग्य का प्रतीक* मंगलसूत्र
* चूड़ियां* मांगटीका* आलता* काजल* नथ* पायल
* बिछिया* झूमके* साड़ी/नए वस्त्र* कमरबंद* बाजूबंद
* गजरा

**करवा चौथ पर जरूर धारण करें ये श्रृंगार:** सोलह श्रृंगार करना बहुत शुभ माना जाता है। लेकिन आज के समय में पूरे सोलह श्रृंगार कर पाना बेहद कठिन होता है। ऐसे में मान्यता है कि करवाचौथ पर अगर सुहागिन महिलाएं 16 श्रृंगार धारण न कर पाएं तो इन 6 श्रृंगार जरूर करने चाहिए।

सुहागिन महिलाओं को सिंदूर जरूर लगाना चाहिए। इसे शादीशुदा जीवन का प्रतीक माना जाता है, जिसका हिंदू धर्म में बेहद खास महत्व है। ऐसे में करवाचौथ के दिन सिंदूर जरूर लगाना चाहिए। ऐसा करने से पति की आयु लंबी होती है।

करवाचौथ के दिन व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओं को मंगलसूत्र जरूर पहनना चाहिए। इससे पति-पत्नी का रिश्ता मजबूत होता है और वैवाहिक जीवन में हमेशा खुशहाली बनी रहती है। इसे पति-पत्नी को आपस में जोड़ने वाला सूत्र माना गया है।

ऐसी मान्यता है कि करवाचौथ पर हाथों में मेहंदी लगवाने से पति और पत्नी के बीच का प्रेम गहरा होता है। साथ ही, मेहंदी के रंग को जीवनसाथी के प्रेम का प्रतीक भी माना गया है। इस श्रृंगार को करने से वैवाहिक जीवन सुखद बना रहता है। करवाचौथ पर चूड़ियां पहनने का खास महत्व होता है और इसे सुहाग का प्रतीक माना गया है। ऐसे में इस खास पर्व पर लाल, हरी, पीली, केसरिया आदि शुभ रंगों की चूड़ियां जरूर पहननी चाहिए। ऐसा करने से वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

इसे सुहाग का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में करवाचौथ के दिन बिछिया जरूर धारण करें। इसे केवल सुहागिन महिलाएं ही धारण करती हैं, जिसे भाग्यवर्धक भी माना जाता है। इससे वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं द्वारा बिंदी लगाने से नवग्रह शांत होते हैं, जिससे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, बिंदी धारण करने से सुहागिन महिला का भाग्य सूर्य के समान चमक सकता है।

# क्या आप 'हाई-फंक्शनिंग' एंग्जायटी के शिकार हैं? जानें इसके छुपे हुए लक्षण

**( शिखर बरनवाल)**

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्तूबर को मनाया जाता है, इस दिन को मनाने का उद्देश्य है कि लोगों के बीच में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। जब हम 'एंग्जायटी' या चिंता की बात करते हैं, तो अक्सर हमारे दिमाग में एक ऐसे व्यक्ति की तस्वीर उभरती है जो घबराया हुआ, परेशान और अपने दैनिक कार्यों को करने में असमर्थ होता है। लेकिन एंग्जायटी का एक ऐसा भी रूप है जो बाहर से बिल्कुल दिखाई नहीं देता, जिसे 'हाई-फंक्शनिंग एंग्जायटी' कहते हैं।

यह कोई क्लिनिकल डायग्नोसिस नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति बाहर से बेहद सफल, और आत्मविश्वासी दिखता है, लेकिन अंदर ही अंदर वह लगातार चिंता, भय और बेचैनी से जूझ रहा होता है। ऐसे लोग अपनी एंग्जायटी को अपनी सफलता का ईंधन बना लेते हैं, लेकिन यह धीरे-धीरे उन्हें अंदर से खोखला कर सकती है। इसलिए आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं कि 'हाई-फंक्शनिंग' एंग्जायटी क्या होता है और साथ ही इसके लक्षण के बारे में जानते हैं।

**सफलता के मुखौटे के पीछे का सच:** हाई-फंक्शनिंग एंग्जायटी से पीड़ित व्यक्ति अक्सर अपने कार्यक्षेत्र में एक 'स्टार परफॉर्मर' होता है। वे हमेशा समय पर काम पूरा करते हैं, हर डिटेल पर ध्यान देते हैं और परफेक्शनिस्ट होते हैं। वे दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और कभी 'न' नहीं कह पाते। बाहर से देखने पर यह उनकी खूबी लगती है, लेकिन असल में यह उनके अंदर छिपे 'असफल होने का डर' और 'दूसरों को खुश करने की जरूरत' से प्रेरित होता है। उनकी सफलता उनकी चिंता को छिपाने वाला एक मुखौटा बन जाती है।

**छुपे हुए शारीरिक और मानसिक लक्षण:** भले ही बाहर से सब ठीक दिखे, लेकिन अंदर ही अंदर उनका दिमाग लगातार चलता रहता है। वे बीती हुई बातों का विश्लेषण करते हैं, भविष्य को लेकर नकारात्मक सोचते हैं और हर छोटी गलती पर खुद को कोसते हैं। अब आइए इनके कुछ शारीरिक लक्षणों के बारे में जानते हैं। रात में दिमाग का शांत न हो पाना।

खासकर गर्दन और कंधों में लगातार खिंचाव महसूस होना। पेट में अक्सर बेचैनी या गड़बड़ी रहना।

**व्यवहार में दिखने वाले संकेत:** हाई-फंक्शनिंग एंग्जायटी वाले लोगों के व्यवहार में कुछ खास पैटर्न देखे जा सकते हैं। वे कभी आराम से नहीं बैठ पाते और हमेशा खुद को किसी न किसी काम में व्यस्त रखते हैं। वे अक्सर चीजों को आखिरी समय तक टालते हैं और फिर डेडलाइन आने पर अत्यधिक तनाव में काम करते हैं।

**क्या करें?**= यह स्थिति आपके सेहत के लिए खतरनाक हो सकती है क्योंकि व्यक्ति सफल दिखता है, इसलिए न तो उसे दूसरों से मदद मिलती है और न ही वह खुद अपनी समस्या को पहचान पाता है। यह लंबे समय में बर्नआउट या गंभीर एंग्जायटी डिसऑर्डर का कारण बन सकता है। अगर आपको ये लक्षण खुद में या किसी अपने में दिखें, तो इसे नजरअंदाज न करें। किसी थेरेपिस्ट या काउंसलर से बात करना पहला कदम हो सकता है। इसके अलावा, मेडिटेशन, अपनी सीमाएं तय करना और 'परफेक्ट' की जगह 'पर्याप्त' से संतुष्ट होना सीखना भी इससे निपटने में मदद करता है।नोट- यह लेख मेडिकल रिपोर्ट्स से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है।

# जीवन धारा- कल्पना असंभव को भी संभव बनाती है... सकारात्मक सोचने का सूत्र अपनाएं

**(ज्योति भास्कर)**

जिंदगी के खेल को सफलतापूर्वक खेलने के लिए हमें अपनी कल्पना शक्ति को सही दिशा में प्रशिक्षित करना होगा। जोअपनी कल्पना को सही ढंग से प्रशिक्षित करता है, वह अपनी हर इच्छा को पूरा कर लेता है।

ज्यादातर लोग जिंदगी को एक जंग समझते हैं, लेकिन यह जंग नहीं, बल्कि एक खेल है। यह ऐसा खेल है, जिसमें बिना आध्यात्मिक नियमों की समझ के सफलता नहीं मिल सकती। यह खेल देने और लेने का है। मनुष्य जो कुछ बोएगा, वही काटेगा। इसका मतलब है कि इन्सान जो भी शब्दों या कर्मों में देता है, वही उसे वापस मिलता है।

अगर वह नफरत देता है, तो उसे नफरत मिलेगी, अगर वह प्रेम देता है, तो उसे प्रेम मिलेगा, अगर वह आलोचना करता है, तो उसे आलोचना मिलेगी, अगर वह झूठ बोलता है, तो उसके साथ झूठ बोला जाएगा और अगर वह धोखा देता है, तो उसे धोखा मिलेगा। हमें यह भी सिखाया गया है कि इस जिंदगी के खेल में हमारी कल्पना शक्ति बहुत बड़ी भूमिका निभाती है।

अपने दिल या कल्पना को पूरी सावधानी से संभालो, क्योंकि उसी से जिंदगी के परिणाम निकलते हैं। इन्सान जो कुछ भी अपनी कल्पना में देखता है, वह देर-सबेर उसकी जिंदगी में हकीकत बन जाता है। मैं ऐसे व्यक्ति के बारे में जानती हूं, जो एक खास बीमारी से डरता था। वह बीमारी बहुत दुर्लभ थी, लेकिन वह बार-बार उसके बारे में सोचता और पढ़ता रहता, जब तक कि वह बीमारी उसके शरीर में नहीं आ गई, और वह अपनी गलत कल्पना का शिकार होकर मर गया। जिंदगी के खेल को सफलतापूर्वक खेलने के लिए हमें अपनी कल्पना शक्ति को सही दिशा में प्रशिक्षित करना होगा। जो व्यक्ति अपनी कल्पना को सिर्फ अच्छा सोचने के लिए प्रशिक्षित करता है, वह अपनी हर अच्छी इच्छा को पूरा कर लेता है, चाहे वह स्वास्थ्य, धन, प्रेम, दोस्त और आत्म-अभिव्यक्ति से संबंधित हो या फिर अपने सर्वोच्च आदर्श से। कल्पना को 'मन की कैंची' कहा गया है, और यह दिन-प्रतिदिन उन चित्रों को काटती रहती है, जो मनुष्य वहां देखता है। कल्पना को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित करने के लिए, मनुष्य को अपने मन की कार्यप्रणाली को समझना होगा। यूनानियों ने कहा था, स्वयं को जानो। बहुत से लोग अपनी वास्तविक किस्मत से अनभिज्ञ होते हैं और वे उन चीजों और परिस्थितियों के लिए प्रयास कर रहे होते हैं, जो उनकी हैं ही नहीं। यदि वे प्राप्त भी हो जाएं, तो कोई गारंटी नहीं कि उनसे संतोष मिलेगा ही। उदाहरण के लिए, मेरे पास एक महिला आई और उसने कहा कि वह अमुक व्यक्ति से प्यार करती है और शादी करना चाहती है। उसे कहने के लिए कोई 'अच्छा शब्द' बताइए। शादी के बाद दोनों में अनबन हो गई और अलग हो गए। महिला ने दूसरी शादी की, लेकिन इस बार भी रिश्ता आगे नहीं निभ सका। दरअसल, जिस तरह की कल्पनाएं वह अपने पति के लिए करती थी, वैसी खूबियां दोनों ही शादियों में नहीं मिलीं और वह असंतुष्ट ही रही। कहने का मतलब है, कल्पना शक्ति को सही दिशा में लगाकर सबसे पहले खुद को जानना जरूरी है।

**सूत्र- सकारात्मक सोचें:** धरती पर प्रत्येक जीव का समय तय है। इस बीच हमें स्वास्थ्य, धन, प्रेम, दोस्त, आत्म-अभिव्यक्ति, और अपने सबसे ऊंचे आदर्श को प्राप्त करना होता है। लेकिन कुछ लोग नासमझी के कारण दूसरों से घृणा करते हैं, और जीवन चक्र उनके कर्मों के फल देता ही है, भले कुछ समय बाद दे। इसलिए अपने समेत सबके लिए सकारात्मक सोचें।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 09-10-2025 21:48 Page 1



# जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## तंबाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का दिया संदेश, उपायुक्त ने दिलाई तंबाकू निषेध की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय परिसर से आज उपायुक्त आर. रॉनिटा के द्वारा तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार, सिविल सर्जन डॉ. एन मांझी, डीपीएम, डीपीसी, डीडीएम, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



यह जागरूकता रथ जिला स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो 09 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि तंबाकू एवं निकोटीन युक्त किसी भी उत्पाद का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। साथ ही, जो व्यक्ति वर्तमान में तंबाकू का सेवन करते हैं उन्हें इसे छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे एक स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें।

इस मौके पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर एक तंबाकू मुक्त, स्वस्थ एवं समृद्ध झारखंड और भारत का निर्माण करना है। हमें स्वयं तंबाकू और निकोटीन युक्त किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करना चाहिए और न ही किसी अन्य व्यक्ति को इसका सेवन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिंदगी चुने, तंबाकू नहीं – क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है।

इसके अलावा, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन एवं अन्य पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान के तहत अपने हस्ताक्षर कर तंबाकू निषेध के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों से मुक्त करने का संकल्प लिया।

# आदि कर्मयोगी अभियान से क्षेत्र में विकास की बह रही गंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर जिले के आदिवासी बहुल 244 गांवों में विशेष ग्राम सभा में विलेज एक्शन प्लान तैयार होगा।

शनिवार को भारत सरकार के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश मीणा की मौजूदगी में सदर प्रखंड के पांच आदिवासी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर विलेज एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिया गया।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के उक्त अभियान का विजन एवं उद्देश्य आदिवासी समाज का उत्थान है। सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना से जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन को जवाबदेही सौंपी जा रही है।

समाज के अंतिम छोर तक सरकारी सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने आदि कर्मयोगी अभियान

### विलेज एक्शन प्लान को दिया गया अंतिम रुप

को चिन्हित गांवों में सरजमीन पर उतारने के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान बीते 17 सितंबर से शुरू किया गया है। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर इसका समापन किया गया। अब जिले के चिन्हित 244 गांवों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों के मनोनुकूल उपयोगी योजनाओं और कार्यक्रमों का चयन किया जा रहा है।

आदिवासी बहुल गांवों की समृद्धि एवं समुचित विकास को सुनिश्चित करने के लिए विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। साथ ही पोर्टल में इसे अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

भारत सरकार के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश मीणा ने सदर प्रखंड की डोकाबांध में जनजातीय समाज के साथ ग्राम सभा में आदि कर्मयोगी अभियान पर उनकी राय ली। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं आदि कर्मयोगी, साथी एवं सहयोगी सभी को शपथ दिलाई गई।

सभी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता से करने, आदिवासी समाज, वंचित वर्ग तथा ग्रामीण समुदायों के सर्वांगीण विकास के सतत प्रयास करने, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास एवं पर्यावरण के क्षेत्रों में सक्रिय योगदान करने, सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सहयोग करने का शपथ दिलाई गई।

# मजदूरों और ट्रांसपोर्टर के बीच चली गोलियां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**झरिया।** धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम में गुरुवार को ट्रांसपोर्टर व चावल लोड कर रहे मजदूरों के बीच झड़प हो गया। झड़प के दौरान सात राउंड फायरिंग की हुई। फायरिंग के दौरान विनोद नगर निवासी श्रवण नमक एक मजदूर के पैर में गोली लग गई। लोगों ने तत्काल श्रवण को धनबाद के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया। वहीं, दूसरी ओर घटना से गुस्साए मजदूरों ने ट्रांसपोर्टर संजय सिंह के पुत्र कुणाल सिंह सहित तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही धनसार पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची।

पुलिस ने घटनास्थल से एक माउजर, खोखा और दो काली रंग की कार जब्त की। कार में भाजपा का झंडा लगा हुआ था। मजदूरों ने बताया की ट्रैक चालकों द्वारा भाड़ा बढ़ाने को लेकर आंदोलन कर रहे थे। जिससे रेलवे रैक से चावल की लोडिंग प्रभावित हो गई। इसी बात से नाराज होकर ट्रांसपोर्टर पक्ष के संजय सिंह, कुणाल सिंह सहित एक दर्जन लोग दो स्कॉर्पियो कार से पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। विरोध में मजदूरों ने भी उक्त लोगों पर हमला कर दिया। तनाव को देखते हुए बैंक मोड़ और धनसार पुलिस छावनी में तब्दील हो गई।मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

# झारखण्ड राज्य ने देखा चार दशकों का सबसे भयंकर मानसून

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड ने इस साल दशक की सबसे भयंकर मानसून देखी, जिसने राज्य में व्यापक तबाही मचाई। जून से सितंबर के बीच भारी बारिश और इससे जुड़ी आपदाओं में कम से कम 458 लोगों की जान चली गई, हजारों घर क्षतिग्रस्त हुए और खेत बर्बाद हो गए, सरकारी आंकड़े बताते हैं।

राज्य के विभिन्न विभागों से संकलित आंकड़ों के अनुसार, 186 लोग बिजली की चपेट में आकर मारे गए, जबकि 178 लोग बारिश से जुड़े हादसों में डूब गए। बाढ़, भूस्खलन और मकान ध्वस्त होने की घटनाओं ने शेष मौतों की संख्या पूरी की। इस दौरान 467 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए और 8,000 से अधिक घरों को आंशिक नुकसान हुआ। 2,390 हेक्टेयर में फसलें बर्बाद हो गईं, खासकर रांची, गुमला, लोहदगा और सिमडेगा जिलों में।

साहिबगंज में गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से लगभग 20,000 लोग विस्थापित हुए। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने



पीटीआई से बताया, ‘इस साल झारखंड में 1 जून से 30 सितंबर के बीच 1,199.5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 18 प्रतिशत अधिक है। यह राज्य में पिछले दशक की सबसे अधिक बारिश है। पिछले तुलनीय आंकड़े 2016 में 1,101.8 मिमी थे।

अभिषेक आनंद ने रिकॉर्ड बारिश के लिए जलवायु परिवर्तन और बंगाल की खाड़ी में बढ़ते समुद्री सतही तापमान को जिम्मेदार बताया, जिसके कारण झारखंड की ओर बार-बार निम्न दाब का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा, ‘इस मौसम में बंगाल की खाड़ी असामान्य रूप से सक्रिय रही, जिससे पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में बार-बार भारी वर्षा हुई।’

जिलों में सबसे अधिक बारिश ईस्ट सिंहभूम में 1,669.5 मिमी दर्ज की गई, उसके बाद सरायकेला-खरसावां (1,526.3 मिमी) और रांची (1,550.2 मिमी) रहा, जहां सामान्य से 50 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई।

आईएमडी ने दीवाली और छठ पूजा के आसपास ‘गुलाबी सर्दी’ या हल्की सर्दी की भविष्यवाणी की है, उसके बाद मौसम में संभावित तीव्र सर्दी पड़ सकती है। आनंद ने बताया, ‘सर्दी की तीव्रता वैश्विक कारकों जैसे ला नीना, वायु धाराओं में बदलाव और हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी पर निर्भर करेगी।

हालांकि अब बारिश की गतिविधि धीरे-धीरे कम हो रही है, आईएमडी ने कुछ क्षेत्रों में 12 अक्टूबर तक मध्यम बारिश, गरज और बिजली गिरने की संभावना जताई है। उसके बाद मानसून पूरी तरह से समाप्त होने के साथ सूखा मौसम बने रहने की उम्मीद है।

# सीएससी संचालक के घर अपराधियों ने की लूटपाट

## नकदी, जेवर तथा ड्रोन कैमरा भी ले गये अपराधी

- पुलिस कर रही संभावित ठिकानों पर छापेमारी
- गन प्वाइंट पर अपराधियों ने बनाया था बंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिरनी।** भरकट्टा ओपी क्षेत्र के चिताखारो के सीएससी संचलक संजय वर्मा के घर पर अज्ञात डकैतों ने रिवाल्वर का भय दिखाकर नकदी समेत साढ़े चार लाख की संपत्ति लूट ली। इनमें नकद ढाई लाख रुपये शामिल है। घटना बुधवार व गुरुवार रात करीब एक बजे की है।

संजय वर्मा सीएससी व जनरल दुकान घर पर चलता है । पीड़ित के मुताबिक प्रतिदिन की तरह रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर खाना खाया और स्वजन के साथ घर में सो गया। आधी रात को घर का मुख्य दरवाजा तोड़ कर अज्ञात डकैतों ने प्रवेश किया।

दंपती और उनके एक छोटे पुत्र पर बंदूक तान कर सबों को बंधक बना लिया।सटा सशस्त्र अपराधी आराम से नकदी , जेवर, ड्रोन कैमरा आदि सामग्री लेकर चलते बने।

बताया कि घर के अंदर छह डकैत प्रवेश किए थे । सभी नकाबपोश थे।आपस में बातचीत में हिंदी का उपयोग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ धनंजय राम व ओपी प्रभारी अमन सिंह पहुंचे।

पीड़ित से अल सुबह पूरी घटना की जानकारी ली गई। पुलिस अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# बिना लाइसेंस के जिले में चल रहीं हजारों दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** राज्य में खानपान की दुकानें चलाने वाले दुकानदारों के लिए फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके बावजूद पाकुड़ जिले में 76 प्रतिशत खानपान की दुकानें बिना लाइसेंस के चल रही हैं।

अब तक जिले में केवल 1200 दुकानदारों के पास ही फूड लाइसेंस है, जबकि जिले में नाश्ता, मिठाई व होटल व्यवसाय से पांच हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति तो और भी खराब है। नियमों की अनदेखी के साथ ही कई दुकानों में हानिकारक खाद्य सामग्री का उपयोग भी हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जटिल है। ऐसे में बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसलिए हमलोगों ने आवेदन करना ही छोड़ दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानदार अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में निम्न गुणवत्ता की मिठाई, रंगयुक्त मसाले और जले हुए तेल का उपयोग कर रहे हैं। इससे पेट, लिवर और किडनी संबंधी रोगों का खतरा बढ़ रहा है।

कई बार विभागीय जांच में ऐसे सामानों को नष्ट करवाते देखा गया है। चिकित्सकों का कहना है कि लिवर व पेट के रोगियों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अधिकांश मरीज बाहर के खानपान के कारण बीमार पड़े हैं।

सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी, कोयला मोड़, ईलामी, संग्रामपुर, चांदपुर, चांचकी, हिरणपुर के डांगापाड़ा, रानीपुर, मोहनपुर, तोड़ाई, अमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, धर्मपुर मोड़, चटकम, सिमलौंग, महेशपुर अंबेडकर चौक, शहरग्राम सहित दर्जनों स्थानों पर ऐसी दुकानें दोपहर में ही सज जाती हैं और देर रात तक चलती हैं।

इनमें से अधिकांश दुकानदारों के पास फूड लाइसेंस नहीं है, जिससे ये दुकान खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन नहीं कर रही हैं। नतीजतन, इन दुकानों में तैयार खाद्य सामग्री का उपयोग कर ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं।फूड लाइसेंस बनवाने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड और दुकान के स्वामित्व से संबंधित कागजात की आवश्यकता होती है। इच्छुक दुकानदार प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की जांच के बाद फूड लाइसेंस जारी किया जाता है।

खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी दुकानदारों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना वैध अनुमति के कारोबार करने वालों को छह माह कारावास एवं पांच लाख तक जुमार्ने का प्राविधान है।

# जेलों में हुई हाईटेक व्यवस्था लागू

**रांची।** राज्य की जेलों में कैदियों की अपनों से मुलाकात की व्यवस्था अब बड़े स्क्रीन पर आ गई है। इसका नाम इन पेयर विजिटर इंटरकॉम वाइस लॉगर सिस्टम है। पहले खिड़की पर होने वाले मुलाकात में बातचीत में संकोच, कोलाहल व आवाज की अस्पष्टता से भी मुक्ति मिल गई है।

कैदियों को अपने स्वजनों से मुलाकात व बातचीत में आ रहे व्यवधान को दूर करने की यह कोशिश कारगर साबित होने लगी है। नए जेल मैनुअल में भी इसपर जोर था, उस अनुरूप सभी जेलों में यह व्यवस्था लागू करने की बाध्यता थी। इसे अब दूर कर लिया गया है।

राज्य में छोटे-बड़े सभी जेलों की संख्या 31 है। इन सभी जेलों में मुलाकाती कक्ष को हाईटेक किया जा रहा है। 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे हो गए हैं। इसमें कैदी व उनके परिजन के बीच खिड़की के बदले में एक दीवार है। दोनों तरफ आठ-आठ, दस-दस केबिन बने हैं और उसमें इलेक्ट्रानिक स्क्रीन और इंटरकॉम लगे हैं। दीवार की एक तरफ कैदी व दूसरी ओर उसके स्वजन बैठकर दस मिनट तक एक-दूसरे को देखकर बात कर सकते हैं।

# गिरफ्तार साइबर अपराधियों के नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

## 100 फर्जी खातों को पुलिस करायेगी बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को बैंकमोड़ झरिया रोड स्थित द होटल कैसल में छापेमारी कर पकड़े गए नौ साइबर अपराधियों से जुड़े नेटवर्क की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस अब करीब 100 फर्जी बैंक खातों को फ्रीज करने की तैयारी में है, साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ठगी से वसूली गई रकम को हवाला के जरिए कितनी राशि स्थानांतरित की गई है।

गिरफ्तार कर जेल भेजे गए शातिरों के मोबाइल और लैपटॉप की तकनीकी जांच में बैंक खाता और लेनदेन के कई प्रमाण मिले हैं, जो पहले से साइबर ठगी की शिकायतों में दर्ज है। अपराधियों के फोन से प्राप्त संदेशों और दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ है कि यह गिरोह निवेश घोटाले और गेमिंग एप के माध्यम से लोगों को झांसा देकर अवैध रूप से धन अर्जित करता था।

जांच में सामने आया है कि गिरोह विभिन्न बैंकों में फर्जी खाते खुलवाकर ठगी की रकम को आभासी मुद्रा में बदलता था और फिर उसे भारतीय रुपये में परिवर्तित कर अपने एजेंटों के खातों में भेजता था। बाद में इन्हीं खातों से नकद निकासी की जाती थी।

जेल भेजे गए शातिरों में कुमार विशाल सिंह, अर्नव कुमार राय, सुमित कुमार, रिजवान खान, राहुल कुमार राय, विशाल कुमार, मो. असिफ, मो. मोबस्सिर आलम और राजकुमार सिंह सभी की उम्र 20 से 33 वर्ष के बीच है और ये धनबाद, बोकारो तथा पश्चिम बंगाल के रहनेवाले हैं।



बरामद सामान में 17 मोबाइल फोन विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर जारी सिम के साथ, 23 अलग-अलग बैंकों के निकासी कार्ड, एक टैबलेट, एक लैपटॉप, नकद 5,80,700 व मोबाइल से प्राप्त बैंकखाते और लेनदेन की 99 छायाप्रतियां शामिल है। पुलिस इन अपराधियो के नेटवर्क खंगाल रही है।

पुलिस को आशंका है कि अपराधियों का नेटवर्क झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार और दिल्ली तक फैला हो सकता है।

पुलिस अब उन खातों की जांच कर रही है, जिनसे ठगी की रकम का लेनदेन हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कई खातों का प्रयोग निवेश घोटाले, गेमिंग एप और ऑनलाइन सट्टेबाजी के माध्यम से रुपये कमाए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि साइबर अपराधियों के इस नेटवर्क का खुलासा बड़ी सफलता है, और आगे की जांच में कई अन्य अन्य कड़ी भी जुड़ सकती है।

# व्यक्तिगत उपस्थिति पर अब फैसला 17 अक्टूबर को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दायर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी आवेदन पर अब 17 अक्टूबर 2025 को सुनवाई होगी।

चाईबासा एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय ने गुरुवार को इस आवेदन पर आदेश पारित करने के लिए अगली तिथि निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी को लेकर चाईबासा सिविल कोर्ट में भाजपा नेता प्रताप कटियार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी।

आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने एक अधिवेशन में कहा था कि एक हत्या के आरोपित को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है, लेकिन ऐसा कांग्रेस में नहीं हो सकता। इस टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ मानहानि की शिकायत दायर की गई थी।



राहुल गांधी ने अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमे में ट्रायल के दौरान निजी उपस्थिति से छूट के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत आवेदन दाखिल किया है।

इस आवेदन पर अदालत को 4 अक्टूबर को फैसला सुनाना था। लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई टल गई थी। अब चाईबासा एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए इस आवेदन पर आदेश पारित करने के लिए अगली तिथि निर्धारित की है।

# उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को ले वर्चुअल समीक्षा

## प्रखंडवार प्रगति की गहन समीक्षा कर दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं गव्य विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी उपस्थित रहे, वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक में जुड़े।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किए गए कार्यों, लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त उपलब्धियों तथा लाभुकों के चयन की स्थिति की जानकारी एक-एक कर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से ली। साथ हीं उन्होंने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी योग्य लाभुकों का चयन पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन को प्राप्त हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत विभिन्न घटकों जैसे – गाय पालन, बकरा पालन, सूकर पालन, कुक्कुट पालन, बत्तख चूजा वितरण, मिल्किंग मशीन, पनीर एवं





खोआ मेकिंग यूनिट, वर्मी कंपोस्ट, डीप बोरिंग, काऊ मेट, हस्तचालित चैफ कटर एवं विद्युतचालित चैफ कटर की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं लाभुकों को समय पर सहायता प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।अंत में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से जिला मुख्यालय को प्रेषित करें तथा जिन प्रखंडों में कार्य प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वहाँ विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभुकों का चयन कर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। साथ हीं जेएसएलपीएस अंतर्गत इच्छुक स्वयं सहायता समूह की दीदियों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाए।

# खेत से मिला हाथी के नवजात बच्चे का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत स्थित घोड़ागढ़ा, बघौता टोला में एक धान खेत से 15 दिन पूर्व जन्मे नवजात हाथी का बच्चा मृत पाया गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने शव को देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मृत हाथी के बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

जिसमें लातेहार वेटनरी सर्जन डॉ. हरिहर प्रसाद व पशु चिकित्सकों की टीम ने मृत हाथी के बच्चे के लंग्स, हृदय, पेट, लिवर, स्प्लीन समेत अन्य अंगों को फोरेंसिक जांच में भेजने हेतु सैंपल लिया। ताकि पता लगाया जा सके की नवजात हाथी की मौत प्वाइजनिंग से हुई है या किसी अन्य कारण से।

बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार नेतृत्व में भी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मेटल डिटेक्टर से शव निरीक्षण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए रेंजर नंद कुमार मेहता ने बताया कि मेटल डिटेक्टर का प्रयोग कर यह पता लगाया कि हाथी ने कोई धातु की वस्तु निगल ली है या किसी ने गोली मारकर नवजात हाथी की हत्या तो नहीं कर दी है।

उन्होंने बताया कि गणेशपुर एवं शेरेगड़ा पंचायत में इन दिनों 10-15 जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। संभावना है कि नवजात हाथी का बच्चा झुंड के किसी वयस्क हाथी के पैर के नीचे आ गया होगा और कीचड़ में दबने से उसकी मौत हो गई हो गई होगी।

हाथी के मृत बच्चे के आसपास कीचड़ और गड्ढे के निशान भी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। वहीं पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद मृत हाथी के बच्चे के शव को जंगल में ही गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया।

बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने बताया कि हाथी के बच्चे की मौत मामले को लेकर बालूमाथ थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

CMYK

## नई श्रम शक्ति नीति-2025: श्रमिकों के लिए कई नए प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं

# गिग वर्कर्स को भी पेंशन और बीमा का मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से नई श्रम शक्ति नीति में श्रमिकों के लिए कई नए प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं। इसके तहत अब स्विगी, जोमैटो, ओला, उबर, अमेजन जैसे ऑनलाइन मंचों के लिए काम करने वाले औपचारिक या अस्थायी श्रमिकों (गिग वर्करों) को मान्यता मिलेगी। इसका मतलब है कि उन्हें भी अब सामाजिक सुरक्षा, बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

इसके लिए राज्य सरकारों को ऐसे श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन अभियान चलाना होगा। इससे डिजिटल मंचों के जरिए सेवाएं प्रदान करने वाले गिग वर्करों को भी सामाजिक सुरक्षा का पूरा लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा अब सभी श्रमिकों और कंपनियों से जुड़ा डाटा श्रम पोर्टल पोर्टल रहेगा।

यह सिस्टम बताएगा कि किस क्षेत्र में कितने लोग काम कर रहे हैं, किसे बीमा या पेंशन का लाभ मिला और कहां सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ। शिकायतें भी अब ऑनलाइन दर्ज होंगी और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाएगा। नीति को कुल तीन चरणों में लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें नीति से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने पर ध्यान दिया जाएगा।




भारत के पास 50 करोड़ से अधिक श्रमिक बल

मसौदे में कहा गया है कि भारत की कार्यबल में 50 करोड़ से अधिक श्रमिक शामिल हैं, जिनमें औपचारिक,अनौपचारिक , गिग और स्व-रोजगार से जुड़ी श्रमिक शामिल हैं। यह कार्यबल भारत की सबसे बड़ी उत्पादक संपत्ति है। इतनी बड़ी जनसंख्या और विविधता भारत को रणनीतिक बढ़त को दर्शाता है लेकिन समान विकास, गुणवत्तापूर्ण रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी जटिल चुनौतियां भी हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए एकीकृत रूप से सामाजिक सुरक्षा के लिए काम किए जाने की जरूरत है।

श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए ईपीएफओ, ईएसआईसी, पीएमजेवाई, ई-श्रम और राज्य कल्याण बार्डों को जोड़कर एकीकृत सामाजिक सुरक्षा खाता बनाया जाएगा। कार्यस्थलों पर सुरक्षा और स्वास्थ्य संहिता 2020 का कार्यान्वयन किया जाएगा, जिसमें जोखिम आधारित निरीक्षण और महिलाओं के लिए संवेदनशील मानक शामिल होंगे। स्किल इंडिया, एनएपीएस और पीएमकेवीवाई कार्यक्रमों को जोड़कर एक एकीकृत करियर ढांचा तैयार किया जाएगा।

### नीति को तीन फेज में लागू किया जाएगा

**पहला फेज:** 2025-27 सभी श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन और सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म तैयार करना।

**दूसरा फेज:** 2027-30 स्किल इंडिया और नेशनल करियर सर्विस को जोड़ना, डिजिटल सिस्टम को मजबूत बनाना।

**तीसरा फेज:** 2030 के बाद 100 फीसदी श्रमिकों का कवरेज और एकीकृत राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस तैयार किया जाएगा। वर्ष 2030 तक महिलाओं की श्रम भागीदारी 35 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया। युवाओं के लिए उद्यमिता और करियर मार्गदर्शन के नए अवसर देने पर जोर दिया जाएगा। एमएसएमई के लिए सिंगल विंडो डिजिटल अनुपालन और सेल्फ सर्टिफिकेशन प्रणाली लागू की जाएगी। ग्रीन जॉब्स, एआई-सक्षम सुरक्षा प्रणालियां और पर्यावरण-हितैषी उद्योगों को बढ़ावा।इंटीग्रेटेड नेशनल लेबर डेटा आर्किटेक्चर के माध्यम से पारदर्शिता और मंत्रालयों के बीच तालमेल सुनिश्चित किया जाएगा। नई श्रम नीति रोजगार सुगमकर्ता के रूप में कार्य करेगी, जो श्रमिकों, नियोक्ताओं और प्रशिक्षण संस्थानों को जोड़ने का काम करेगा। नेशनल करियर सर्विस को भारत की डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एम्प्लॉयमेंट के रूप में विकसित किया जाएगा।

## दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। सरकार घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विस्तार के लिए कई पहल कर रही है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह बात कही। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के छठे संस्करण में बोलते हुए मंत्री ने आज यह भी कहा कि दुनिया भारत को विश्वास और भरोसे के साथ देखती है। भारत उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा, कौशल, वस्तुओं और सेवाओं की गारंटी देता है और समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने कहा कि फिनटेक दुनिया में भागीदार से लेकर अब प्रमुख वास्तुकार बनने तक, भारत वैश्विक पहलों का नेतृत्व कर रहा है। मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि जब हम अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे, तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। और यह तकनीक को अपनाए बिना, डिजिटल दुनिया में हो रही गतिविधियों से अवगत कराए बिना, और दुनिया भर में हमारी व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ाए बिना संभव नहीं है। और यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि भारत को दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार माना जाए। गोयल ने आगे कहा कि जब भारत 2047 तक 30, 32 या 35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है। आप देखेंगे कि इसे हासिल करना बहुत संभव है... कुछ ऐसा जिसे हासिल करने के लिए हम सभी सामूहिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से बुनियादी ढांचे के विकास और उपभोग आधारित वृद्धि के दोनों स्तंभों पर आधारित घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठा रही है।

## पैसेंजर व्हीकल, ट्रैक्टर और ट्रक को अलग-अलग यूनिट में कर सकती है डिवाइड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों में शुमार महिंद्रा एंड महिंद्रा एक महत्वपूर्ण पुनर्गठन की संभावना तलाश रही है। कथित तौर पर कंपनी अपने मुख्य ट्रैक्टर, पैसेंजर व्हीकल और ट्रक बिजनेस को अलग-अलग फेसिलिटी में शिफ्ट कर सकती है। इस कदम का उद्देश्य व्यावसायिक संभावनाओं को उजागर करना, मापनीयता को बढ़ाना और अधिक केंद्रित रणनीतियों को संभव बनाना है। इससे ऑटोमोटिव सेक्टर के स्थिर विकास को बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये शुरुआती इंटरनल डिस्कशन हैं और इस तरह के कदम की व्यवहार्यता और इसके परिणामों का आकलन करने के लिए प्रारंभिक समीक्षा शुरू हो गई है। वर्तमान में ये व्यवसाय समूह की प्रमुख कंपनी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अंतर्गत प्रभागों के रूप में कार्य करते हैं। पिछले 5 सालो में ऑटोमोटिव और कृषि उपकरण क्षेत्र दोनों प्रभागों ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इसने एसयूवी और ट्रैक्टरों में महिंद्रा के नेतृत्व को और मजबूत किया है।

### भारत के टॉप-100 सबसे अमीरों की दौलत घटी

# मुकेश अंबानी नंबर 1 पोजीशन पर कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फोर्ब्स की 2025 लिस्ट के अनुसार, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 9 प्रतिशत घटकर 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पर आ गई है। यानी लगभग 100 अरब डॉलर की कमी हुई है। इस गिरावट का मुख्य कारण रुपये की कमजोरी और सेंसेक्स में 3 प्रतिशत की गिरावट बताया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी लगातार भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। हालांकि, उनकी संपत्ति 12 प्रतिशत यानी 14.5 अरब डॉलर कम होकर 105 अरब डॉलर रह गई है।

अंबानी अब भी सेंटिबिलियनेयर (100 अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले) हैं। उन्होंने रिलायंस इंटेलिजेंस नामक नया-द्ध विभाग शुरू किया है और छ्वद्बश को 2026 में लिस्ट करने की योजना बनाई है। गौतम अडानी और उनका परिवार 92 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए भारी शेयर गिरावट के बाद, सितंबर 2025 में भारतीय सेबी ने कहा कि धोखाधड़ी के आरोप साबित नहीं हो सके। इससे अडानी समूह को राहत मिली।



### टॉप 10 भारत के रईस 2025, संपत्ति (अमेरिकी डॉलर में)

1 मुकेश अंबानी 105 अरब
2 गौतम अडानी व परिवार 92 अरब
3 सावित्री जिंदल 40.2 अरब
4 सुनील मित्तल व परिवार 34.2 अरब
5 शिव नादर 33.2 अरब
6 राधाकिशन दमानी व परिवार 28.2 अरब
7 दिलीप संघवी 26.3 अरब
8 बजाज परिवार 21.8 अरब
9 सायरस पूनावाला 21.4 अरब
10 कुमार बिड़ला 20.7 अरब

### सावित्री जिंदल तीसरे, सुनील मित्तल की बड़ी बढ़त

सावित्री जिंदल, ओ.पी. जिंदल समूह की प्रमुख, ने तीसरा स्थान बनाए रखा है। उनकी कुल संपत्ति 3.5 अरब डॉलर घटकर 40.2 अरब डॉलर रह गई। जबकि, सुनील मित्तल (भारती समूह) इस साल के सबसे बड़े गेनर रहे। उनकी संपत्ति 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 34.2 अरब डॉलर हो गई है। वे तीन स्थान ऊपर उठकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। यह वही स्थान है, जो उन्होंने 2008 में हासिल किया था।

# 900 करोड़ रूपये से अधिक के आयकर रिफंड क्लेम फर्जी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर रिटर्न प्रक्रिया पूरा होने के बाद अब दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आयकर विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के जरिए संदिग्ध रिटर्न की छानबीन कर रहा है। अभी तक की जांच प्रक्रिया के बाद बड़ी संख्या में ऐसे आयकर रिटर्न सामने आए हैं, जिसमें कर बचाने व रिफंड पाने के लिए गलत दावे किए गए। स्कूल फीस, राजनीतिक दलों व गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को दान देने संबंधी फर्जी रसीद लगाई गई।

एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि 20 हजार से अधिक के रिफंड मामलों में जांच की जा रही है, जिस वजह से रिफंड आने में देरी हो रही है, जिन मामलों में रिटर्न में फर्जी क्लेम कर रिफंड पाने व कर बचाने का दावा किया गया है। उन मामलों में नोटिस जारी किया गया है। छोटे मामलों में रिटर्न को संशोधित करने का अवसर दिया जाता है लेकिन जहां पर लगता है कि जानबूझकर फर्जी क्लेम किया गया है। वहां पर नोटिस प्रक्रिया के बाद जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

### जांच प्रक्रिया जारी

सूत्रों का कहना है कि अभी तक दो लाख से अधिक रिटर्न को संदिग्ध माना गया है, जिसमें करीब 900 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड के दावे फर्जी पाए गए हैं। आने वाले समय में यह धनराशि बढ़ सकती है, क्योंकि अभी तक जांच प्रक्रिया जारी है। एआई द्वारा रिटर्न भरते वक्त जमा किए गए कागजों की जांच की जा रही है, जिसमें एआई यह देखा है कि जिस संस्थान के नाम पर दान दिया गया है, उसके खाते में धनराशि जमा हुई या नहीं हुई। दरअसल आयकरदाता के पैन कार्ड नंबर और दान लेने वाली संस्था के पैन कार्ड नंबर के आधार पर एआई यह पहचान करता है कि धनराशि का लेनदेन हुआ है या नहीं। उसके बाद आयकर विभाग ने ऐसे मामलों से जुड़ी फाइल को अलग करके दस्तावेजों की छानबानी की।

# टाटा समूह में विवाद पर नियामक से लेकर निवेशकों की तक की नजर

### 10 सितंबर को होगी बोर्ड की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई दशक पुराने टाटा समूह में उपजे विवाद पर अब नियामकों और निवेशकों की नजर टिकी हुई है। विवाद को सुलझाने के लिए 10 सितंबर को बोर्ड की बैठक है। इससे पहले मंगलवार को ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी।

सूत्रों के मुताबिक, टाटा ट्रस्ट्स के भीतर गवर्नेंस, पारदर्शिता और टाटा संस की बाजार में लिस्टिंग को लेकर मतभेद सामने आए हैं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, टाटा संस को सितंबर तक बाजार में लिस्ट होना था। पर अभी तक लिस्टिंग की कोई तैयारी नहीं है। माना जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने टाटा संस को लिस्ट से छूट दे दी है।

टाटा ग्रुप का नियंत्रण टाटा ट्रस्ट्स के पास है, जिसकी संस



में बहुमत की हिस्सेदारी है। टाटा संस 180 अरब डॉलर के कारोबारी साम्राज्य वाले टाटा समूह को नियंत्रित करती है। इसमें टाटा स्टील, टाटा मोटर्स व टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज समेत तमाम कंपनियां शामिल हैं। बैठक ऐसे वक्त में हुई है जब रतन टाटा की पहली पुण्यतिथि 9 अक्तूबर को है। केंद्र सरकार को कुछ ट्रस्टीज ने संपर्क किया था, ताकि संगठन के अंदर चल रहे मतभेदों को सुलझाने में मदद मिल सके।

### यह भी है विवाद का कारण

नरतन टाटा का उत्तराधिकारी माना गया था। हालांकि कुछ ट्रस्टी फैसला लेने की उनकी शैली पर निगरानी रख रहे हैं। समूह के आंतरिक नियमों के अनुसार, टाटा संस से जुड़े बड़े फैसलों के लिए टाटा ट्रस्ट्स के ट्रस्टीज की मंजूरी लेनी जरूरी है। इसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश या चेयरमैन की नियुक्ति/हटाने जैसे फैसले शामिल हैं।

### मिस्त्री परिवार को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी

टाटा समूह शापूरजी पलोनजी समूह को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी में है। शापूरजी का टाटा समूह में 18.3 फीसदी हिस्सा है। यह 1936 से चला आ रहा है। 2016 में साइरस मिस्त्री और रतन टाटा के बीच विवाद होने के बाद रिश्तों में खटास आ गई। अब 10 साल बाद दोनों परिवारों का विवाद एक बार फिर नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री के रूप में सामने आ गया है।

# 5 कंपनियों के शेयर 50 प्रतिशत तक लुढ़के

## टाटा ग्रुप को इस साल 75 अरब डॉलर का झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भारत के कॉर्पोरेट जगत का सबसे बड़ा संकेतक माने जाने वाले टाटा ग्रुप ने निवेशकों को चौंका दिया है, लेकिन यह चौंकाने का कारण सामान्य नहीं है। इस साल ग्रुप की 16 सबसे बड़ी कंपनियों का बाजार मूल्य 75 अरब डॉलर घट चुका है, जो पिछले दो वर्षों में सबसे निचला स्तर है। इक्विटीमास्टर की खबर के मुताबिक इस कुल गिरावट में से लगभग पांचवां हिस्सा यानी करीब 20 अरब डॉलर की कमी सिर्फ 19 सितंबर के बाद हुई, जब अमेरिका ने काम के वीजा नियमों को और कड़ा करने की घोषणा की थी। यह गिरावट ऐसे समय में आई जब बाकी शेयर बाजार धीरे-धीरे मध्य-2025 के अपने निचले स्तरों से उबर रहे थे, इसलिए टाटा ग्रुप का यह प्रदर्शन और भी चौंकाने वाला बन गया।

**करीब 50 प्रतिशत तक शेयर टूटेन्न**
कुछ कंपनियों के शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से लगभग 50 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। यह स्थिति इस बात की मांग




करती है कि गहराई से देखा जाए कि यह अस्थायी झटका है या फिर किसी गंभीर कारोबारी चुनौती का संकेत। पहली तिमाही में राजस्व 3.7 प्रतिशत घटकर 8.9 अरब और मुनाफा 22 प्रतिशत घटकर 1.4 अरब रहा। कंपनी ने मर्सिडीज-बेंज और सुजुकी के साथ बड़े ऑटो इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट जीते हैं। अंतरिक्ष, रक्षा, ड्रोन,ईवीटीओएल जैसे नए सेक्टर में प्रवेश कर रही है। वोल्टासएयर कंडीशनिंग और कूलिंग उत्पादों की लीडिंग कंपनी है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में राजस्व 20 प्रतिशत घटकर 39.4 अरब और मुनाफा 58 प्रतिशत गिरकर 1.4 अरब हुआ। मौसम में बदलाव (2025 में गर्मी देर से आई और जल्दी समाप्त हुई) से बिक्री पर असर पड़ा।

एसी बाजार में 17.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नंबर.1 स्थान बनाए रखा है।

### तेजस नेटवर्क्स (शेयर करीब 50 प्रतिशत नीचे)

टाटा ग्रुप की जिन कंपनियों में सबसे भारी गिरावट आई है, उनमें तेजस नेटवर्क्स सबसे ऊपर है। इसके शेयर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 49 प्रतिशत नीचे आ चुके हैं। वित्तीय नजरिए से, तेजस की आय पिछले साल की तुलना में 87 प्रतिशत गिरकर सिर्फ 200 करोड़ रुपये रह गई है। वहीं, कंपनी को 190 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है, जबकि पिछले साल इसे 77 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

**कारण :** इन्वेंटरी (सामान) की डिलीवरी में देरी, शिपमेंट क्लियरेंस में विलंब और प्रोजेक्ट के निष्पादन में अड़चनें। इसका सबसे बड़ा असरबीएसएनएल 4जी प्रोजेक्ट पर पड़ा है, जिसके चलते व्यापारिक देनदारियां 4,450 करोड़ रुपये तक पहुंच गई हैं। कंपनी का कहना है कि इन्हें आने वाले महीनों में कम किया जाएगा।

**2. ट्रेंट (शेयर 36 प्रतिशत गिरा) :** ट्रेंट कपड़े, जूते और फैशन एक्सेसरीज बेचने वाला रिटेल ब्रांड है। इसके मुख्य स्टोर फॉर्मेट हैं, वेस्टसाइड, जूडियो, उत्सा, समोह और स्टार सुपरमार्केट। साथ ही यह भारत में जारा औरमास्सिमो दुट्टी के उत्पाद भी बेचता है। पहली तिमाही में कंपनी का राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 48.8 अरब हुआ और मुनाफा 8.7 प्रतिशत बढ़कर 4.2 अरब रहा।

## 459 प्रतिशत बढ़ा सोलर कंपनी का मुनाफा, शेयर पर टूट पड़े लोग, 550 के पार पहुंचा शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयरों पर गुरुवार को लोग टूट पड़े हैं। सितंबर के आखिर में स्टॉक मार्केट में उतरी कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर गुरुवार को बीएसई में 10 पर्सेंट के उछाल के साथ 551.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। सोलर कंपनी के शेयरों में यह उछाल पहली तिमाही के जबरदस्त नतीजों के बाद आया है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सात्विक ग्रीन एनर्जी का मुनाफा सालाना आधार पर 459 पर्सेंट बढ़ा है। सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयरों में लगातार 6 दिन से तेजी देखने को मिल रही है। इस दौरान कंपनी के शेयर 25 पर्सेंट उछल गए हैं।



सात्विक ग्रीन एनर्जी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में बढ़कर 119 करोड़ रुपये पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में सोलर कंपनी को 21 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सात्विक ग्रीन एनर्जी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 272 पर्सेंट बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 916 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 246 करोड़ रुपये था। 25 सितंबर 2025 को लिस्टिंग के बाद से कंपनी का पहला नतीजा है। आईपीओ में सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर का दाम 465 रुपये था। सात्विक ग्रीन एनर्जी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 19 सितंबर 2025 को खुला था और यह 23 सितंबर तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर 26 सितंबर को 460 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग वाले दिन कंपनी के शेयर गिरावट के साथ 439.70 रुपये पर बंद हुए। सात्विक ग्रीन एनर्जी का आईपीओ टोटल 6.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था।



# बच्चों की पढ़ाई और करियर पर बोले बॉबी देओल

**द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की कामयाबी के बाद बॉबी देओल सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बेटों आर्यमान देओल और धरम देओल के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेता ने दोनों की शिक्षा और करियर पर अपनी राय रखी है। उन्होंने बताया है कि कैसे दोनों ने जीवन में बहुत अलग रास्ते चुने हैं।**

## बच्चों ने अलग राह चुनी

रेडियो नशा से बातचीत में बॉबी देओल ने बताया कि वह हमेशा चाहते थे कि उनके बेटे पढ़ाई पर ध्यान दें, लेकिन उनकी पसंद बिल्कुल अलग निकली। उन्होंने हंसते हुए कहा मैं चाहता था कि मेरे बेटे पढ़ाई करें। मेरे छोटे बेटे ने बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी, लेकिन मेरे बड़े बेटे ने जिस भी कॉलेज में आवेदन किया, सभी में उसका चयन हो गया। उसे एनवाईयू स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस में दाखिला मिल गया। मुझे उस कॉलेज के बारे में पता नहीं था, लेकिन जब मैं लोगों को बताता था कि मेरा बेटा उस कॉलेज में पढ़ता है, तो लोग कहते थे, वाह, यह तो कमाल का कॉलेज है। इस पर मैं कहता था कि हां ठीक है।

## बच्चों को बीच समंदर में नहीं फेंकना चाहता

बॉबी ने यह भी बताया कि उनके बड़े बेटे आर्यमान देओल ने पहले ही इंडस्ट्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उनको फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं। हालांकि वह अभी एक्टिंग में आने की जल्दी में नहीं है। बॉबी ने बताया वह काम कर रहे हैं, ट्रेनिंग ले रहे हैं। बहुत सारे ऑफर आ रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें तैरना सीखे बिना बीच समंदर में नहीं फेंकना चाहता। मैं चाहता हूं कि वह पहले इस कला को समझें और फिर अपना पहला कदम उठाएं।

## शाहरुख के बेटे से तुलना

उन्होंने आगे कहा कि उनके दोनों बेटों ने फिल्मों में रुचि दिखाई है, लेकिन वह चाहते हैं कि वे स्टार किड्स होने के दबाव के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से अपने बेटों की तुलना की और कहा मुझे अपने बेटों के लिए मौजूद रहना होगा।

## बॉबी देओल का काम

एनिमल में खलनायक की भूमिका के बाद बॉबी देओल के करियर ने रफ्तार पकड़ी है। अब वह अनुराग कश्यप की बंदर, आलिया भट्ट की अल्फा और तमिल फिल्म जन नायकन में नजर आएंगे।



# श्वेता त्रिपाठी ने शुरू की मिर्जापुर फिल्म की शूटिंग

**श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज मिर्जापुर पर बनी फिल्म मिर्जापुर - द फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी गोलू गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।**

## शूटिंग कहां हुई शुरू

श्वेता ने मिर्जापुर - द फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू कर दी है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने मिर्जापुर - द फिल्म को लेकर कहा, गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।

## वाराणसी से श्वेता का खास कनेक्शन

श्वेता वाराणसी को अपना दूसरा घर मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके करियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है। यहां के लोग, खाना और जो प्यार मिला है, उसके लिए मैं बार-बार आती हूं। उनके ट्रेनर त्रिदेव पांडे भी बनारस के हैं।

### मिर्जापुर-द फिल्म के बारे में

मिर्जापुर - द फिल्म, मिर्जापुर सीरीज का सिनेमा वर्जन है, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना त्रिपाठी जैसे लोकप्रिय किरदारों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। मिर्जापुर द फिल्म को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। सीरीज में कंपाउंडर का रोल करने वाले अभिषेक बनर्जी भी फिल्म में लौट रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह कर रहे हैं और इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है।

# 'हैवान' में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। अक्षय कुमार भी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, 'मुझे एक नेगेटिव रोल निभाने का मन था, इसलिए मैं 'हैवान' कर रहा हूं। ज्यादातर मैं फिल्म में हीरो के रोल ही निभाता हूं।' अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' एक थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ काम कर रहे हैं।



# 'बंदर' की आलोचनाओं पर अनुराग ने तोड़ी चुप्पी




अपनी पिछली रिलीज फिल्म 'निशानची' को लेकर सुर्खियां बटोरने वाले अनुराग कश्यप अब अपनी आगामी फिल्म 'बंदर' को लेकर चर्चाओं में हैं। बॉबी देओल स्टारर इस फिल्म का हाल ही में टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव  में प्रीमियर हुआ था। वहां प्रीमियर होने के बाद फिल्म को लेकर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे काफी उत्तेजक और भड़काऊ फिल्म बता रहे हैं। जबकि कई लोग इसे मीटू मूवमेंट से जोड़कर मीटू विरोधी बता रहे हैं। अब इन आलोचनाओं के बीच निर्देशक अनुराग कश्यप ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और प्रतिक्रिया दी है।

## मीटू से फिल्म का कोई लेना-देना नहीं

स्क्रीन के साथ बातचीत के दौरान अनुराग कश्यप ने फिल्म को लेकर हो रही आलोचनाओं पर रिएक्शन देते हुए कहा कि इसका मीटू से कोई लेना-देना नहीं है। निर्देशक ने कहा कि जब कोई फिल्म झूठे बलात्कार के आरोप के बारे में होती है, तो ऐसी बातें होती हैं। लेकिन 'मीटू' ताकत के बारे में है, किसी व्यक्ति द्वारा ताकत के पद का इस्तेमाल करके कुछ करने के बारे में। इस फिल्म का उस तरह के पावरप्ले या उस तरह के पहलू से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए इस फिल्म का मीटू अभियान से कोई लेना-देना नहीं है।

## बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं रही 'निशानची'

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'निशानची' पिछले महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स ने सराहा था। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। वहीं बॉबी देओल आखिरी बार आर्यन खान के शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए थे। अब बॉबी यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगे।

# 'स्पिरिट' में प्रोफेशनलिज्म को लेकर हुआ था विवाद

## अब दीपिका को लेकर तृप्ति ने दिया ऐसा रिएक्शन



तृप्ति डिमरी इन दिनों संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में काम करने को लेकर चर्चाओं में हैं। तृप्ति इस फिल्म में दीपिका के काम के घंटों को लेकर होने वाले विवाद के चलते हटने के बाद शामिल हुई हैं। इसको लेकर दीपिका और संदीप रेड्डी वांगा के बीच काफी तल्खी भी देखने को मिली थी। अब तृप्ति डिमरी ने दीपिका पादुकोण से जुड़ी एक पोस्ट लाइक की है। तृप्ति ने हाल ही में एक सोशल मीडिया रील को लाइक किया, जिसमें दीपिका के खिलाफ नकारात्मक पीआर और झूठी धारणाओं का पर्दाफाश किया गया था। तृप्ति का इस रील पर लाइक अब वायरल है और चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस रील में सेलिब्रिटी साड़ी ड्रेपर डॉली जैन हैं, जिन्होंने दीपिका पादुकोण के डेडिकेशन और दृढ़ता की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि कैसे 'गोलियों की रासलीला रामलीला' फिल्म के गाने 'नगाड़ा संग ढोल बाजे' की शूटिंग के दौरान दीपिका ने नंगे पैर शूटिंग की थी। उस गाने में वो 30 किलो का भारी लहंगा पहने थीं। इस पर कड़ी कोरियोग्राफी के कारण उनके पैरों में खून और सूजन भी आई, लेकिन उन्होंने कभी कोई शिकायत नहीं की। अब इस रील पर तृप्ति ने लाइक किया है। वैसे तो ये साधारण पोस्ट है, लेकिन तृप्ति उस फिल्म का हिस्सा बनी हैं, जिसमें दीपिका को प्रोफेशनलिज्म के चलते हटाया गया। ऐसे में तृप्ति के इस रील पर लाइक आते ही ये चर्चा का विषय बन गया है।

वहीं दीपिका पादुकोण की बात करें तो 'स्पिरिट' के बाद दीपिका 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से भी बाहर हुई हैं। जिसकी घोषणा भी मेकर्स ने ही की थी। फिलहाल दीपिका इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं।

## प्रभास के साथ नजर आएंगी तृप्ति

दीपिका पादुकोण के बाद मेकर्स ने तृप्ति डिमरी को 'स्पिरिट' में शामिल किए जाने की घोषणा की थी। तृप्ति इससे पहले संदीप रेड्डी वांगा के साथ रणबीर कपूर स्टारर 'एनिमल' में भी काम कर चुकी हैं। 'स्पिरिट' संदीप रेड्डी का मच अवेटेड प्रोजेक्ट है, इसमें प्रभास प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



### आलिया भट्ट से निकिता दत्ता तक

# बॉलीवुड की योग देवियां जो फिटनेस में भरती हैं प्राण



बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में, जहाँ हर जगह परफेक्शन की मांग होती है और हर किरदार दृढ़ता की परीक्षा लेता है, कुछ अभिनेत्रियाँ ऐसी हैं जिन्होंने अपनी जगह जिम या रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि योगा मैट पर बनाई है। इन सितारों के लिए योग सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि एक दर्शन है, जो उन्हें शरीर और आत्मा, दोनों रूपों में मजबूत और संतुलित रखता है।

## आलिया भट्ट

व्यस्त शूटिंग शेड्यूल और थका देने वाली दिनचर्या के बीच, आलिया भट्ट के लिए योग एक एंकर की तरह है। उन्हें एरियल योगा बेहद पसंद है, और वे अक्सर अपनी योग साधना की झलक सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। आलिया की फिटनेस यात्रा उनकी जीवन दृष्टि को दर्शाती है, जिसमें लचीलापन, अनुशासन और संतुलन का समावेश है।

## शिल्पा शेट्टी



पिछले दो दशकों से शिल्पा शेट्टी सौम्यता, वेलनेस और आंतरिक शांति की प्रतीक रही हैं। अपनी किताबों, डीवीडीज़ और डिजिटल फिटनेस प्लेटफ़ॉर्म्स के ज़रिए उन्होंने योग को एक जीवनशैली का रूप दे दिया है। उनकी सुबहें सूर्य नमस्कार से शुरू होती हैं और दिन का अंत कृतज्ञता के साथ। यही दिनचर्या उन्हें शोबिज़ की भागदौड़ में भी शांत, संतुलित और दमकता हुआ बनाए रखती है।

## करीना कपूर



करीना कपूर खान की फिटनेस यात्रा उनकी फिल्मों जितनी ही प्रसिद्ध है। कभी साइज़ ज़ीरो ट्रेंड की पहचान रही करीना, अब माइंडफुल फिटनेस की मिसाल बन चुकी हैं। उनके लिए योग बाहरी रूप से सुंदर दिखने का नहीं, बल्कि मन, शरीर और सांस के संतुलन का माध्यम है।

## मलाइका अरोड़ा



मलाइका अरोड़ा न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं, बल्कि प्रमाणित योग प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने अपना खुद का वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है और योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के समग्र मार्ग के रूप में प्रचारित करती हैं। उनके लिए योग केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी स्वस्थ रखने का साधन है। चाहे शिल्पा की शांति हो या आलिया की अनुशासन भरी लचक, निकिता की आत्मिक गहराई हो या मलाइका का समर्पण, इन बॉलीवुड देवियों ने साबित कर दिया है कि असली सुंदरता और ताकत भीतर की संतुलन से आती है।

निकिता दत्ता:
नई पीढ़ी की अभिनेत्रियों में निकिता दत्ता अपनी शांत लेकिन दृढ़ योग साधना के लिए अलग पहचान रखती हैं। उनके सोशल मीडिया पर अक्सर शांत आसनों और मानसिक संतुलन पर उनके विचार दिखाई देते हैं। निकिता के लिए योग कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्म-संवाद का एक पवित्र स्थान है, जहाँ वे बाहरी शोर से दूर होकर अपने भीतर की शांति से जुड़ती हैं। उनकी नियमितता और सहज ऊर्जा यह दर्शाती है कि कैसे योग का प्रभाव चमक-दमक से परे, जीवन को भीतर से निखारता है।



# सिर्फ 886 गेंदों में खत्म हो गया टेस्ट मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उनके घर में धूल चटाकर इतिहास रच दिया है. आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय युवा टीम ने दो मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की. इस जीत को खास बनाता है दूसरा टेस्ट मैच, जो सिर्फ 886 गेंदों तक चला और खत्म हो गया, यानी दो दिन के अंदर ही टीम इंडिया ने मुकाबला जीत लिया. इस तरह भारत ने 30 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे कम गेंदों में यूथ टेस्ट मैच जीतने का नया कीर्तिमान स्थापित किया.

### वनडे और टेस्ट, दोनों में ऑस्ट्रेलिया का सफाया



### वैभव सूर्यवंशी की टीम ने रचा इतिहास, 30 साल पुरा

भारत ने सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, बल्कि वनडे सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया को क्लीन स्वीप किया. तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज में भी भारत ने 3-0 से जीत दर्ज की थी. पहले मैच में भारत की 7 विकेट से जीत हुई. दूसरे मैच में 51 रन से धमाकेदार शानदार जीत दर्ज की और तीसरे मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से धूल चटा दी. भारत का टेस्ट सीरीज में भी यही दबदबा जारी रहा. टीम ने पहला यूथ टेस्ट पारी और 58 रन से जीता, जबकि दूसरा टेस्ट 7 विकेट से अपने नाम किया.

### वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन

इस सीरीज में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने दो टेस्ट मैचों में कुल 133 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल रहा. वैभव की यह पारी टीम की नींव को मजबूत करने में अहम साबित हुई. उनके साथ-साथ कप्तान आयुष म्हात्रे की रणनीति और गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने भी ऑस्ट्रेलियाई टीम को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया.

### ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी ढही

दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी बेहद कमजोर नजर आई. पहली पारी में उनकी टीम सिर्फ 135 रन ही बना सकी, जिसमें विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने 66 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली. दूसरी पारी में तो पूरी टीम 116 रन पर सिमट गई. भारत को जीत के लिए सिर्फ 81 रन चाहिए थे, जिसे उसने तीन विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया.

### 1995 का रिकॉर्ड टूटा

इस जीत के साथ भारत ने वेस्टइंडीज का 1995 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब विंडीज ने पाकिस्तान को फैसलाबाद में 992 गेंदों के भीतर हराया था. अब भारत के नाम यह उपलब्धि दर्ज हो गई है कि उसने सिर्फ 886 गेंदों में यूथ टेस्ट जीत लिया.

## रोहित और विराट के संन्यास के बाद केएल राहुल पर है बड़ी जिम्मेदारी - पार्थिव पटेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने केएल राहुल की प्रशंसा करते हुए कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद राहुल पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। जियोहॉटस्टार से बात करते हुए पार्थिव पटेल ने कहा, केएल राहुल जिम्मेदारी के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी राहुल पर आ गई है। हम उनके कौशल को जानते हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ गेंद को अपने पास आने देते हैं और अपने पैरों का बेहतरीन इस्तेमाल करते हैं। यह शैली उन पर पूरी तरह से जंचती है। अब सबसे जरूरी चीज है गति पकड़ने की उनकी क्षमता, जिसका जिक्र उन्होंने खुद किया है। वह शुरुआत में समय लेते हैं, गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षण का आकलन करते हैं, और फिर आक्रमण करने के लिए सही मौके चुनते हैं। वर्तमान में, टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत लगभग 36 का है। वह इस आंकड़ों से कहीं बेहतर बल्लेबाज हैं। इस साल उन्हें निरंतरता बनाए रखते देखना उत्साहजनक है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में राहुल ने शतक लगाया था।

## मोहम्मद शमी की हुई इस टीम में वापसी

### 28 महीने से नहीं खेला टेस्ट मैच आकाशदीप को भी मिला मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। वेस्टइंडीज सीरीज में मौका नहीं मिलने और फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जारी वनडे टीम से भी बाहर रहने के बाद उनके करियर पर कई प्रश्न चिन्ह लग रहे थे। मगर अब शमी एक बार फिर से मैदान पर लौटने को तैयार हैं। 35 वर्षीय भारतीय तेज गेंदबाज ने भले ही 28 महीने से टेस्ट मैच नहीं खेला हो लेकिन अब उनकी रेड बॉल क्रिकेट में वापसी होने वाली है।

शमी को आगामी रणजी ट्रॉफी 2025 के लिए बंगाल के 17 सदस्यीय स्क्वाड में चुना गया है। उनके साथ आकाशदीप को भी मौका मिला है। जबकि इस टीम की कप्तानी सौंपी गई है अभिमन्यु ईश्वरन को जो लंबे समय से टीम इंडिया के लिए डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। वह इंग्लैंड दौरे पर भारतीय स्क्वाड का हिस्सा थे, मगर वेस्टइंडीज सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना गया।

### टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे रवींद्र जडेजा



नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली बार 700 रेटिंग अंकों को पार किया है। इस टेस्ट मैच के साथ अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल शामिल हैं, जिन्होंने शतकीय पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तरक्की की है। केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए।

### जाने वाली है रोहित शर्मा की कैप्टेंसी

## शुभमन गिल को पहले से पता था ! टीम इंड़िया के नए ओडीआई कप्तान का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल अब भारतीय टीम के टेस्ट और वनडे फॉर्मेट के कप्तान हैं. 4 अक्टूबर को गिल को वनडे टीम की कमान देने की घोषणा चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने की थी. वहीं रोहित से वनडे क्रिकेट की कप्तानी छीने जाने को लेकर कई सवाल भी उठे थे. सवाल यह है कि आखिर उनकी शागिर्दी में खेले टीम इंड़िया के किसी खिलाड़ी का रिएक्शन क्यों नहीं आया. सबसे बड़ा सवाल इस बात का भी था कि आखिर नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने इस पूरे मसले पर चुपचाप क्यों रहे? इन तमाम सवालों के बीच आखिरकार शुभमन गिल ने दिल्ली में आज (9 अक्टूबर) वेस्टइंडीज संग दूसरे टेस्ट मैच (10 अक्टूबर से होना) से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. जहां उन्होंने इशारों-इशारों में यह कह दिया कि उनको रोहित शर्मा के वनडे कप्तान से हटने की जानकारी पहले से ही थी. वनडे कप्तानी



मिलने पर गिल ने कहा- पहले टेस्ट (वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में) के बाद इसका ऐलान हुआ था, लेकिन मुझे इसके बारे में थोड़ा पहले ही पता चल गया था. भारत की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है.

### महिला विश्व कप

## पाकिस्तान की शर्मनाक हार, 107 रन से जीती ऑस्ट्रेलिया



**कोलंबो, एजेंसी।** महिला विश्व कप 2025 के नौंवे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद खराब थी। टीम ने महज 76 के स्कोर पर 7 और 115 के स्कोर पर 8 विकेट गंवा दिए। इस समय ऐसा लग रहा था कि मैच का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में आएगा, लेकिन नौंवे विकेट के लिए बेथ मूनी और अलाना किंग के बीच रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 221 तक पहुंचा दिया। बेथ मूनी आखिरी गेंद पर आउट हुईं। मूनी ने 114 गेंद पर 11 चौके की मदद से 109 रन की पारी खेली। मूनी का वनडे में पांचवां शतक था। वहीं, अलाना किंग ने 49 गेंद पर 51 रन बनाए। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने वाली वह पहली बल्लेबाज बनीं। पाकिस्तान के लिए नशरा संधु ने 3, कप्तान फातिमा सना और रमीन शमीम ने 2-2, और डायना बेग और सादिया इकबाल ने 1-1 विकेट लिए। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी ऑस्ट्रेलिया की तरह ही हुई। पाकिस्तान ने भी 49 पर 6 और 78 रन पर अपने 7 विकेट खो दिए। ऐसी स्थिति से ऑस्ट्रेलिया निकल गई थी, पाकिस्तान नहीं निकल सकी। पाकिस्तान 36.3 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। सिद्रा अमीन 52 गेंद पर 35 रन बनाकर श्रेष्ठ स्कोरर रहीं। रमीन शमीम ने 15, फातिमा सना और नशरा संधु ने 11-11 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए किम गार्थ ने 6 ओवर में 14 रन देकर 3, मेगन स्कट ने 5 ओवर में 25 रन देकर 2, एनाबेल सदरलैंड ने 8.3 ओवर में 15 रन देकर 2, अलाना किंग, एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वॉरहम ने 1-1 विकेट लिए। बेथ मूनी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## अफगानिस्तान ने पहला वनडे जीता

### बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया; 222 रन का टारगेट 48वें ओवर में पूरा किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अबू धाबी में खेले गए पहले वनडे मैच में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 221 रन बनाए।

टारगेट का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर 226 रन बना कर लक्ष्य को हासिल कर लिया। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई के शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तान को 222 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उमरजई ने पहले गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 44 गेंदों पर 40 रनों की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल था। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी 34 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अनुभवी मोहम्मद नबी ने सैफ हसन की गेंद पर विजयी छक्का जड़कर मैच को 48वें ओवर में खत्म किया।

### अजमतुल्लाह उमरजई ने तीन विकेट लेने के साथ 40 रन भी बनाए

अफगानिस्तानी खिलाड़ियों ने बनाए नए रिकॉर्ड यह मैच अफगानिस्तानी खिलाड़ियों के लिए काफी खास रहा। राशिद खान वनडे में 200 विकेट लेने वाले पहले अफगानी गेंदबाज बने। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 115 मैचों में हासिल की, जो किसी भी स्पिनर के लिए दूसरी सबसे तेज उपलब्धि है। इसके अलावा, रहमत शाह ने वनडे में 4,000 रन पूरे करने वाले पहले अफगानी बल्लेबाज बने।

### राशिद खान वनडे में 200 विकेट लेने वाले पहले अफगानी गेंदबाज बने

मेहदी हसन मिराज और तौहीद हृदोय के बीच 101 रनों की साझेदारी पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 48.5 ओवर में 221 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान मेहदी हसन मिराज (60 रन) और तौहीद हृदोय (56 रन) ने चौथे विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी कर बांग्लादेश की पारी को संभाला। बांग्लादेश ने पहले 11.5 ओवर में 3 विकेट खो दिए थे। जिसमें सैफ हसन, तंजीद हसन और नजमुल हुसैन शांतो का विकेट शामिल है। सैफ हसन ने 26 रन बनाए। राशिद खान ने मेहदी हसन मिराज, जाकर अली और नुरुल हसन को आउट कर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत शानदार रही। इब्राहिम जदरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह को मिली डी-कंपनी की धमकी

### 10 करोड़ की फिरौती की डिमांड... आरोपी नौशाद गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है. उनसे दाऊद इब्राहिम के गिरोह डी-कंपनी का नाम लेकर 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई. पुलिस ने इस मामले में क्रिकेटर रिंकू को धमकी देने वाले आरोपी से पूछताछ की, जिसके बाद इस बात का खुलासा हुआ. दरअसल, रिंकू सिंह से भी फिरौती मांगी गई है, इस बात का खुलासा मुंबई पुलिस की जांच में हुआ. ध्यान रहे दिवंगत एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को धमकी देने के मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद दिलशाद नौशाद गिरफ्तार हुआ था, उससे पूछताछ में यह बात सामने आई.

## ग्लेन मैक्सवेल ने करवाई सर्जरी

### भारत के खिलाफ T20 में खेलने की उम्मीद



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि उन्होंने भारत के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में खेलने का मौका पाने के लिए हाल ही में कलाई की सर्जरी करवाई। मैक्सवेल ने नेट प्रैक्टिस के दौरान हुई एक अजीब चोट की वजह से अपनी कलाई में फ्रैक्चर झेला था। इसके कारण वे न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी ञ्20ढ्ढ सीरीज और भारत के खिलाफ पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे।

### सर्जरी का मकसद

मैक्सवेल ने कहा, सर्जरी कराने का मतलब था कि मेरे पास भारत के खिलाफ सीरीज में खेलने की एक छोटी उम्मीद बनी रहे। अगर सर्जरी नहीं कराता, तो पूरे सीरीज से बाहर होना पड़ता। साथ ही यह मेरे लिए बिग बैश लीग में जल्दी फिट होने का मौका भी देता है।

## आर्कटिक ओपन से लक्ष्य सेन बाहर

### मन्नेपल्ली ने भारतीय उम्मीदों को जीवित रखा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी मन्नेपल्ली ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए पोपोव को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-11, 22-20 से हराया। वहीं, पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य को दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका ने 57 मिनट में 21-15, 21-17 से हरा दिया।

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी थारुण मन्नेपल्ली ने आर्कटिक ओपन 2025 में देश की पुरुष एकल उम्मीदों को जीवंत रखा है। उन्होंने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन इस साल 10वीं बार पहले दौर में बाहर हो गए। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी मन्नेपल्ली ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए पोपोव को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-11, 22-20 से हराया। उन्होंने निर्णायक गेम में चार मैच प्वाइंट बचाकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की। अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका सामना दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोकी वातानबे से होगा।

**जापान के खिलाड़ी ने लक्ष्य सेन को दी मात-** पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य को दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका ने 57 मिनट में 21-15, 21-17 से हरा दिया।

लक्ष्य को शुरुआत से ही संघर्ष करना पड़ा। पहले गेम के ब्रेक के समय वह 6-11 से पीछे थे और कड़ी चुनौती पेश करने में नाकाम रहे। दूसरा गेम करीबी रहा। ब्रेक के समय स्कोर जापान के खिलाड़ी के पक्ष में 11-10 था लेकिन नाराओका ने ब्रेक के बाद अपनी रणनीति बदली और लक्ष्य को सिर्फ सात अंक और हासिल करने दिए।

# कहीं काई तो कहीं थूका पान; दिल्ली के कनॉट प्लेस की हालत देख माथा पीट लेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से किए जाने वाले भारत के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नई दिल्ली नगर परिषद का नाम शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल होने के बावजूद, सीपी के व्यापारी इसकी स्थिति पर अफ़सोस जताते हैं।

पान की पीक से लाल दीवारें, टूटे-फूटे खंभे या उनमें जमी काई... ये हालत दिल्ली का केंद्र कहे जाने वाले कनॉट प्लेस की है। कनॉट प्लेस बाजार के खराब रखरखाव वाले कोने एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वहां दुकानदार, व्यापारी वर्ग तक इससे खफा हैं। उनकी शिकायत है कि यहां सफाई और हाउसकीपिंग की कमी साफ दिखाई देती है। वहीं पास में नई दिल्ली नगर परिषद ने बाबा खड़क सिंह मार्ग पर हनुमान मंदिर परिसर की मशीनीकृत सफ़ाई के प्रयास शुरू किए हैं और कनॉट प्लेस में सफाई और धुलाई की परियोजना तीन साल से अधिक समय से सरकारी देरी के चलते फंसी हुई है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से किए जाने वाले भारत के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नई दिल्ली नगर परिषद का नाम शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल होने के बावजूद, सीपी के व्यापारी इसकी स्थिति पर अफ़सोस जताते हैं।



इन जगहों में पान के दाग, टूटी हुई फर्श की टाइलें, गंदी पिछली गलियां और खराब रखरखाव शामिल हैं। उनका कहना है कि कम से कम त्योहारी मौसम के दौरान तो बाजार को सजाया-संवारा जाना चाहिए, क्योंकि जी20 शिखर सम्मेलन (2023) से पहले किया गया नया पेंट अब उखड़ चुका है। नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल भार्गव ने कहा कि प्रशासन वर्षों से बाजार की मशीनीकृत सफाई और हाउसकीपिंग के बारे में बात कर रहा है, लेकिन जमीन पर कुछ भी लागू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, त्योहारी मौसम में भी, बाजार गन्दा दिखता है। हमने परिषद और निजी एजेंसियों से इस बारे में लगातार बात की है। अगर हनुमान मंदिर परिसर में सेवाएं दी जा सकती हैं, तो क्या वे हमारे बाजार के लिए भी इसी तरह की मशीनीकृत सफाई और रखरखाव पर विचार कर सकते हैं।

भार्गव ने कहा कि पिछली बार बाजार का उचित रखरखाव 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आस-पास हुआ था और जी20 से पहले केवल पेंट का काम किया गया था। उन्होंने कहा, दिवाली आ रही है और बाजार पेंट उखड़ने, पान के दागों वाले कोनों और साझा क्षेत्रों के खराब रखरखाव से भरा हुआ है। पार्किंग स्थल अस्त-व्यस्त हैं और पिछली गलियां खराब हालत में हैं। यहां तक कि व्यापारियों को भी मरम्मत का काम करने की अनुमति नहीं है क्योंकि इसके लिए हेरिटेज कंजर्वेशन कमेटी से अनुमति लेनी पड़ती है। सीपी एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है और इसे कम से कम त्योहारों के आस-पास तो सजाया-संवारा जाना चाहिए था। बुधवार को किए गए औचक निरीक्षण में व्यापारियों की शिकायतें सही साबित हुईं। थूकने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी वाले साइनबोर्ड लगे होने के बावजूद, इनर सर्कल की इमारतों की दीवारें और खंभे पान के दागों से ढंके हुए थे। कुछ गलियारों में जहां भित्तिचित्र एक समस्या थी, वहीं अन्य जगहों पर बिजली के मीटर और खुले तार पैदल चलने वालों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। एयर कंडीशनर से निकलने वाले पानी के पाइप के पास एक तार खतरनाक ढंग से लटक रहा था। कई गलियारों में पेशाब, कूड़े या रिसते हुए पानी की बदबू भी आ रही थी। कई जगहों पर फर्श भी टूट गया है, जिससे सतह ऊबड़-खाबड़ और भद्दी दिख रही है। एनडीटीए के संयुक्त सचिव अमित गुप्ता ने कहा, 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमारे अनुरोध पर, एनडीएमसी ने बाजार के सभी ब्लॉकों को पेंट किया था। लेकिन रखरखाव वास्तव में अच्छा नहीं रहा है, खासकर भीतरी गलियारों में। उन्होंने कहा, यह बाजार देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों द्वारा अक्सर देखा जाता है। जब बाजार के कुछ कोनों से बदबू आती है और कुछ की दीवारों पर पान के दाग होते हैं, तो यह एक बुरा प्रभाव डालता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के रोहिणी में ठांय-ठांय, एनकाउंटर के बाद खूंखार अपराधी हमजा गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में पुलिस ने अपराध के खिलाफ बड़ा एक्शन किया है। देर रात दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक हाई-वोल्टेज एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी हमजा को धर दबोचा। पैर में गोली लगने से चूर-चूर हो चुका हमजा अब पुलिस की गिरफ्त में है। सूत्रों के हवाले से मिली गुप्त खबर पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने रोहिणी के संकरे गलियारों में जाल बिछाया। हमजा लंबे समय से फरार था। पुलिस की भनक लगते ही ताबड़तोड़ फायरिंग पर उतर आया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हमजा के दाहिने पैर में गोली मारी। घायल हालत में हमजा को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद पूछताछ शुरू हो चुकी है। हमजा का नाम मेरठ के एक सनसनीखेज हत्या कांड से जुड़ा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस केस में उसे फरार घोषित कर रखा था। दिल्ली कनेक्शन की वजह से क्राइम ब्रांच भी उसकी तलाश में थी।

### दूसरे के चालान करते हैं और खुद नियम तोड़ रहे! दिल्ली में 4 में 1 सरकारी गाड़ी के पास नहीं पीयूसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की हवा को साफ रखने की जिम्मेदारी जिन सरकारी गाड़ियों पर है, वे खुद नियम तोड़ रही हैं। दिल्ली के परिवहन विभाग ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया कि 19 जून 2025 तक लगभग 31,000 रजिस्टर्ड




गैर-इलेक्ट्रिक सरकारी वाहनों में से करीब 40 के पास वैध पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट ही नहीं था। यानी, ये गाड़ियां दिल्ली की सड़कों पर धुआं उड़ाती फिर रही हैं। 22 सितंबर को हत्रञ्ज को सौंपी गई रिपोर्ट में सामने आया कि 14,569 सरकारी वाहनों के पास तो वैध पीयूसी था, लेकिन 4,027 गाड़ियों की स्थिति के बारे में परिवहन विभाग के पास कोई जानकारी ही नहीं। यह खुलासा तब हुआ, जब रोहतास नगर से बीजेपी विधायक जितेंद्र महाजन ने पिछले साल दिसंबर में हत्रञ्ज में याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कई सरकारी गाड़ियां, जिनमें उनकी अपनी गाड़ी भी शामिल है, बिना पीयूसी के चल रही हैं। इतना ही नहीं, महाजन ने यह भी दावा किया कि दिल्ली में कई पुरानी गाड़ियां, जिनका समय पूरा हो चुका है, अभी भी सड़कों पर दौड़ रही हैं। महाजन ने अपनी याचिका में 100 से ज्यादा ऐसी सरकारी गाड़ियों की लिस्ट दी, जो अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं, फिर भी इस्तेमाल हो रही हैं। परिवहन विभाग ने हत्रञ्ज को बताया कि उन्होंने इनमें से 102 गाड़ियों को सरकारी माना, जबकि चार निजी मालिकों की थीं। इनमें से 30 के पास वैध पीयूसी था, 60 बिना पीयूसी के पकड़ी गईं और उन पर जुर्माना ठोका गया। छह गाड़ियां स्क्रैप हो चुकी हैं, दो स्क्रैपिंग की प्रक्रिया में हैं, तीन सड़कों पर नहीं चल रही हैं और पांच को एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल्स घोषित कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किया गया है।

# सरकारी अस्पताल में बुरा हाल

## दिल्ली के अस्पताल में एमआरआई और सीटी स्कैन बंद; मिल रही 2028 की तारीख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली का लोक नायक अस्पताल इन दिनों एक ऐसी मुसीबत में फंसा है, जो मरीजों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं। पिछले दो हफ्तों से यहां एमआरआई और सीटी स्कैन की सेवाएं ठप हैं। इसकी वदह से मरीजों को या तो प्राइवेट सेंटर में हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, या फिर 2028 तक की लंबी तारीखें थमा दी जा रही हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, पिछले एक महीने से फिल्मों की सप्लाई में दिक्कत है। हम इसे जल्द ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। 59 साल के रिक्शा चालक नसीम की कहानी भी कम दर्दनाक नहीं है। उनकी पहली एमआरआई तारीख भी 2028 की थी, लेकिन बार-बार गुहार लगाने पर इसे घटाकर 11 दिसंबर 2025 कर दिया गया। नसीम ने दुखी मन से कहा, गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल में इलाज का मतलब है- धीमी मौत का इंतजार।

**प्राइवेट सेंटरों की लूट:** दिल्ली में निजी डायग्नोस्टिक सेंटर एमआरआई के लिए 8,000 से 15,000 रुपये वसूलते हैं। लोक नायक के ज्यादातर मरीज, जो दिल्ली के मजदूर वर्ग या यूपी-हरियाणा के छोटे कस्बों से आते हैं, के लिए ये रकम किसी पहाड़ से कम नहीं। दिल्ली सरकार की दिल्ली आरोग्य कोष योजना के तहत कुछ मरीजों को निजी अस्पतालों में मुफ्त डायग्नोस्टिक्स मिल सकते हैं, लेकिन इसके लिए दो शर्तें हैं–पहला, मरीज को कम से कम तीन साल से दिल्ली का निवासी होना चाहिए और दूसरा, उसकी सालाना पारिवारिक आय 3 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। ज्यादातर मरीज इन शर्तों को पूरा नहीं कर पाते। जून 2025 में दिल्ली सरकार ने ऐलान किया था कि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत 34 अस्पतालों में एमआरआई और 12 अस्पतालों में सीटी स्कैन सेवाएं शुरू की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा था, इससे मरीजों को सिर्फ 2,400 रुपये में स्कैन मिलेगा, जो निजी केंद्रों से सस्ता है। कागजों पर है। जब लोक नायक के हालात पर सवाल उठा, तो सिंह ने कहा, हम अस्पताल के डायरेक्टर से पूछेंगे कि इतनी देरी क्यों हो रही है।



### अल्ट्रासाउंड में भी लंबा इंतजार

एमआरआई और सीटी स्कैन ही नहीं, अल्ट्रासाउंड और मैमोग्राम जैसी सेवाओं में भी लंबी देरी हो रही है। इस महीने अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली 32 साल की रूबी को अल्ट्रासाउंड के लिए 30 अक्टूबर 2025 की तारीख दी गई। रूबी ने हंसते हुए कहा, तब तक तो मेरा बच्चा पैदा हो चुका होगा। ऐसी तारीख देने का क्या मतलब? 28 साल की समीना खातून को मैमोग्राम के लिए 5 दिसंबर 2025 की तारीख मिली। निजी केंद्रों में ये टेस्ट 1,000 से 5,000 रुपये में हो जाते हैं, लेकिन लोक नायक में ये मुफ्त हैं, लेकिन इसके लिए आपकों सालों इंतजार करना पड़ सकता है। लोक नायक अस्पताल में रोजाना 7,000 से ज्यादा मरीज ओपीडी में आते हैं और 1,600 से ज्यादा भर्ती मरीज हैं। लेकिन रेडियोलॉजी विभाग के पास सिर्फ एक एमआरआई मशीन, नौ अल्ट्रासाउंड मशीन (जिनमें से दो गायनाकोलॉजी के लिए हैं) और तीन सीटी स्कैनर हैं। दिल्ली के 36 सरकारी अस्पतालों में से सिर्फ तीन लोक नायक, जीबी पंत और इंदिरा गांधी अस्पताल एमआरआई सेवाएं देते हैं। जीबी पंत और इंदिरा गांधी में भी एमआरआई के लिए तीन से छह महीने का इंतजार है और अगर लोक नायक से मरीज वहां शिफ्ट हुए, तो ये इंतजार और बढ़ेगा।

### मरीजों को हो रही परेशानी

लोक नायक अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग ने 30 सितंबर को एक पत्र में लिखा, एमआरआई और सीटी स्कैन सेवाएं तुरंत प्रभाव से बंद है। इसकी वजह अस्पताल का डिजिटल प्लेटफॉर्म पीएसीएस, जो मेडिकल इमेज को स्टोर और शेयर करता है, 23 सितंबर से खराब पड़ा है। इंजीनियर इसे ठीक करने में जुटे हैं, लेकिन अभी तक कोई राहत नहीं है। ऊपर से एमआरआई और सीटी फिल्मों की कमी ने हालात को और बिगाड़ दिया। न फिल्में हैं, न सिस्टम काम कर रहा है।

### 2028 की मिल रही तारीख

अस्पताल के ओपीडी में रोजाना सैकड़ों मरीज लाइन लगाते हैं, लेकिन उन्हें जो अपॉइंटमेंट स्लिप मिल रही है, वो किसी क्रूर मजाक से कम नहीं। आठ साल की खुशबू, जो सिरदर्द और बेहोशी की शिकायत से जूझ रही है, को एमआरआई के लिए 12 नवंबर 2028 की तारीख दी गई। उसके पिता राम भजन, जो दिहाड़ी मजदूर हैं, ने स्लिप दिखाते हुए कहा, मुझे लगा प्रिंटिंग में गलती हुई। लेकिन कर्मचारियों ने कहा, यही सही है। इसी तरह कैंसर की मरीज हैं अनुपम, जो हाल ही में सीढ़ियों से गिरकर रीढ़ की हड्डी में चोटिल हुईं, को भी 11 नवंबर 2028 की तारीख मिली। उनके पति मोनू ने गुस्से में कहा, डॉक्टर ने कहा तुरंत एमआरआई करवाओ, लेकिन ये तारीख तो मरीजों का मजाक उड़ा रही है।

### मेरी तरह आपका भी खून खौल रहा होगा, उठिए और...; जूताकांड पर केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि उनका खून खौल रहा है। उन्होंने देशभक्तों से आवाज उठाने की अपील करते हुए कहा है कि यह देश की न्यायपालिका को काबू करने की साजिश और लोकतंत्र को खत्म करने कोशिश है।

अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने इसे इसे दलितों और न्यायपालिका को कड़ा संदेश देने की की गई है। उन्होंने कहा, ना जूता फेंकने वाले पर कोई कार्रवाई की और ना धमकियां देने वालों के खिलाफ। ऐसा लगा कि यह सब सुनियोजित और सिस्टमैटिक तरीके से की गई साजिश है। इस घटना से समाज के दो दबको को बहुत कड़ा संदेश देने की कोशिश की गई है। एक दलित समाज और दूसरा न्यायपालिका। जस्टिस गवई दलित समाज से आते हैं, इन लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि दलित समाज से कोई व्यक्ति अपनी मेहनत और लगन से न्यायपालिका की टॉप पोस्ट तक कैसे पहुंच गया। केजरीवाल ने पूछा कि क्या यह दलित समाज को डराने और अपमानित करने की कोशिश नहीं है।

# शिकागो की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**शिकागो, एजेंसी।**
शिकागो की सड़कों पर हजारों लोग उतर आए जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले के खिलाफ ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

ट्रंप प्रशासन ने यह कदम हाल के हिंसक घटनाओं और बढ़ते अपराध को रोकने के लिए उठाया था लेकिन नागरिक अधिकार संगठनों और स्थानीय नेताओं ने इसे शहर के सैन्यीकरण की दिशा में खतरनाक कदम बताया है।

प्रदर्शनकारियों के हाथों में हमारी सड़कों पर कोई सैनिक नहीं और नागरिक अधिकारों की रक्षा करें, सत्ता की नहीं जैसे नारे लिखे पोस्टर थे। वे ग्रांट पार्क से लेकर सिटी हॉल तक मार्च करते हुए ट्रंप प्रशासन से तुरंत फेडरल सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर रहे थे। कई लोगों ने इस तैनाती को तानाशाही जैसी हरकत बताते हुए आरोप लगाया कि ट्रंप असहमति की




आवाज़ को दबाने और स्थानीय पुलिसिंग पर नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिक संगठनों का कहना है कि सैनिकों की तैनाती से हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ सकते हैं।

इस मौके पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मारिया हर्नान्डेज़ ने कहा- नेशनल गार्ड लाना समाधान नहीं बल्कि उकसाने वाला कदम है। हमें नौकरियां, स्कूल और न्याय चाहिए सड़कों पर हथियारबंद सैनिक नहीं। वहीं शिकागो की मेयर और कई सिटी अधिकारियों ने भी केंद्र के इस हस्तक्षेप पर चिंता जताई। उनका कहना है कि शहर के भीतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होनी चाहिए न कि संघीय बलों की। कई सिविल राइट्स वकीलों ने भी चेतावनी दी कि इस कदम से संविधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है और नागरिकों व सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है।

वहीं ट्रंप प्रशासन ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि नेशनल गार्ड की तैनाती संपत्ति की सुरक्षा और हिंसा रोकने के लिए जरूरी है लेकिन आलोचकों का मानना है कि यह कदम लोगों और सरकार के बीच पहले से मौजूद अविश्वास को और गहरा कर सकता है खासकर ऐसे समय में जब देश पहले ही गंभीर सामाजिक विभाजन का सामना कर रहा है। रात बढ़ने के साथ प्रदर्शन ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे हालांकि माहौल में तनाव महसूस किया गया क्योंकि सुरक्षा बल लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

### भूटान में सुबह-सुबह भूकंप से हिली धरती, 3.1 थी तीव्रता

**थिम्फू, एजेंसी।** भूटान में गुरुवार सुबह 3.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि यह झटका सुबह 4 बजकर 29 मिनट पर आया था। भूकंप की गहराई सिर्फ 5 किलोमीटर थी, जिससे आफ्टरशॉक की संभावना बनी हुई है। यह इस साल भूटान में आया पहला भूकंप नहीं है। इससे पहले 8 सितंबर 2025 को भी भूटान में दो भूकंप आए थे। पहला भूकंप 2.8 तीव्रता का था, जो दोपहर 12.49 बजे दर्ज किया गया था। इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। दूसरा भूकंप 4.2 तीव्रता का था, जो 11.15 बजे आया था। दोनों ही झटके भूटान के अलग-अलग इलाकों में महसूस किए गए थे। भूकंप विशेषज्ञों के अनुसार, ऊपरी सतह के भूकंप अधिक खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि इनके झटके जमीन तक जल्दी और ज्यादा तीव्रता से पहुंचते हैं जिससे नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। संवेदनशील इलाकों में से एक है। एशियन डिजास्टर रिडक्शन सेंटर के अनुसार, भूटान भारतीय भूकंपीय जोन ढ्ढङ्क और ड्ड में आता है, जो सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र हैं। भूतपूर्व भूकंपों से यह साबित हुआ है कि भूटान में भूकंप सबसे बड़ा प्राकृतिक खतरा बना हुआ है।

#### भूटान में अन्य खतरों का है डर

भूटान में केवल भूकंप ही नहीं, बल्कि कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं भी बड़ी चुनौती हैं। ग्लेशियर झील फटने, भूस्खलन, तेज हवाएं, फ्लैश फ्लड और जंगल की आग यहां अक्सर नुकसान पहुंचाते हैं।

### चीनी राष्ट्रपति के सियासी दल में शामिल महिला से हुआ अमेरिकी राजनयिक को प्रेम

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। मामला कुछ इस प्रकार से है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने एक अमेरिकी राजनयिक को केवल इस वजह से नौकरी से निकाल दिया गया क्योंकि उसने एक चीनी महिला से प्रेम संबंध की बात छुपाई थी। बताया जा रहा है कि उस महिला के सीधे संबंध चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी से हैं।

यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राजनयिक को इस कारण से निकाला गया है। बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक नियम लागू किया था, जिसके तहत चीन में तैनात किसी भी अमेरिकी सरकारी कर्मचारी, उनके परिवार या सुरक्षा क्लियरेंस वाले कॉन्ट्रैक्टर्स को किसी भी चीनी नागरिक से प्रेम या यौन संबंध बनाने पर रोक लगा दी गई थी।

निकाला गया क्योंकि उसने चीनी महिला से अपने रिश्ते को छिपाया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस मामले की समीक्षा की और फिर इस मामले में कार्रवाई की गई है। पिगॉट ने आगे कहा कि विदेश मंत्री रुबियो के नेतृत्व में हम राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएंगे।

**एक नए मोर्चे पर जंग की आहट**

# चीन ने तैनात किए दर्जनों युद्धपोत

**बीजिंग, एजेंसी।**
सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने ताइवान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यांग्त्जी नदी के मुहाने पर बड़ी संख्या में युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। वहां चीनी युद्धपोतों और पनडुब्बियों की तैनाती की यह एक दुर्लभ घटना है। इससे जंग की आहट तेज हो गई है।

दो साल से तबाही झेल रहे गाजा में शांति की उम्मीद जगी है। एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 20 सूत्री प्लान के पहले चरण पर अब हमास ने भी अपनी हामी भर दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रंप के प्लान पर अपनी सहमति दे चुके हैं। इसके साथ ही गाजा पट्टी में अब हमले थमने और वहां शांति स्थापना की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसके साथ ही दोनों तरफ से बंधकों की रिहाई की आस भी जगी है लेकिन दुनिया में तीसरे मोर्चे पर एक नई जंग की आहट तेज हो गई है।



दरअसल, सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि भारत के पड़ोसी देश चीन ने ताइवान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यांग्त्जी नदी के मुहाने पर बड़ी संख्या में युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। न्यूज वीक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां चीनी युद्धपोतों और पनडुब्बियों की तैनाती की यह एक दुर्लभ घटना है। इससे चीन और ताइवान के बीच जंग की आहट तेज हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दोनों सेनाओं के बीच तनाव का उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में चीनी युद्धपोतों की तैनाती ताइवान पर हमले का संकेत हो सकता है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी ने अपनी सैन्य शक्ति का लगातार इजाफा किया है। युद्धपोतों और पनडुब्बियों की संख्या के हिसाब से चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, जिसके पास 370 से ज़्यादा युद्धपोत और पनडुब्बियाँ हैं। इनमें लैंडिंग डॉक जहाज, हेलीकॉप्टर वाहक और विशेष लैंडिंग बार्ज शामिल हैं। बार्ज के बारे में विश्लेषकों का कहना है कि ये ताइवान जलडमरूमध्य और समंदर पार कर ताइवान पर हमले कर सकते हैं। 6 अक्टूबर, 2025 को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में शंघाई के यांग्त्ज़ी नदी मुहाने में कई उभयचर जहाज़ खड़े दिखाई दे रहे हैं। यह मुहाना प्रमुख समुद्री रसद केंद्र है। ओपन-सोर्स रक्षा विश्लेषक एमटी एंडरसन ने सैटेलाइट इमेजरी में टाइप 071 युझाओ-क्लास लैंडिंग प्लेटफ़ॉर्म डॉक की पहचान की है। यह 25,000 टन का एक ट्रांसपोर्टेशन शिप है जो किसी उभयचर हमले के दौरान लैंडिंग क्राफ्ट, बख्तरबंद वाहनों और सैकड़ों सैनिकों को विवादित तट तक ले जाने में सक्षम है।बता दें कि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग करने की बात कह चुका है। हाल के दिनों में चीनी सेना ने बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास और समंदर पार कर लगभग हर दिन ताइवान पर सैन्य विमानों की उड़ानें संचालित कर ताइवान पर हमलों का दबाव बढ़ा दिया है। ताइपे और वाशिंगटन चीन के इस कदम को अस्थिरता पैदा करने वाला कदम बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत प्लांट क्षेत्र में किया गया पौधारोपण

**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटे निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और यहां के असैनिक विभाग , पर्यावरण प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पावर प्लांट क्षेत्र में आज पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान श्री विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक परिचालन और अनुरक्षण श्री अविजीत घोष, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री डीसी पांडेय सहित दर्जनों डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों से अपील किया कि वे अपने गांव घर में भी एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं ।अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को उठाना चाहिए। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक राजीव कुमार, राजीव रंजन, राजीव रंजन ओझा, रंजीत कुमार चौबे, वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार , कंचन स्मिता टोप्पो, प्रबंधक राजीव कुमार, गुलाम मोहिउद्दीन , अक्षय कुमार आदि ने भी पौधारोपण किया।





### स्कूली वाहनों का डेढ़ लाख से ज्यादा का कटा चालान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आज जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में बैंक मोड़ स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, झरिया के कतरास मोड़ स्थित इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग तथा झरिया किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल में स्कूली वाहनों की जांच की गई। इस दौरान लगभग 30 वाहनों की जांच की गयी। इसमें वाहनों के कागजात सही नहीं पाए जाने पर मोटर यान अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 21 वाहनों पर 1 लाख 66 हजार 400 रुपए का चालान किया गया। स्कूली वाहनों की सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार जांच की गई।



### परीक्षा फर्जीवाड़ा में परीक्षा केंद्र संचालक गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित इन्फिनिटी डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र में हुए एसएससी सीजीएल परीक्षा फजीर्वाड़ा मामले में पुलिस ने एक और खुलासा किया है। पुलिस ने परीक्षा केंद्र के संचालक मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में उसने फजीर्वाड़े में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दरअसल, बीते दिनों एसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान फजीर्वाड़ा करते पुलिस ने रंगे हाथ बिहार पटना के रहने वाले एक अभ्यर्थी को पकड़ा था। दरअसल उस अभ्यर्थी की परीक्षा उसका कम्प्यूटर हैक कर रिमोटली कोई और दे रहा था। वहीं, तकनीकी जांच में यब खुलासा हुआ है कि यह पूरा खेल योजनाबद्ध तरीके से परीक्षा केंद्र के अंदर से ही संचालित किया जा रहा था। डीएसपी वन शंकर कामती ने गुरुवार को बताया कि कुसुम विहार निवासी संचालक मृत्युंजय कुमार को कल रात हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपना जुर्म स्वीकार किया है। डीएसपी ने बताया कि इस फजीर्वाड़े में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जो साइबर माध्यम से इस तरह की अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।



### सांसद आपके साथ' कार्यक्रम, सांसद ढुल्लू महतो ने सुनी जनता की समस्याएं

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने गुरुवार को जगजीवन नगर में जनता की आवाज सांसद आपके साथ कार्यक्रम के तहत जनता से सीधा संवाद किया। यह जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरूआत सु 11 बजे से की गई , जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना, सुझावों को समझना और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज ही उनकी ताकत है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, आवास और रोजगार से जुड़ी कई समस्याएं सांसद के सामने रखीं। सांसद ने मौके पर ही कई मुद्दों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि शेष मामलों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने कहा कि ऐसे जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से वे जनता से जुड़कर धनबाद के समग्र विकास की दिशा में काम करते रहेंगे।




### गया पुल निर्माण में देरी को ले डीआरएम से मिले विधायक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद स्थित गया पुल निर्माण में देरी और बरमसिया रेल ब्रिज मरम्मती कार्य में हो रही देरी को लेकर गुरुवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद डीआरएम से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत हुए। वहीं, मुलाकात के बाद विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बरमसिया रेलवे ब्रिज मरम्मती को लेकर आरसीडी के द्वारा 01 करोड़ 43 लाख का बजट पास किया गया है। जिसमें 40 लाख का भुगतान भी दो दिन पुर्व किया जा चुका है। लेकिन लगातार हो रही बारिश की वजह से काम नहीं शुरू नही हो पा रहा है। अब छठ पुजा के बाद कार्य शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, गया पुल निर्माण पर विधायक ने बतलाया की निर्माण कार्य के लिए अधिकृत शीला कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा रेलवे को अभी तक डिजाईन प्रींट नहीं मुहैया करवाई गयी है। जबकि रेलवे के द्वारा काम करने की अनुमती प्रदान की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में रेलवे ने अपनी ओर से कंपनी को पत्राचार भी किया है।



# शैक्षणिक संस्थान स्वयं प्रमाण दें कि उनका स्कूल तम्बाकू मुक्त है : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाने व युवाओं को तम्बाकू के लत से दूर करने हेतु जिले में " तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 " कार्यक्रम का आयोजित किया गया। उक्त अभियान के मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एन.पी सिंह, नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह, भीवीडी पदाधिकारी डॉ रेनू भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने तंबाकू स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए खतरा है। युवाओं को चाहिए कि वे इस बुरी लत से खुद को और अपने साथियों को दूर रखें। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर हम आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा।




**अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक निरंतर सामाजिक आंदोलन है। हमें हर स्तर पर तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करना होगा। इसके लिए उन्होंने सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं ताकि बोकारो जिला राज्य का पहला 'तंबाकू मुक्त जिला' बन सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने सम्बोधन में कहा कि तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 में विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जाएगा, जिसमें 400 स्कूलों सहित जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों तथा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है, जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान स्व-प्रमाण दें कि उनका विद्यालय तम्बाकू मुक्त है। इसके अलावे जिले के 30 पंचायत को भी तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है। साथ ही उन्होंने तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता हेतु सभी प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने आगे कहा कि जिले के एक एक कार्यालय भी तम्बाकू मुक्त हों इसके लिए स्वयं प्रमाण पत्र कार्यालय प्रधान दें और इसका अनुपालन अक्षरशः करें और इसका नींव ऐसा रखें, जिससे आगे एक स्वस्थ्य और स्वच्छ समाज का निर्माण हो। वहीं कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि यह अभियान आज 09 अक्टूबर 2025 से 07 दिसम्बर 2025 तक 60 दिनों के लिए चलाया जाएगा। इन 60 दिनों में तम्बाकू के दुष्प्रभाव से युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जायेंगी जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड नाटक, होर्डिंग, रैली, स्कूलों मे शपथ कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ विभिन्न स्तर पर छापामारी अभियान का भी संचालन किया जाएगा।

## गीता पाठ प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिन्मय मिशन द्वारा आयोजित गीता पाठ प्रतियोगिता में विद्या मंदिर 3सी, बोकारो के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। ग्रुप 'एफ' श्रेणी में आयोजित बोकारो सिटी स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की बहन सुष्मिता (कक्षा दशम) ने प्रथम स्थान तथा श्री (कक्षा एकादश) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राँची में आयोजित है , जिसमें दोनों प्रतिभागी बहनें बोकारो सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। चिन्मय मिशन ने विद्या मंदिर 3सी, बोकारो को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में सम्मानित किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप प्रमाणपत्र, पदक और नकद राशि प्रदान की गई - जिसमें प्रथम स्थान हेतु ₹500 तथा तृतीय स्थान हेतु 300 रुपए की राशि दी गई।



**गीता का महत्त्वः**

भगवद् गीता भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जीवन में कर्तव्य, सत्य, निष्ठा और आत्मसंयम का संदेश देती है। गीता के श्लोक मनुष्य को हर परिस्थिति में शांत, संतुलित और दृढ़ बने रहने की प्रेरणा देते हैं। विद्यार्थियों में इस प्रतियोगिता के माध्यम से नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिकता तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना का विकास होता है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर दोनों छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सिद्धकोफेड द्वारा बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के सशक्तिकरण हेतु कार्यशाला**

## सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिद्धकोफेड के द्वारा बहुउद्देशीय सहकारी समितियो के सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी ऋतुराज प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, डीडीएम नाबार्ड फिलोमन बिलुंग, सिद्धकोफेड के प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, विभिन्न प्रखंडों की बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी समितियां से अपील की कि वह राज्य एवं केंद्र सरकार की सहकारी योजनाओं का लाभ लें और अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार करें। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सहकारी समितियां आत्मनिर्भर और सशक्त बना सके। वहीं सिद्धकोफेड के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में सहकारी समितियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, ऋण सुविधा, विपणन, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सफल सहकारी समितियों के उदाहरण प्रस्तुत कर अन्य समितियों को प्रेरित किया गया।




**सहकारी समितियाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं**

कार्यशाला में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सहकारी समितियाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं और इनके सशक्त होने से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक प्रगति होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने समितियों के पारदर्शी संचालन, लेखा-जोखा के डिजिटलीकरण एवं सदस्य जागरूकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने सिद्धकोफेड समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और परामर्श उपलब्ध कराए, जिससे समितियाँ अधिक कुशल एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

**ग्रामीणों को उचित मूल्य मिल सके**

सिद्धकोफेड के प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता ने कहा कि बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ किसानों, ग्रामीण कारीगरों एवं स्वय्सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सहकारी योजनाओं से समितियों को जोड़ने से उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समितियों को ऋण सुविधा, कृषि उत्पादों के विपणन, भंडारण एवं प्रसंस्करण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि ग्रामीणों को उचित मूल्य मिल सके। कार्यशाला के दौरान विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा वित्तीय प्रबंधन, सदस्य सहभागिता, लेखा प्रणाली, प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन संबोधन जिला सहकारिता पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

## एफसीआई गोदाम लोडिंग पॉइंट पर चली गोली एक व्यक्ति घायल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम लोडिंग पॉइंट पर गुरुवार को किराया बढ़ाने को लेकर चल रहे विवाद के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में ट्रक चालक श्रवण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहां पर 10 से 15 राउंड गोलियां चलीं , घायल श्रवण यादव के भाई सत्येंद्र यादव ने बताया कि ट्रक चालक और खलासी ठेकेदारों से किराया बढ़ाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। तभी ठेकेदार संजय सिंह के बेटे कुणाल सिंह अपने समर्थकों के साथ लोडिंग पॉइंट पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। करीब 10 से 15 राउंड गोलियां चलीं, जिसमें श्रवण यादव के पैर और हथेली में चोट लगी। घटना स्थल पर 12 जिंदा कारतूस बरामद हुआं। धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्टल, दो मैगजीन और लगभग 12 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही, एक वाहन भी जप्त किया गया है। बैंक मोर थाना और धनसार थाना और आरपीएफ की पुलिस दलबल के साथ जांच में जुटी हुई है। प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच अभी चल रही है और पूरी तरह जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी साझा की जाएगी। घटना से क्षेत्र में तनाव फैल गया है और पुलिस ने आसपास के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।



## एसएसपी ने किया महुदा चेक पोस्ट का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गुरुवार को महुदा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटर डिस्ट्रिक्ट महुदा चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस बल से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और मौके पर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण महुदा चेक पोस्ट पर सतर्कता और निगरानी को और अधिक सख्त किया जाए। उन्होंने बेरिकेड की संख्या बढ़ाने, चेक पोस्ट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने महुदा थाना का भी भ्रमण किया। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की। साथ ही लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने और जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से रात्रि गश्त को बढ़ाने और त्योहारों के मद्देनजर हर स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया।



## बीएसएल द्वारा इस्पात भवन में कवि सम्मलेन का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्पात भवन में आज दिनाँक 9 अक्टूबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) श्री सी.आर.के. सुधांशु के साथ संपर्क एवं प्रशासन विभाग के उप महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार, वरीय प्रबंधक श्रीमती विभा रानी, सहायक प्रबंधक श्री मानस चंद्र रजवार सहित वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. इस अवसर पर स्थानीय प्रतिष्ठित कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिन्दी भाषा की समृद्धि और साहित्य की विविधता को सशक्त रूप से दशार्या.कवि सम्मेलन में श्री सुख नंदन सिंह 'सदय', श्री भुट्कुन झा, श्री विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', श्री अरुण पाठक, डॉ आशा पुष्प, श्रीमती महाश्वेता, श्रीमती शैलजा झा, श्रीमती दीप्ति निशंक, श्रीमती नीलम झा, श्रीमती रिंकू गिरि तथा डॉ रणजीत कुमार झा ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर किया. उनकी रचनाओं ने राजभाषा हिन्दी की अभिव्यक्ति और साहित्यिक गरिमा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं. मंच सञ्चालन श्री अरुण पाठक एवं कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) श्री आलोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक श्री मानस चंद्र रजवार (संपर्क एवं प्रशासन) ने किया.






**'एक नए सफर की शुरुआत' कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 24 कर्मियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से दिनांक 09 अक्टूबर को मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में ह्लएक नए सफर की शुरूआतह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन झ्र अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नई मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग के कनीय प्रबंधक श्री प्रणव कुमार बिद्रोही ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में जानकारी साझा की। डॉ. जया लक्ष्मी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) ने इस्पात कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वास्थ्य प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में बताया। एक्सिस बैंक लिमिटेड, बोकारो क्लस्टर कार्यालय के वाइस प्रेसिडेंट श्री सतीश कुमार एवं श्री मुकेश कुमार सहित उनकी टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश के विकल्पों एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त, श्री प्रेम लाल महतो, सहायक शाखा प्रबंधक (कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने एन.पी.एस. एग्जिट प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की। सुश्री अनीता झा (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

# ललपनिया में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में शिकायतों का त्वरित समाधान

**खतरू सोरेन का 48 घंटें के अंदर बनाएं दिव्यांगता प्रमाण पत्र, 12 घंटे में स्वीकृत करें दिव्यांग पेंशन**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने निर्देश दिया कि दिव्यांग खतरू सोरेन का दिव्यांगता प्रमाण पत्र 48 घंटों के भीतर तैयार किया जाए तथा उसके बाद 12 घंटों के अंदर दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। जरूरत हो तो उन्हें ट्राई साइकिल भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने अंचलाधिकारी गोमिया को स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग से समन्वय कर इसे सुनिश्चित करने को कहा। स्पष्ट रूप से कहा कि संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य होगी। वह गुरुवार को ललपनिया पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित विशेष राजस्व शिविर सह जनता दरबार में आम जनों को संबोधित कर रहे थे। जानकारी हो कि, जनता दरबार में उपस्थित दिव्यांग खतरू सोरेन ने उपायुक्त के समक्ष दिव्यांग पेंशन नहीं प्राप्त होने की बात रखी थी।







**पदाधिकारी आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें**

उपायुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता और सहानुभूति के साथ सुनें। यदि किसी मामले के निष्पादन में तकनीकी या प्रशासनिक अड़चन हो, तो लाभुकों को सही जानकारी दी जाए और यह बताया जाए कि कार्य निष्पादन में कितना समय लगेगा।

**जनता की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध**

उपायुक्त ने कहा कि आम जन अपनी दिक्कतों से समझौता नहीं करें। जिला प्रशासन उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। इसी क्रम में राजस्व संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए 06 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जिले के सभी अंचलों में हल्का स्तर पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, सप्ताह में दो बार प्रखंड सह अंचल स्तर पर संबंधित बीडीओ-सीओ द्वारा जनता दरबार का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को उनके अधिकार समय पर प्राप्त हों।

**आन स्पॉट दाखिलझ्रखारिज, पेंशन स्वीकृति और लाभ वितरण**

शिविर में दाखिलझ्रखारिज से संबंधित कई मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ के द्वारा लाभुक सचिन कुमार एवं सुशीला देवी के बीच रसीद का वितरण किया गया। साथ ही, सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत पात्र लाभुकहोकिम मांझी व ताला देवी के आवेदनों को स्वीकृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने नन्हीं बच्ची मान्या कुमारी का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया, जो एक सांकेतिक पहल थी कि प्रशासन समाज के हर वर्ग के साथ जुड़ा हुआ है।

**आदिवासी समाज का विकास - जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो, आगे की योजना आदि के संबंध में क्रमवार जानकारी दी। कहा कि जिला प्रशासन जनता से सीधे संवाद करने, समयबद्ध - पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर कार्यरत है। शिविर में बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे और अपनी समस्याओं को रखा। अधिकारियों द्वारा क्रमवार कई मामलों का स्थल पर ही निष्पादन किया गया। यहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर का संचालन गोमिया सीओ मो. अफताब एवं बीडीओ श्री महादेव महतो द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com